देवीपाटन मण्डल का प्रथम हिन्दी दैनिक

# त्रिगुट

गोण्डा गुरुवार 21 सितम्बर 2023 वर्ष 39 अंक 35 रजि0 नं0 46071/85 (हिन्दी दैनिक समाचार पत्र) फोन/फैक्स–05262-230683 डाक पंजीयन संख्या–NP/GONDA–30/2003 पृष्ठ– 8 मूल्य 2.00 रुपये

## दिल्ली हाईकोर्ट ने अनिल कपूर के नाम आवाज और तस्वीर के इस्तेमाल पर लगाई रोक

नई दिल्ली ( ईएमएस )। सोशल मीडिया प्लेटफार्म व वेबसाइटों पर नाम, आवाज और छवि के उपयोग के विरुद्ध दायर वाद पर दिल्ली हाईकोर्ट ने फिल्म अभिनेता अनिल कपूर को बड़ी राहत दी है। न्यायमूर्ति प्रतिबा एम सिंह की पीठ ने कहा कि किसी व्यक्ति के नाम, आवाज, छवि या संवाद का अवैध तरीके से उपयोग करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। मशहूर हस्तियों के समर्थन का अधिकार वास्तव में आजीविका का एक प्रमुख स्त्रोत हो सकता है और इसे अवैध व्यापार की अनुमति देकर नष्ट नहीं किया जा सकता है। अदालत ने कहा कि अब उपलब्ध उपकरण लोगों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करके वादी के व्यक्तित्व का उपयोग करने की अनुमति देते हैं। सेलिब्रिटी को निजता का अधिकार भी प्राप्त है। अन्य अज्ञात व्यक्तियों को भी वीडियो वायरल करने पर रोक लगाते हुए अदालत ने सभी लिंक तुरंत हटाने का दूर संचार विभाग और केंद्र सरकार को निद्रेश दिया।






## कनाडा संकट पर बैठकों का दौर जारी, पीएम मोदी से मिले जयशंकर

**० केंद्रीय मंत्री शाह से मिलने पहुंचे एनएसए डोभाल**



नई दिल्ली ( ईएमएस )। कनाडा के गंभीर आरोप के बाद बुधवार को दिल्ली में ताबड़तोड़ मुलाकातों का दौर जारी हैं। इस बीच, सुबह विदेश मंत्री एस. जयशंकर और पीएम नरेंद्र मोदी के बीच संसद भवन में बातचीत हुई है। सूत्रों के हवाले से बताया जा रहा है कि दोनों के बीच कनाडा से बढ़े तनाव पर बातचीत हुई है। मामले में भारत सरकार का अगला कदम क्या होगा, इस पर भी चर्चा हुई है।

दरअसल, कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने अपनी संसद में खुलेआम आरोप लगाया है कि वहां खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार के एजेंट्स का हाथ है। भारत ने इस पर नाराजगी जताकर कड़ी प्रतिक्रिया देकर जैसे को तैसा वाला ऐक्शन लेकर कनाडा के भी एक राजनयिक को देश से बाहर कर दिया। बुधवार को दूसरी बड़ी बैठक गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के बीच हुई है। खास बात यह है कि इसमें भी खालिस्तानी घटना पर ही बात हुई।

कनाडा ने अपने लोगों के लिए एडवाइजरी भी जारी की है। वहां सिखों की अच्छी खासी तादाद हैं। वे करीब 9 लाख की संख्या में हैं। पंजाब के लोग वहां नौकरी करने जाते हैं। कनाडा की सरकार में भी सिखों का अच्छा-खासा प्रभाव है लेकिन हाल के समय में खालिस्तानी तत्वों की सक्रियता काफी बढ़ी है।

चिंता की बात है कि भारत सरकार के लगातार आग्रह के बावजूद कनाडा सरकार खालिस्तानियों को संरक्षण दे रही है और भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल लोगों पर आंखें मूंदें बैठी है। बुधवार संसद परिसर में शाह के ऑफिस में एनएसए डोभाल के पहुंचने से कई तरह की अटकलें लगाई जाने लगीं। टीवी रिपोर्टों में बताया जा रहा है कि आंतरिक सुरक्षा के मुद्दों पर दोनों के बीच बातचीत हुई है। हाल में कश्मीर के अनंतनाग में हुए एनकाउंटर में खालिस्तानी कनेक्शन पता चला है। एनआईए जांच कर रही है। इसके बाद गृह मंत्री के ऑफिस में आज इसी मुद्दे पर बात हो सकती है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार कश्मीर के मुद्दे पर काफी सक्रिय रहते हैं। इसके बाद सरकार की तरफ से किसी बड़े फैसले पर भी बात हो सकती है।

दोनों मुलाकातें इसलिए भी अहम हो जाती हैं, क्योंकि कनाडा भी दूसरा पाकिस्तान बनता दिख रहा है।

## हिंदुओं को कनाडा से भारत भेजने वाले खालिस्तानी पन्नू की धमकी पर जस्टिन ट्रूडो ने साधी चुप्पी

ओटावा ( ईएमएस )। खालिस्तान आंदोलन को आगे बढ़ाने वाले गुरवंत सिंह पन्नू ने कनाडा में रहने वाले हिंदुओं को धमकाया है। पन-?नू ने साफ कहा है कि भारतीय-कनाडाई हिंदुओं को कनाडा छोड़कर चले जाने में ही भलाई है।

इधर पन्नू की धमकियों के बावजूद कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो चुपचाप बैठे हुए हैं। बता दें कि भारत और कनाडा के बीच खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर तनातनी जारी है। हाल ही में पन्नू का एक वीडियो सामने आया है जिसमें उसे भारत को धमकाते हुए देखा जा सकता है। इसके साथ ही उसने 29 अक्टूबर के वैंकुवर में जनमत संग्रह के लिए कनाडा में बसे सिखों से वोटिंग करने के लिए कहा है। पन्नू का वीडियो सुनकर सन् 1990 के दशक में कश्मीरी पंडितों के साथ जो गुजरा था, वो वाकया याद आ जाएगा। गौरतलब है कि पन्नू को भारत ने आतंकी घोषित किया हुआ है। पन्नू यह को कहते हुए सुना जा सकता है, भारतीय-हिंदुओं ने कनाडा के संविधान का अपमान किया है। इसलिए कनाडा को छोड़ दो, भारत चले जाओ। खालिस्तान समर्थक सिख हमेशा कनाडा के प्रति वफादार रहे हैं और उन्होंने हमेशा कनाडा का पक्ष लिया है। उन्होंने कनाडा के संविधान और कानून का सम्मान किया है। यहां गौरतलब है कि भारत ने एसएफजे को साल 2019 में बैन कर दिया था। वीडियो में पन्नू कहता है, अक्टूबर 29 को किल इंडिया कैंपेन में हिस्सा लेने के लिए सभी सिखों को वैंकुवर में रहने की अपील करता हूं। वह वोट करें कि भारत के उच्चायुक्त संजय वर्मा हरदीप सिंह निज्जर के लिए जिम्मेदार हैंवीडियो के बाद हिंदू मूल की कनाडा की मंत्री अनीता आनंद ने शांति की अपील की है। एक पोस्ट में एक्स पर,आनंद ने कहा कि दक्षिण एशियाई और भारत से आने वाले परिवार, धर्म की परवाह किए बिना, इस भावना को साझा करेंगे कि ट्रूडो के बयान को सुनना मुश्किल था। उन्होंने कहा, यह कानूनी प्रक्रिया को जारी रखने का समय है सभी शांत, एकजुट और सहानुभूतिशील रहें। बता दें कि पन्नू का यह वीडियो तब आया है जब कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने निज्जर की हत्या के लिए भारत सरकार के एजेंट्स को जिम्मेदार ठहराया है।

## डीएम नेहा शर्मा एक्शन में, ग्राम चौपालों में प्राप्त जन शिकायतों पर मांगी कार्यवाही रिपोर्ट

**जन शिकायतों के निस्तारण में नहीं चलेगी अधिकारियों की लापरवाही**

निज संवाददाता

गोण्डा। जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा जन शिकायतों के निस्तारण को लेकर सख्त हो चली हैं। इनमें किसी भी प्रकार की लापरवाही अधिकारियों को भारी पड़ सकती है। जिलाधिकारी ने ग्राम चौपाल में प्राप्त जन शिकायतों के निस्तारण के संबंध में विभागों से आख्या मांगी है। तीन दिन का समय दिया गया है। जिलाधिकारी ने जन शिकायतों पर प्रमुखता से कार्रवाई का निर्देश दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि जनशिकायतों पर चलताऊ टिप्पणी या रिपोर्ट मंगाने की प्रवृत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी। साथ ही, शिकायतकर्ताओं का पूरा विवरण भी दर्ज किया जाए, जिससे जरूरत पड़ने पर उनका फीडबैक लिया जा सके।




जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बीती 12 जून को गोण्डा जिले की कमान संभाली थी। उनके द्वारा 20 जून को ग्राम चौपाल की शुरुआत की गई। अगस्त तक सभी 16 विकासखण्डों के 96 ग्रामों में ग्राम चौपाल आयोजित की गई। प्रत्येक सप्ताह मंगलवार और शुक्रवार को चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने स्वयं ग्रामों में पहुंचकर शिकायतों की सुनवाई की और संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए। जिलाधिकारी तक अपनी बात पहुंचाने के लिए जनपद के दूर-दराज के इलाकों से कलेक्ट्रेट तक आने वाले ग्रामीणों को इन ग्राम चौपाल से काफी राहत मिली। गांव की समस्या का समाधान गांव में ही सुनिश्चित किया गया।

## चंद्रयान के बाद गगनयान की तैयारी पर जयराम रमेश ने ली चुटकी

नई दिल्ली ( ईएमएस )। राज्यसभा में पीयूष गोयल ने बुधवार को भारत के गगनयान मिशन की चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि चंद्रयान मिशन के बाद अब भारत गगनयान मिशन की तैयारी कर रहा है। वहीं कांग्रेस के राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने इस पर चुटकी लेते हुए सरकार पर कटाक्ष ?किया। राज्यसभा में पीयूष गोयल ने बताया कि गगनयान मिशन आने वाले वर्ष 2024 के लिए प्लान किया गया है। पीयूष गोयल ने इस दौरान राज्यसभा में चंद्रयान-3, आदित्य एल 1 मिशन, स्पेस मिशन में इस्तेमाल हो रही स्वदेशी तकनीक और इसरो के वैज्ञानिकों एवं कार्यकलापों का जिक्र किया। इस पर जवाब देते हुए कांग्रेस की ओर जयराम रमेश ने सर्वप्रथम इसरो के वैज्ञानिकों को चंद्रयान-3 की सॉफ्ट लैंडिंग के लिए बधाई दी। इसके साथ ही उन्होंने कहा चुटकी लेतें हुए कहा कि सरकार द्वारा ऐसा प्रचारित किया जा रहा है कि मानो यह उपलब्धियां केवल 2014 के बाद शुरू हुई है और इसके सूत्रधार केवल प्रधानमंत्री मोदी हैं। राज्यसभा में जयराम रमेश ने पंडित जवाहरलाल नेहरू व इंदिरा गांधी के विक्रम साराभाई के साथ सहयोग की बात कही। देश की आजादी के बाद किए गए स्पेस रिसर्च कार्यक्रमों का जिक्र किया। उन्होंने 1963 में किए गए पहले परीक्षण का भी उल्लेख किया। जयराम ने बताया कि पूर्व की सरकारें पूरी तरह इसरो और वैज्ञानिकों के साथ खड़ी रही हैं। इससे पहले नेता सदन पीयूष गोयल ने राज्यसभा में बोलते हुए कहा कि यह नया उत्साहित भारत है। गोयल ने कहा कि चंद्रयान-3 के बाद अब गगनयान मिशन उसको भी हम सफल बनाएंगे। उसके लिए भी हम सबको इसरो को शुभकामनाएं देनी चाहिए। हम सब मिलकर एक संदेश दें कि आगे आने वाले गगनयान के लिए भी इसरो सफल हो। पीयूष गोयल ने कहा कि स्पेस से जुड़ी रिसर्च भारत को काफी आगे लेकर जाएगी। स्पेस से जो आप सीखेंगे, चंद्रयान-3 की जो उपलब्धियां होगी, उससे आगे चलकर भारत का डाटा स्ट्रक्चर डेवलप होगा। पीयूष गोयल ने इस दौरान भारत के आदित्य मिशन की भी चर्चा की। आदित्य मिशन एल 1, जो सूरज और भारत के बीच लगभग 15 लाख किलोमीटर की दूरी पर जाकर स्टेशन होगा, वहां से सूरज और सूर्य की किरणों की ताकत को स्टडी करेगा।

## महिलाओं को नया बिजली कनेक्शन लेने पर मिले 15 फीसदी छूट

लखनऊ । राज्य उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि अभी तक किसी भी राज्य में महिलाओं को छूट देने का प्रावधान नहीं है। उत्तर प्रदेश इस दिशा में नई पहल शुरू करेगा। राज्य उपभोक्ता परिषद ने नई कॉस्ट डाटा बुक में नए विद्युत कनेक्शन लेने वाली महिलाओं को 15 फीसदी की छूट देने की मांग की है। परिषद इस मामले में जल्द ही विद्युत नियामक आयोग में प्रस्ताव दाखिल करेगा। सप्लाई कोड रिव्यू पैनल की बैठक में भी इस मामले को रखा जाएगा। राज्य उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि अभी तक किसी भी राज्य में महिलाओं को छूट देने का प्रावधान नहीं है। उत्तर प्रदेश इस दिशा में नई पहल शुरू करेगा। नई व्यवस्था से उत्तर प्रदेश पहला राज्य बनेगा, जहां महिलाओं के नाम बिजली कनेक्शन लेने पर छूट मिलेगी। मालूम हो कि उत्तर प्रदेश में विद्युत नियामक आयोग नई कॉस्ट डाटा बुक पर मंथन कर रहा है। पावर कॉरपोरेशन की ओर से आयोग में एक प्रस्ताव दाखिल किया जा चुका है, जिसमें जल्द ही इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई रिव्यू पैनल की बैठक होगी।

## 21 लाख दीये प्रज्जवलित कर नया कीर्तिमान स्थापित किया जायेगा

**अयोध्या दीपोत्सव 2023**

डा0 नरेन्द्र बहादुर सिंह




अयोध्या। आगामी प्रान्तीयकृत दीपोत्सव मेला 2023 को भव्य एवं दिव्य रूप से सकुशल आयोजित किये जाने हेतु जिलाधिकारी श्री नितीश कुमार के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अनिता यादव की अध्यक्षता में निदेशक पर्यटन/नोडल अधिकारी दीपोत्सव 2023 श्री प्रखर मिश्रा व अपर जिलाधिकारी नगर/मेलाधिकारी श्री सलिल कुमार पटेल की उपस्थिति में जिलाधिकारी के आवासीय सभागार में सम्बंधित विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर ने दीपोत्सव 2023 का तिथिवार विवरण की जानकारी देते हुये कहा कि दिनांक 9 नवम्बर 2023 को गोवस्त द्वादशी, 10 नवम्बर को धन त्रयोदशी, 11 नवम्बर को नरक चतुर्दशी/छोटी दीपावली ( दीपोत्सव ) तथा 12 अक्टूबर को दीपोत्सव का पर्व है। उन्होंने बताया कि इस दीपोत्सव पर 21 लाख दीयों को प्रज्जवलित कर नया कीर्तिमान स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसकी प्राप्ति हेतु 25 हजार वालंटियर लगाये जायेंगे। बैठक में दीपोत्सव के अवसर पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों से सम्बंधित विभागों यथा-संस्कृति, सूचना, पर्यटन, नगर निगम, परिवहन, उद्यान, विद्युत, सिंचाई, लोक निर्माण विभाग, चिकित्सा आदि के अधिकारियों द्वारा एक-एक करके अपने-अपने विभाग से सम्बंधित कार्यो एवं दायित्वों से सम्बंधित तैयारियों का विवरण प्रस्तुत किया गया। बैठक में सभी सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को आपेक्षित कार्यो को एक सप्ताह के भीतर सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुये दीपोत्सव की तैयारियों करने के निर्देश दिये। बैठक में दीपोत्सव 2023 के अवसर पर पूर्व की भांति अयोध्या के प्रमुख धार्मिक स्थलों एवं अन्य मुख्य स्थलों पर दीप प्रज्जवलन किये जाने के सम्बंध में व आगामी चैदह कोसी एवं पंचकोसी परिक्रमा एवं कार्तिक पूर्णिमा मेला को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के सम्बंध में चर्चा की गयी। इस दौरान अपर जिलाधिकारी/मेलाधिकारी ने बताया कि चैदह कोसी परिक्रमा/अक्षय नवमी दिनांक 20 नवम्बर को प्रातः 02:09 बजे से प्रारम्भ होकर दिनांक 21 नवम्बर 2023 को रात्रि 11:38 बजे पर समाप्ति होगा तथा पंचकोसी परिक्रमा दिनांक 22 नवम्बर 2023 को रात्रि 09:25 बजे से प्रारम्भ होकर दिनांक 23 नवम्बर 2023 को सायं 07:21 बजे तक समाप्ति होगा तथा कार्तिक पूर्णिमा स्नान दिनांक 26 नवम्बर 2023 को दोपहर 03:11 बजे से प्रारम्भ होकर 27 नवम्बर 2023 दोपहर 02:36 बजे पर समाप्ति होगा। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि परिक्रमा/कार्तिक पूर्णिमा मेला से सम्बंधित तैयारियों को भी सम्बंधित विभाग समय से पूर्ण कर लें। बैठक में उपस्थित एसपी सिटी श्री मधुबन कुमार सिंह ने आगामी दीपोत्सव, परिक्रमा व कार्तिक पूर्णिमा मेला के दौरान पुलिस विभाग द्वारा श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम यातायात आदि के सम्बंध में पुलिस विभाग द्वारा की जा रही तैयारियों के सम्बंध में जानकारी दी। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 संजय जैन, उपनिदेशक सूचना डा0 मुरलीधर सिंह, उपनिदेशक पर्यटन, एसपी सिटी, डीपीआरओ, संस्कृति, नगर निगम, परिवहन, उद्यान, विद्युत, सिंचाई, लोक निर्माण विभाग आदि सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।




# संक्षिप्त समाचार

## असमंजस रहे सीवर लाइन डालने को सड़क बंद करने को अधिकारी

सहारनपुर। कलेक्ट्रेट से हकीकतनगर रामलीला मैदान तक सीवर लाइन डालने को लेकर सोमवार को सड़क को बंद किया जाना था, लेकिन सोमवार को सड़क खुली रही। इसको लेकर अधिकारी असमंजस में रहे। वहीं, एसपी ट्रैफिक का कहना है कि रात को सड़क को बंद कर दिया जाएगा। दरअसल, महानगर में स्मार्ट सिटी के तहत सीवर लाइन डालने का कार्य चल रहा है। इसी के तहत 17 सितंबर से 18 अक्तूबर तक एक माह के लिए कलेक्ट्रेट से लेकर हकीकतनगर रामलीला मैदान तक सड़क को बंद किया जाना है, जिसके लिए सोमवार को कार्य शुरू होना था और सड़क को बंद किया जाना था, लेकिन सोमवार को सड़क को बंद नहीं की गई। वहीं, एसपी ट्रैफिक सिद्धार्थ वर्मा का कहना है कि स्मार्ट सिटी के कार्यदायी संस्था के अधिकारियों से वार्ता हो गई है। आधी रात में 12 बजे सड़क को बंद कर दिया जाएगा। इसके साथ ही वैक्लिपक मार्ग से ही यातायात का संचालन होगा।

## कम वसूली को लेकर डीएम ने तहसीलदारों को जारी किए कारण बताओ नोटिस

संभल। जिले में अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लगाई जाए। यह बात डीएम मनीष बंसल ने कही। वह कलक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ कर-करेत्तर की समीक्षा बैठक कर रहे थे। सोमवार शाम हुई बैठक में डीएम ने खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों से कहा कि ढाबों समेत सभी रेस्टोरेंट व रेहड़ी-पटरियों पर खाने का सामान बेचने वालों से स्पष्ट कर दिया जाए कि कोई भी खाद्य वस्तु बनाते व बेचते समय साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। फूड लाइसेंस धारियों की सूची जीएसटी विभाग को भेजी जाए। मिलावटी दूध व पनीर की बिक्री पर रोक लगाने के लिए अभियान चलाया जाए। ड्रग इंस्पेक्टर अपने-अपने क्षेत्र में मेडिकल स्टोर पर स्टॉक रजिस्टर चेक करें। आबकारी अधिकारी शराब की ओवर रेटिंग पर ध्यान देते हुए अभियान चलाकर कार्रवाई करें। राजस्वकर्मी आरसी की वसूली बढ़ाएं। बड़े बकायेदारों की भी जानकारी करें। विद्युत आरसी को लेकर भी गंभीरता दिखाई जाए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई संज्ञान में लाने के निर्देश दिए। विद्युत, बैंक व वाहन देय की कम वसूली को लेकर डीएम ने नाराजगी जाहिर करते हुए सभी तहसीलदारों को कारण बताओ नोटिस जारी करने को कहा।

## विभिन्न योजनाओं की प्रगति कम मिलने पर डीएम नाराज

मुरादाबाद। प्रधानमंत्री आवास योजना के लंबित आवेदनों की सही जानकारी न देने पर डीएम ने पीडी डीआरडीए से नाराजगी जाहिर की। मौका था कलक्ट्रेट सभागार में हुई मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के माध्यम से प्राप्त रिपोर्ट व विकास कार्यक्रमों की मासिक समीक्षा बैठक का। सोमवार शाम हुई बैठक में डीएम मनीष बंसल ने खादी ग्राम उद्योग की प्रगति की जानकारी लेते हुए दर्पण पोर्टल पर प्रगति अपलोड करने के लिए तकनीकी टीम की मदद लेने को कहा। वहीं स्वास्थ्य विभाग में समय से रिपोर्टिंग न करने पर भी नाराजगी जताई। पंचायती राज विभाग की समीक्षा करते हुए डीएम ने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से मिली प्रगति संतोषजनक न मिलने पर भी डीएम अफसरों से नाराज हुए। ऑपरेशन कायाकल्प की प्रगति व परिषदीय विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति कम होने पर भी डीएम ने नाराजगी जाहिर की। इस बीच डीएम को श्रम विभाग की प्रगति भी कम मिली। इस पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताई। सीडीओ कमलेश सचान, पीडी ज्ञान सिंह, डीडीओ राम आशीष, एलडीएम अमित कुमार बिश्नोई, डीएसटीओ रत्नेश कुमार, डीएसओ एसपी शाक्य आदि रहे।

## सेवानिवृत्त सिंचाई कर्मचारी को गोली मारने की घटना बनी पहेली

प्रतापगढ़। देल्हूपुर के दानपुर में सेवानिवृत्त सिंचाई कर्मचारी को गोली मारने की घटना 24 घंटे बाद भी अबूझ पहेली बनी है। तहरीर पर पुलिस अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन कर रही है दानपुर निवासी यमुना प्रसाद सोमवार की रात गाय का दूध निकाल रहे थे। तभी बाइक सवार दो बदमाशों ने उन्हें गोली मार दी थी। गोली लगने से घायल यमुना प्रसाद को उपचार के लिए पीएचसी मानधाता ले जाया गया था। गनीमत रही कि उन्हें छर्रे ही लगे थे। उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया था। यमुना पर हमला क्यों हुआ, हमलावर कौन थे, वह क्या चाहते थे समेत कई बिंदुओं का भुक्तभोगी और पुलिस के पास कोई जवाब नहीं है। लोगों का कहना है कि मौके पर यमुना सतर्क होकर बचाव नहीं करते तो गाय नहीं उन्हें ही गोली लगती। चूंकि वह गाय का दूध निकाल रहे थे, इससे हमलावरों को देख नहीं पाए। परिजन भी किसी जानकारी से इन्कार कर रहे हैं। रानीगंज सीओ विनय प्रभाकर साहनी ने बताया कि घटना की गहराई से छानबीन की जा रही है। गोली मारकर भागने वाले बदमाशों तक पहुंचने के लिए घटनास्थल के आसपास की सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है।

## मंडी परिषद में 2.44 करोड़ का गबन, दो अफसरों समेत चार नामजद

प्रयागराज। सहायक उपनिदेशक कुलभूषण वर्मा ने तहरीर देकर बताया है कि निदेशक, राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद की ओर से पत्र भेजकर बताया गया है कि निर्माण खंड मंडी परिषद प्रयागराज में दो करोड़ 44 लाख 37 हजार 327 रुपये का गबन किया गया। मुंडेरा स्थित मंडी परिषद के निर्माण खंड प्रयागराज में 2.44 करोड़ के गबन का मामला सामने आया है। राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद के आदेश पर सहायक उपनिदेशक की ओर से इस मामले में दो अफसरों समेत चार पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। सहायक उपनिदेशक कुलभूषण वर्मा ने तहरीर देकर बताया है कि निदेशक, राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद की ओर से पत्र भेजकर बताया गया है कि निर्माण खंड मंडी परिषद प्रयागराज में दो करोड़ 44 लाख 37 हजार 327 रुपये का गबन किया गया। विभागीय जांच में रवेंद्र सिंह, प्रभारी उपनिदेशक ( निर्माण ) मंडी परिषद प्रयागराज, संजीव कुमार गंगवार तत्कालीन लेखा एवं सम्परीक्षाधिकारी, मैकूलाल तत्कालीन लेखा एवं सम्परीक्षाधिकारी का उत्तरदायित्व निर्धारित किया गया है। साथ ही यह भी पाया गया कि निर्माण खंड प्रयागराज में 12 जुलाई 2022 तक कार्यरत रहे वरिष्ठ सहायक मंजीत सिंह, वर्तमान तैनाती निर्माण खंड झांसी ने गबन की रकम अपनी पत्नी व चार निकटतम संबंधियों के खाते में जमा कराई। धूमनगंज पुलिस ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

## कार में फंसा चौकीदार, 500 मीटर घिसटता रहा, मौत

रायबरेली। लखनऊ-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर अरखा के पास सोमवार की रात करीब 8.30 बजे साइकिल सवार गैस एजेंसी के चौकीदार को कार ने टक्कर मार दी। चौकीदार कार में फंसकर लगभग 500 मीटर घिसटता चला गया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के समय वह एजेंसी पर चौकीदारी करने जा रहा था। पुलिस कार को थाने ले गई, जबकि चालक भाग गया। कोतवाली क्षेत्र के बंधवा मजरे अरखा गांव निवासी रामपाल ( 50 ) पुत्र नरायन अरखा गैस एजेंसी पर चौकीदारी करता था। सोमवार की रात वह घर से खाना खाकर एजेंसी पर जा रहा था।

## नगर पंचायत नसीराबाद की लापरवाही से गड्ढे में गिर कर बालक की मौत

रायबरेली नगर पंचायत की लापरवाही से सोमवार को मोमिनपुरा मुहल्ले में तीन साल के बेटे की पानी भरे गड्ढे में गिरने से मौत हो गई। नसीराबाद नगर पंचायत की ओर से करीब छह महीने पहले पेयजल की आपूर्ति के लिए पाइप लाइन बिछाई गई थी। बाद में मिट्टी से पटाई की गई, लेकिन मोमिनपुरा मोहल्ले में तीन-चार फिट गड्ढे की पटाई नहीं की गई। पिता अनीस ने बताया कि शाम करीब 4.30 बजे रेहान घर के बाहर खेल रहा था और खेलते खेलते एक गड्ढे में चला। परिजनों ने बताया कि नगर पंचायत ने पाइप लाइन डलवाई थी, उसी के कारण गड्ढा हो गया था। नगर पंचायत में कई बार गड्ढा बंद कराने के लिए कहा गया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। थानाध्यक्ष राम लखन पटेल ने बताया कि तहरीर मिलने पर जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पत्नी ने मायके से आने से किया इन्कार

चंदौसी ( संभल )। थाना कुढ़फतेहगढ़ के गांव मोहम्दनगर कस्बा में ससुराल में आए युवक ने पत्नी के कुछ दिनों बाद जाने की बात कहने पर जहरीला पदार्थ खा लिया। उसे गंभीर हालत में सीएचसी से हायर सेंटर रेफर कर दिया। जिला बदायूं के थाना इस्लामनगर के गांव रमपुरा निवासी धर्मवीर ( 19 ) खेती करता है। उसकी शादी थाना कुढ़फतेहगढ़ के गांव मोहम्दनगर कस्बा से हुई थी। सोमवार को वह पत्नी को लेने के लिए ससुराल आया था। पत्नी के साथ न चलने पर धर्मवीर ने ससुराल के घर में रखे कीटनाशक का सेवन कर लिया, जिसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। इसके बाद उसका साला राजकुमार बाइक से उसे सीएचसी चंदौसी लेकर पहुंचा। जहां चिकित्सक ने उसे प्राथमिक उपचार देकर हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया।

# इंस्टाग्राम पर दे बैठी दिल-दरिंदे ने बनाया हवस का शिकार, परिजनों ने पकड़कर की धुनाई, थाने में खुला बड़ा राज

मेरठ। एक किशोरी ने इंस्टाग्राम पर हिंदू समझ कर दूसरे समुदाय के युवक से दोस्ती कर ली। इसके बाद वह उसे दिल दे बैठी और उससे मिलने लगी। इसी दौरान आरोपी ने किशोरी को हवस का शिकार बना लिया। वहीं, सोमवार को परिजनों ने आरोपी को बेटी के साथ रंगे हाथ पकड़ लिया और उसकी जमकर धुनाई की।

मेरठ में कंकरखेड़ा की एक किशोरी से दूसरे समुदाय के युवक ने नाम बदलकर इंस्टाग्राम पर दोस्ती की। इसके बाद आरोपी युवक ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया।

वहीं, सोमवार को पीड़ित परिजनों ने आरोपी युवक को किशोरी के साथ बाइक पर घूमते हुए पकड़ लिया। इसके बाद पीड़ित परिजनों ने जमकर हंगामा किया और परिजन आरोपी युवक को पड़कर थाने ले आए।

कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र के सरधना रोड स्थित एक कॉलोनी निवासी एक किशोरी की दोस्ती इंस्टाग्राम पर दूसरे समुदाय के युवक से हो गई थी। लेकिन आरोपी युवक ने इंस्टाग्राम पर हिंदू नाम से अपनी आईडी बना रखी थी। लगभग दोनों की आठ महीने से इंस्टाग्राम पर बात हो रही थी। एक महीना पहले परिजनों को किशोरी और युवक के बारे में जानकारी हुई थी। जिसके बाद परिजनों ने किशोरी का घर से बाहर निकलना बंद कर दिया था। वहीं, युवक को भी समझा दिया गया था। सोमवार शाम युवक किशोरी को लेकर कंकरखेड़ा बाईपास पर घूम रहा था। परिजनों ने मौके से युवक व किशोरी को रंगे हाथों पकड़ लिया। पीड़ित परिजनों ने युवक की जमकर पिटाई की। वहीं, हंगामा होता देख हाईवे पर राहगीरों की भीड़ इकट्ठा हो गई।

उधर, सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस आरोपी युवक व किशोरी को लेकर थाने आ गई। पीड़ित परिजनों ने आरोपी युवक के खिलाफ थाने पर तहरीर दी। वहीं परिजनों का आरोप है कि आरोपी युवक ने उनकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया है। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस कार्रवाई की तैयारी में जुट गई है।

## स्कूलों में 80 फीसदी बच्चे नहीं मिले तो प्रधानाध्यापकों पर होगी कार्रवाई

रामपुर। परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को स्कूलों में बच्चों की 80 फीसदी उपस्थिति सुनिश्चत करनी होगी। अगर ऐसा नहीं हुआ तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ये आदेश सोमवार को कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला शिक्षा समिति की बैठक में डीएम रविंद्र कुमार मांदड़ ने दिए। उन्होंने परिषदीय विद्यालयों में शासन स्तर से निर्धारित मानकों के अनुरूप कराए जा रहे कार्यों के बारे में समीक्षा करते हुए कहा कि जिन अधिकारियों को विद्यालयों का निरीक्षण करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है, वे प्रत्येक माह निरीक्षण करें। निरीक्षण में लापरवाही मिलने पर अध्यापकों को निलंबित करने की कार्रवाई करें।

## ईंट से पीट-पीटकर कुत्ते को मार डाला, घटना सीसीटीवी में कैद, युवक के खिलाफ केस

मुरादाबाद। सिविल लाइंस हिमगिरी कॉलोनी में शेखर चौहान ने कपिल भाटिया के खिलाफ कुत्ते को पीट-पीटकर मौत के घाट उतारने का केस दर्ज करवाया है। कुत्ते पर ईंट से वार करने का वीडियो वायरल हो गया। सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत केस दज किया गया है। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के हिमगिरी कॉलोनी में युवक ने कुत्ते को ईंट से पीट -पीटकर मौत के घाट उतार दिया। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो एनजीओ संचालक ने युवक के खिलाफ केस दर्ज कराया है। सिविल लाइंस हिमगिरी कॉलोनी में शेखर चौहान एनीमल वेलफेयर नाम से एनजीओ चलाते हैं। उन्होंने बताया कि वह एनजीओ के माध्यम से लावारिस कुत्तों को दूध और खाना उपलब्ध कराने का काम करते हैं। उन्हें शिकायत मिली थी कि हिमगिरी कॉलोनी निवासी कपिल भाटिया ने कुत्ते को पीट पीटकर मौत के घाट उतार दिया है। इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें युवक पहले कुत्ते को उकसाता है। इसके बाद ईंट से एक के बार एक तीन वार करके उसे गंभीर रूप से घायल कर देता है। पड़ोस के लोगों ने युवक को रोकने की कोशिश की तो उसने उसके साथ भी अभद्रता की। इसके बाद आरोपी युवक वहां से चला गया। कुछ देर बाद कुत्ते ने दम तोड़ दिया था। सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत केस दज किया गया है।

## औचक निरीक्षण पर मम्फोर्डगंज प्राथमिक विद्यालय पहुंचे मंत्री, बच्चों से की बातचीत

प्रयागराज। मम्फोर्डगंज इलाके में स्थित राष्ट्रीय शिशु विद्यालय एवं महिला शिल्प कला प्रशिक्षण केंद्र में सोमवार की दोपहर समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में चल रही कक्षाओं में जाकर बच्चों से बातचीत की। बच्चों की कॉपियां भी देखीं। समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण सोमवार की दोपहर करीब 12 बजे अचानक अपने काफिले के साथ मम्फोर्डगंज स्थित राष्ट्रीय शिशु विद्यालय एवं महिला शिल्प कला प्रशिक्षण केंद्र पहुंच गए। मंत्री सीधे कक्षा में चले गए और बच्चों से बातचीत शुरू कर दी। उन्होंने बच्चों की किताबें और कापियों को देखा। बच्चों से देश की राजधानी का नाम पूछा, इसपर सभी ने हाथ खड़े कर दिए। मंत्री ने कक्षा में ही बच्चों से भारत माता की जय के नारे लगवाए।

मंत्री ने शिक्षकों को कुछ सुझाव भी दिए। विद्यालय में तैनात सभी तीन शिक्षक और 64 बच्चे उपस्थित मिले। मंत्री ने शिक्षकों से भी उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। इस पर शिक्षकों ने बताया कि पिछले कई सालों से बच्चों का यूनिफार्म नहीं मिला है। मंत्री ने भरोसा दिलाया कि शीघ्र ही बच्चों को यूनिफार्म उपलब्ध करा दिया जाएगा। इस दौरान उपनिदेशक समाज कल्याण सुधीर कुमार, समाज कल्याण अधिकारी प्रज्ञा पांडेय, कौशांबी के समाज कल्याण अधिकारी, पूर्व प्रधानाध्यापक एलके अहिरवार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# गार्ड को देखते ही बेखौफ बदमाशों ने मारी थी गोली, दिनदहाड़े वारदात का एक और वीडिया सामने आया

मिर्जापुर। मिर्जापुर के कटरा कोतवाली क्षेत्र के बेलतर स्थित एक्सिस बैंक के सामने कैश वैन लूटकांड में पुलिस के हाथ अब तक खाली है। पुलिस और एसटीएफ की टीमें बिहार, झारखंड और नेपाल भेजी गई हैं। मिर्जापुर में एक्सिस बैंक के सामने खड़ी कैश वैन से 12 सितंबर को हुए लूट एवं गार्ड की हत्या का मामला अबूझ पहले बन गई है। घटना के छह दिन बाद भी बदमाशों को पकड़ना तो दूर पुलिस या एसटीएफ को कोई ठोस सुराग तक नहीं मिला है। इस बीच सोमवार को वारदात से जुड़ा एक और वीडियो सामने आया है। कैश वैन में लगे कैमरे में रिकॉर्ड वीडियो में साफ दिख रहा है बदमाशों के मन में कोई खौफ नहीं था। कैश वैन से थोड़ी दूर बाइक खड़ी कर आए चार बदमाशों में से एक ने गार्ड को देखते ही गोली मार दी थी।

इसके बाद एक बदमाश कैशवैन में से रुपयों से भरा बॉक्स उठाता है। जबकि बाकी तीन बदमाश तीनों दिशा में अलर्ट रहते हैं। घटनास्थल के आसपास कई लोग खड़े हैं लेकिन मूर्ति की तरह खड़े रहते हैं। इस वारदात के खुलासे के लिए पुलिस महकमा कड़ियों को जोड़ने में लगा है।

अब तक पांच हजार से अधिक लोगों से पूछताछ

जोन के 10 जिलों की पुलिस के साथ एसटीएफ और अन्य जिले की पुलिस लगी है। एडीजी जोन वाराणसी भी जिले में हर कार्रवाई पर नजर रखे हैं, पर पुलिस को अब तक सिर्फ फोटो के अलावा कुछ और हासिल नहीं हो सका है। एक्सिस बैंक के सामने बीते मंगलवार को हुए कैश वैन से लूट की घटना को छह दिन बीत गया है।

घटना का खुलासा करने में लगी टीमों ने अब तक पांच हजार से अधिक लोगों से पूछताछ और 10 हजार से अधिक मोबाइल नंबर को खंगाल चुकी है। पुलिस ने अपने मुखबिरों से लेकर जेल में बंद अपराधियों से पूछताछ कर चुकी है। हाल ये है कि पुलिस को घर-घर जाकर अपराधियों का सुराग हासिल करने का प्रयास कर रही है, पर उसमें भी कोई लीड नहीं मिल सकी है। अभियान में लगी एसटीएफ और क्राइम ब्रांच की टीम नेपाल, बिहार, झारखंड और मध्य प्रदेश जाकर जांच कर रही है।

लूटकांड खुलासे के लिए विंध्यवासिनी धाम में पूजा

कैश वैन लूट कांड का जल्द खुलासा किए जाने और आरोपियों की गिरफ्तार के लिए मां विंध्यवासिनी मंदिर के छत पर रविवार को पूजा-पाठ किया गया। श्री विन्ध्य पंडा समाज पूर्व मंत्री व विंध्याचल वार्ड के सभासद अवनीश मिश्रा के नेतृत्व मां विंध्यवासिनी से प्रार्थना की गई। मां से मांगा गया कि पुलिस को दिव्य दृष्टि और शक्ति प्रदान करें। जिससे लूट कांड के आरोपी पकड़े जाएं।

## सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने से नाराज हुए अधिवक्ता

संतकबीरनगर। मंगलवार को केस दर्ज करने की मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने साढ़े तीन घंटे से कोतवाली में कब्जा जमा लिया। इससे सारे कामकाज ठप हो गए। अधिवक्ताओं की भीड़ को देखते हुए मौके पर तीन थानों की फोर्स बुलाई गई है। संतकबीरनगर में सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने से नाराज अधिवक्ता हो गए।

अलग-अलग पूर्व में दो तहरीर अधिवक्ताओ ने एएसपी और एसपी को दिया था। मंगलवार को केस दर्ज करने की मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने साढ़े तीन घंटे से कोतवाली में कब्जा जमा लिया। इससे सारे कामकाज ठप हो गए। अधिवक्ताओं की भीड़ को देखते हुए मौके पर तीन थानों की फोर्स बुलाई गई। अधिवक्ता पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रहे। पुलिस मनाने की कोशिश में जुटी हुई है लेकिन अधिवक्ता अभी कोतवाली में जमे हैं।

## चिट्टा रखने के दोषी को 10 साल कठोर कारावास, एक लाख जुर्माने की सजा

रामपुर। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश किन्नौर स्थित रामपुर की अदालत ने मंगलवार को अहम फैसला सुनाते हुए चिट्टा रखने का आरोप सिद्ध होने पर दोषी को 10 साल के कठोर कारावास और एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश किन्नौर स्थित रामपुर की अदालत ने मंगलवार को फैसला सुनाते हुए आरोपी प्रकाश चंद्र ( 49 ) पुत्र कलमा नंद निवासी गांव व डाकघर फांचा, तहसील रामपुर बुशहर, जिला शिमला को यह सजा सुनाई। फैसले की जानकारी देते हुए उप जिला न्यायवादी कमल चंदेल ने बताया कि दिनांक 27 जून 2019 को जब पुलिस पार्टी मुख्य आरक्षी राजेश कुमार की अगुवाई में गश्त और नाकाबंदी पर जीरो प्वाइंट खोपड़ी मंदिर के पास मौजूद थे। इसी बीच सुबह करीब 6¬15 बजे उक्त व्यक्ति डकोलड़ की तरफ से पैदल आ रहा था। पुलिस पार्टी को देखकर वह पीछे मुड़कर जाने लगा। पुलिस पार्टी ने मौके पर उसे काबू किया और पीछे मुड़ने का कारण पूछा, तो वह कोई संतोषजनक उत्तर न दे सका। नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम प्रकाश चंद्र पता उपरोक्त बतलाया। पुलिस ने प्रकाश चंद्र के पास किसी अवैध वस्तु का शक होने पर स्वतंत्र गवाह के सामने उसकी नियमानुसार तलाशी ली।

इस दौरान प्रकाश चंद्र के पहने हुए कुर्ते की दाहिने जेब से तीन गोले, जो भूरे रंग की प्लास्टिक की टेप से लपेटे हुए थे बरामद हुए। जब तीनों गोलों को खोलकर जांचा गया तो उसमें सफेद रंग का पदार्थ बरामद हुआ। इसे प्रकाश चंद्र ने चिट्टा होना बतलाया। मौके पर इलेक्ट्रॉनिक तराजू से तोलने पर इसका वजन 64 ग्राम पाया गया। इसके बाद पुलिस थाना रामपुर में अभियोग पंजीकृत किया गया।

## बाइक सवार छुट्टा पशुओं से टकराए, एक की मौत

संभल। नखासा थाना क्षेत्र के संभल-हसनपुर मार्ग पर गांव गैलुआ के पास सोमवार शाम छह बजे करीब बाइक सवार छुट्टा पशु से टकरा गए। इसमें बाइक चला रहे अमरोहा जिले के थाना रजबपुर अंतर्गत गांव पीपली मीरचंद्र निवासी जितेंद्र ( 30 ) पुत्र हरिओम सिंह की मौत हो गई, जबकि मृतक का साथी इसी गांव निवासी गुरवेंद्र सिंह घायल हो गया। मृतक के परिजनों ने बताया कि जितेंद्र सिंह सोमवार दोपहर घर बताकर गया था कि वह नखासा थाना क्षेत्र के गांव भारतल जा रहा है। शाम छह बजे हादसे की सूचना मिली। परिजनों ने बताया कि जितेंद्र मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता था। परिवार में पत्नी के अलावा तीन बेटियां हैं। वहीं हादसे की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी ने बताया कि हादसा छुट्टा गोवंशीय पशु से टकराने से हुआ है। बाइक जितेंद्र चला रहा था। हादसे की सूचना पर पहुंचे थे। घायलों को अस्पताल भर्ती कराया, जहां जितेंद्र को मृत घोषित कर दिया।

## लाठी-डंडे लेकर गुलदार की तलाश में खेतों की ओर निकले ग्रामीण

सहारनपुर। गांव नथमलपुर के जंगल में लगातार तीसरे दिन गुलदार के दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। सोमवार को ग्रामीण इकट्ठा होकर लाठियां लेकर गुलदार की तलाश में खेतों में पहुंच गए, लेकिन उन्हें गुलदार नहीं मिला। ग्रामीणों की सूचना के बाद वन विभाग की टीम ने भी खेतों में जाकर स्थिति की जानकारी ली।

सोमवार सुबह गांव नथमलपुर निवासी दो सगे भाई वकील तथा शकील ट्रैक्टर से अपने खेत जा रहे थे। उन्होंने बताया कि उन्हें गन्ने के खेत में खड़े गुलदार को देखा। दोनों ट्रैक्टर लेकर गांव आ गए और ग्रामीणों को गुलदार होने की सूचना दी। इसके बाद ग्राम प्रधान राकेश सैनी के साथ गांव के सोनू, अफजल, इस्लाम, आबिद, वकील अहमद, जाकिर, इनाम, दीपक, राजेंद्र आदि बड़ी संख्या में लोग लाठी-डंडे लेकर खेतों में गुलदार को खोजने गए। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग के वनरक्षक महेंद्र सिंह सैनी भी टीम के साथ गांव पहुंचे और उन्होंने ग्रामीणों के साथ गुलदार की तलाश की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। ग्रामीणों को पग चिह्न मिले हैं।

ग्राम प्रधान ने वन रक्षक से गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगवाने की मांग की। ग्राम प्रधान ने बताया कि लोगों में डर का माहौल है। लोग खेतों में जाने से भी डर रहे हैं। समूह बना कर ही खेतों की तरफ जा रहे हैं। उधर, वनरक्षक महेंद्र सिंह सैनी ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या खेतों में दिखाई देने वाला जानवर फिशिंग कैट प्रतीत हो रहा है। यह नदी के आस पास पाया जाता है तथा पानी के अंदर घुस कर जलीय जीवों को मार कर खाता है। इससे मनुष्यों को कोई खतरा नहीं है। उन्होंने अपने अधिकारियों को इससे अवगत करा दिया है।

# समस्याओं के भंवर जाल में फंसे व्यापारी, झेल रहे परेशानी

संतकबीरनगर। शहर की नवीन मंडी समस्याओं के भंवर जाल में फंसी हुई है। मंडी के उत्तर तरफ की दीवार टूट गई है। जिससे परिसर में गंदा पानी इकट्ठा हो जाता है। जलनिकासी का भी इंतजाम नहीं है, जिससे पानी से दुर्गंध उठती है और व्यापारी परेशान हैं। व्यापारियों के लिए पीने के पानी और शौचालय की भी सुदृढ़ व्यवस्था नहीं है। जनपद मुख्यालय के सरैया में नवीन मंडी स्थापित है। यहां प्रतिवर्ष करोड़ों का कारोबार होता है। इसके बाद भी व्यापारियों की सुविधा के नाम पर परिसर में कुछ भी नहीं है। परिसर में दिनभर दुकान लगाने के बाद खबरा सब्जी और फल दुकानदार इधर-उधर फेंक देते हैं, जो सड़ता है। कारण यह है कि परिसर के उत्तर तरफ की दीवार का आधा हिस्सा टूट गया है। इससे पानी परिसर में एकत्र होता है। इससे मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है। दिन में भी मच्छरों के कारण लोगों को चैन नहीं मिल पा रहा है। साथ ही व्यापारियों को सुरक्षा की चिंता भी सताती है। नवीन मंडी की स्थापना वर्ष 2011 में हुई, इस पर करीब 3.50 करोड़ रुपये खर्च हुए थे। व्यापारियों को लगा कि अब उन्हें बेहतर सुविधा मिलेगी, लेकिन निर्माण के बाद कई महीने तक मंडी बंद रही। व्यापारी पुरानी सब्जी मंडी से ही कारोबार करते हैं। इसके बाद प्रशासन ने गल्ला के थोक व फुटकर के साथ ही सब्जी के थोक व्यापारियों को बुलाया और नवीन मंडी में दुकानें लगाने के लिए यह कहते हुए राजी किया कि उन्हें बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। तभी से यहां कारोबार हो रहा है, लेकिन अभी तक मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पाई है। परिसर में जगह-जगह सड़कें टूट गई हैं। बारिश होने पर गड्ढों में पानी भर जाता है।

मंडी में चारों तरफ गंदगी फैली हुई है। परिसर में व्यापारियों के लिए शौचालय बनवाया गया है, लेकिन साफ-सफाई ठीक न होने से लोग वहां जाने से कतराते हैं।

## अधिवक्ताओं के खिलाफ सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने वालों पर कार्रवाई की मांग

संतकबीरनगर। सोशल मीडिया पर की गई टिप्पणी से अधिवक्ताओं में नाराजगी व्याप्त है। सोमवार को अधिवक्ताओं ने एसपी सत्यजीत गुप्ता से मुलाकात की और अभद्र टिप्पणी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। एएसपी ने कार्रवाई किए जाने का भरोसा दिया। सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष महीप बहादुर पाल ने कहा कि चार दिन पूर्व कलक्ट्रेट गेट पर हापुण की घटना को लेकर अधिवक्ता प्रदर्शन कर रहे थे। उसी दौरान धनघटा विधायक गणेश चंद चौहान गुजरे तो अधिवक्ता अपनी बात कहने के लिए विधायक की गाड़ी रोक लिए थे। उसी के बाद कुछ लोग सोशल मीडिया पर अधिवक्ताओं के लिए अभद्र टिप्पणी किए। सोशल मीडिया पर किए गए अभद्र टिप्पणी से अधिवक्ता आहत है। ऐसे लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई की जाए। इस संबंध में एसपी को लिखित तहरीर दिया। एसपी ने जांच करा कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान जनपद बार के महामंत्री सुनील कुमार पांडेय, निरंजन, चतुर शुक्ल, अखिलेश्वर राय और सुशांत आदि उपस्थित थे।

## पूर्व माध्यमिक विद्यालय में मिड डे मील में निकले कीड़े

चंदौसी ( संभल )। क्षेत्र के गांव आदमपुर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में मिड डे मील में कीड़े ( सूंडी ) निकल आए। विद्यार्थियों ने खाना खाने से इन्कार कर दिया। सूचना पर पहुंचे डीसी एमडीएम व एबीएसए ने फूड इंस्पेक्टर को सूचना देकर जांच के लिए खाने के सैंपल भरवाया। उन्होंने प्रधानाचार्य के निलंबन व दो शिक्षकों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की संस्तुति की है। बनियाखेड़ा ब्लॉक क्षेत्र के गांव आदमपुर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को सोयाबीन की बरी ओर आलू की सब्जी बनाई गई थी। कक्षा छह के छात्र कपिल, विष्णु, रितेश ने बताया कि उनके खाने में कीड़ा था। उन्होंने खाने से मना कर दिया। इसके बाद शिक्षकों ने खाना फिंकवा दिया गया। इसके बाद विद्यालय में खाने के लिए दोबारा से दाल बनाई गई।

मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घटना को लेकर रोष जताया। मामले की सूचना विभाग को दी। डीसी मिडडे मील दीनदयाल शर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी बनियाखेड़ा अरुण कुमार मौके पर पहुंच गए। उन्होंने छात्रों से जानकारी ली। उन्हें मौके पर पहले बनाए गए मिडडे मील का सैंपल नहीं मिला। उन्होंने खाद्य सुरक्षा अधिकारी को बुलवाया और दोबारा बने खाने का सैंपल भरवाया। उस सैंपल को जांच के लिए भेजा गया है। मामले में प्रधानाध्यापक व दोनों सहायक अध्यापकों की लापरवाही सामने आई है। जांच के बाद एबीएसए ने प्रधानाध्यापक प्रवीण कुमार आर्य के निलंबन और सहायक अध्यापक गौरव मिश्रा, हरभान सिंह के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की संस्तुति करते हुए बीएसए को पत्र लिखने की बात कही है। - गांव आदमपुर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में बने मिड डे मील में कीड़ा निकलने की घटना हुई है। शिक्षकों ने खाना फेंकवा दिया था। उसका सैंपल भी नहीं रखा गया था। दोबारा दाल बनाई गई। फूड इंस्पेक्टर से खाने व अन्य सामान का जांच के लिए सैंपल भरवाया गया है। प्रधानाध्यापक के निलंबन व दो अन्य शिक्षकों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की संस्तुति की है।

## सैनिक हॉस्पिटल के खिलाफ जांच शुरू, संचालक से पूछताछ

रायबरेली। शहर स्थित निजी सैनिक हॉस्पिटल के खिलाफ एसीएमओ की टीम ने जांच शुरू कर दी है। मामले में संचालक से पूछताछ करके बयान दर्ज किए गए हैं। पीड़ित के भी बयान दर्ज किए गए हैं। जांच टीम का दावा है कि जल्द ही जांच पूरी करके डीएम को रिपोर्ट सौपी जाएगी। भदोखर थाना क्षेत्र के पूरे जालिम मजरे बेलाभेला के लोगों ने बीती 26 अगस्त को डीएम शिकायतीपत्र देकर सैनिक हॉस्पिटल ( निजी नर्सिंगहोम ) के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। पीड़ित राम बहादुर ने आरोप लगाया कि भांजी शिवानी को जेल रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराकर बीती 25 जुलाई को पथरी का ऑपरेशन कराया था। पीड़ित ने जांच टीम के सामने पेश होकर बयान दर्ज कराया। आरोप लगाया कि ऑपरेशन के बाद मरीज को लखनऊ रेफर कर दिया गया था।

पीड़ित ने जांच टीम को बयान में बताया कि केजीएमयू में 15 दिन इलाज कराने के बाद घर आ गए, लेकिन भांजी स्वस्थ नहीं हुई।

# हैंडओवर के पेच में फंसी पेयजल परियोजनाएं, नहीं हो सकीं चालू

संतकबीरनगर। नगर पंचायत मेंहदावल में आठ साल और हरिहरपुर में छह साल पहले बनकर तैयार हुईं पेयजल परियोजनाएं नगर प्रशासन को हैंडओवर नहीं हो पाई। इसकी वजह से नगर वासियों को पीने के लिए शुद्ध पानी नहीं मिल पा रहा है। जल निगम शहरी, जल निगम ग्रामीण अपना-अपना पल्ला झाड़ ले रहे हैं। ऐसे में लोगों की समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। आठ साल पहले 4.50 करोड़ रुपये की लागत से नगर पंचायत मेंहदावल में परियोजना को स्वीकृति मिली थी। जल निगम ग्रामीण के जरिए कार्य कराया गया था।

वाटर टैंक निर्माण के बाद पाइप लाइन बिछाई गई, लेकिन ट्रायल में व्यवस्था फेल हो गई। इस दौरान पाइप लाइन में कई जगह लीकेज हो गया था। वहीं कई वार्डों में पाइप लाइन का कार्य भी अधूरा कराया गया। तत्कालीन ईओ प्रदीप कुमार ने जल निगम को पत्र लिखकर यथाशीघ्र कार्य पूर्ण कराकर नगर पंचायत प्रशासन को हैंडओवर करने को कहा था, लेकिन आठ साल बीतने के बाद भी न तो अधूरा कार्य पूरा हुआ और न ही परियोजना हैंडओवर हो पाई। इसी तरह छह साल पहले नगर पंचायत हरिहरपुर के वार्ड छह जगदीशपुर में बनकर तैयार हुई पानी की टंकी नगर प्रशासन को हस्तांतरित नहीं हो सकी। स्थिति यह है कि नगर के लोगों को पानी मिलना तो दूर अब वाटर हेडटैंक का संचालन भी ठप पड़ा हुआ है। परिसर में उगीं झाड़ियां परियोजना के दुर्दशा की गवाही दे रही हैं। आसपास के लोगों ने बताया कि यहां कोई कर्मचारी नहीं आता है। दस वार्डों में बंटे नगर पंचायत हरिहरपुर में पांच सौ किलो लीटर क्षमता का वाटर हेडटैंक से पानी की सप्लाई दी जा रही है। जो इतनी बड़ी आबादी के लिए नाकाफी है। हरिहरपुर के जगदीशपुर में बनी पानी की टंकी से सप्लाई न होने के कारण नगर में पेयजल संकट बना हुआ है। गर्मी के मौसम में लोगों को जलापूर्ति की किल्लत से जूझना पड़ता है।

क्षेत्र के अमित कुमार, सुनील कुमार आदि लोगों ने बताया कि जगह-जगह पाइप लाइन टूटने के चलते ट्रायल के समय ही सप्लाई फेल हो गई थी। जल निगम शहरी एक्सईएन सुदेश कुमार ने कहा कि नगर पंचायत हरिहरपुर और मेंहदावल की परियोजना अभी तक शहरी जल निगम को हस्तांतरित नहीं हुई है। जल निगम ग्रामीण के जरिए इन परियोजनाओं पर कार्य कराया गया था, जो कार्य कराया है, वही बता सकता है कि परियोजना क्यों नहीं चली और कब तक चलेगी।

## बिजली गिरने से दंपती समेत तीन झुलसे, भर्ती

रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के कोड़री मजरे कमालपुर में सोमवार को आकाशीय बिजली गिरने से चपेट में आने से एक महिला समेत तीन लोग झुलस गए। इससे गांव में अफरातफरी मच गई। एंबुलेंस की सहायता से झुलसे लोगों को सीएचसी सलोन में भर्ती कराया गया है। तीनों का उपचार चल रहा है। कोड़री मजरे कमालापुर निवासी उज्ज्वल ( 15 ) पुत्र शिव शंकर सोमवार को खेत मे बकरी चराने गया था। वहीं गांव की ही चंद्रकली और उसका पति भारत लाल खेत में घास काट रहे थे। शाम करीब पांच बजे अचानक बिजली कड़कने की आवाज सुनकर तीनों एक पेड़ के नीचे चले गए। इसी बीच एकाएक बिजली पेड़ पर गिर गई। चपेट में आने से तीनों झुलस गए। बिजली गिरने की सूचना पर गांव के लोगों ने एंबुलेंस की सहायता से घायलों को सीएचसी सलोन में भर्ती कराया। कोतवाली प्रभारी नारायण कुशवाहा ने बताया कि कोड़री गांव में बिजली गिरने से चपेट में आने से तीन लोगों के घायल होने की सूचना मिली है।

## रामपुर में मुठभेड़-स्वार में पशु तस्करी के आरोपी को लगी गोली, तमंचे समेत अन्य उपकरण मिले, तीन तस्कर फरार

रायबरेली। स्वार पुलिस ने पशु तस्करी के सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक आरोपी लईक को गोली लगी जबकि तीन लोग फरार हो गए। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। स्वार पुलिस की धनौरी गांव में पशु तस्करों के साथ मुठभेड़ हो गई। इसमें एक तस्कर गोली लगने से जख्मी हो गया। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस ने बताया कि तीन तस्कर मौके से फरार हो गए। सोमवार की देर रात कोतवाली पुलिस का गश्ती दल धनौरी क्षेत्र में भ्रमण कर रहा था। पुलिस को सूचना मिली कि फाजलपुर तिराहे पर कुछ संदिग्ध एक पशु को लेकर खड़े हैं और आशंका है कि उसका वध किया जाएगा। उप निरीक्षक राहुल यादव व मुकेश सिंह, हेड कांस्टेबल अनिल कुमार, नितिन कुमार, अंकुल कुमार, अमित कुमार और धर्मेन्द्र ने पहुंचकर मौके की घेराबंदी की। आरोप है कि खुद को घिरता देख उन्होंने पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में एक संदिग्ध लईक की दाहिनी टांग में गोली लग गई। उसके तीन साथी अंधेरे का लाभ उठाते हुए भाग निकले।

घायल ने पूछने पर अपना पता नई बस्ती मोहल्ला चक स्वार बताया। उसे स्वार सीएचसी भेज दिया गया। इस बीच इस सफलता के लिए सीओ स्वार अनुज चौधरी ने पुलिस टीम की सराहना की है। पुलिस ने मुठभेड़ स्थल से एक पशु, मोटर साइकिल होंडा हंक, एक तमंचा, दो कारतूस, दो खोखा कारतूस और पशु काटने के उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी लईक से पूछताछ की तब उसने अपने फरार साथियों के नाम बताए। इनमें लईक पुत्र रहीस मोहल्ला स्वार खास, नावेद पुत्र सलीम निवासी अगलगा रोड मोहल्ला रसूलपुर और इरफान उर्फ पताला पुत्र वाहिद निवासी मोहल्ला रसूलपुर शामिल हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## बेचना चाहता है शराबी पति....आंखों में डालता है मिर्च और नमक; महिला के सनसनीखेज आरोप

मैनपुरी। मैनपुरी में पति के जुल्म से परेशान पीड़िता ने डीएम और एसपी को प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। महिला का आरोप है कि पति जुआ खेलता है और शराब पीता है। वह उसे बेचना चाहता है। वह पीटने के साथ ही आंखों में नमक और मिर्च डाल देता है। मैनपुरी के कस्बा करहल के गांव निटावली निवासी एक महिला ने पति पर गंभीर आरोप लगाए। बताया कि पति जुआ खेलता है और शराब पीता है। वह उसे बेचना चाहता है। वह पीटने के साथ ही आंखों में नमक और मिर्च डाल देता है। पीड़िता ने डीएम और एसपी को प्रार्थना पत्र देकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। करहल इलाके के गांव निटावली निवासी मीना कुमारी पीडब्ल्यूडी में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हैं। सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंच कर डीएम और एसपी को प्रार्थना पत्र दिया। बताया कि पति जुआ खेलने और शराब पीने का आदी है। उसे अमानवीय यातनाएं देता है। वह कभी हाथ पकड़ कर बेटे से ही आंखों में मिर्च और नमक डलवा देता है तो कभी बेरहमी से मारता पीटता है। वह पति के अमानवीय व्यवहार से परेशान आ चुकी है। बुझिया चौकी पर भी शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पति उसे बेचना चाहता है। जुआ में काफी कर्जा हो चुका है। कुछ दिन पहले उसे बाजार लेकर आया। भांवत चौराहा के पास पहुंची तो उसे भनक लग गई कि पति बेचना चाहता है। किसी तरह से वह बच कर भाग निकली। अधिकारियों से पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

## जमीन के मामले में तहसीलदार ने नहीं भेजी रिपोर्ट

मैनपुरी। एक किसान की शिकायत पर मांगी गई आख्या तहसीलदार करहल ने विधिक सेवा प्राधिकरण में नहीं भेजी है। प्राधिकरण के प्रभारी सचिव ने एसडीएम करहल को पत्र भेजा है। तहसीलदार करहल से 27 सितंबर तक आख्या भिजवाने के लिए कहा है। तहसील करहल के नगला तोर किरथुआ निवासी मंगल सिंह ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में शिकायत की है। शिकायत में कहा है कि उसको एक जमीन का पट्टा मिला था। पट्टे की जमीन पर उसका कब्जा है। जमीन पर पक्का मकान भी बना हुआ है। बाद में लेखपाल ने एक शिकायत के आधार पर उसके खिलाफ गलत तथ्यों के आधार पर तहसीलदार को रिपोर्ट दे दी है। तहसीलदार ने उसके खिलाफ दो लाख की रिकवरी जारी कर दी है। रिकवरी के आधार पर अमीन उस पर रुपये जमा करने का दबाव बना रहा है। पीड़ित की शिकायत पर सुनवाई करने के बाद जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव ने तहसीलदार करहल से शिकायत के संबंध में आख्या मांगी। तहसीलदार करहल ने प्राधिकरण में आख्या नहीं भेजी। पीड़ित द्वारा दोबारा की गई शिकायत पर प्राधिकरण सचिव ने गंभीर रुख अपनाया है। नाराजगी जताते हुए एसडीएम करहल को पत्र भेजा है। पत्र में कहा है कि तहसीलदार करहल से आख्या प्राधिकरण में भिजवाई जाए। अगली सुनवाई के लिए 27 सितंबर की तारीख तय कर दी है।

## मेट्रो स्टेशनों पर लुभा रहीं ब्रज की कलाकृतियां

मथुरा।। दिल्ली के मेट्रो स्टेशनों पर नंदगांव निवासी प्रो. विनोद की कलाकृतियां ब्रज संस्कृति की छाप छोड़ रहीं हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को द्वारका सेक्टर 21 से यशोभूमि द्वारका सेक्टर 25 तक विस्तारित एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस लाइन का उद्घाटन किया। इस स्टेशन पर कला प्रदर्शनी एवं संग्रहालय में लगी पेंटिंग्स को देखकर दर्शक प्रो. विनोद की तारीफ करते दिखे। दिल्ली कॉलेज ऑफ फाइन आर्ट्स में प्रोफेसर विनोद गोस्वामी की करीब 50 पेंटिंग और म्यूरल (भित्ती चित्रों) को दिल्ली के निजामुद्दीन, त्रिलोकपुरी, नजफगढ, कड़कड़डूमा समेत 10 मेट्रो स्टेशनों पर स्थान मिल चुका है। सिर्फ यशोभूमि द्वारका सेक्टर 25 के कला प्रदर्शनी एवं संग्रहालय में 8 गुणा 10 की 10 कलाकृतियों को स्थान मिला है। प्रो. विनोद को भारत सरकार ने सीनियर फेलोशिप अवार्ड भी दिया है। वे देश विदेश में सौ से ज्यादा प्रदर्शनियों में प्रतिभाग कर चुके हैं। विनोद गोस्वामी ने बताया कि स्टेशन पर कलाकृतियों को फरवरी में तैयार कर दिया गया था। रविवार को प्रधानमंत्री ने अपने जन्मदिन के अवसर पर स्टेशन का लोकार्पण किया। उन्होंने बताया कि कुछ माह पूर्व ही उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में भी न्याय की देवी की प्रतिमा बनाई थी, जिसका उद्घाटन सीजेआई ने किया था।

## बहू व मायके वालों की अभद्रता से आहत बुजुर्ग ने दी जान

मथुरा। हाईवे थाना क्षेत्र के नरहौली पुल के पास सोमवार सुबह ट्रेन के सामने कूदकर एक बुजुर्ग ने जान दे दी। शव के पास से पुलिस को सुसाइड नोट भी मिला, जिसमें बुजुर्ग ने बहू व उसके मायके वालों की अभद्रता, मारपीट से आहत होकर जान देने की बात लिखी थी। पुलिस को मृतक की बहू व उसके मायके के तीन नामजदों के खिलाफ आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने की तहरीर दी गई है। सोमवार सुबह रेलवे ट्रैक पर पास एक वृद्ध का शव मिला। जेब से मिले दस्तावेजों के आधार पर मृतक की शिनाख्त स्वरूप सिंह (60) निवासी बाजना परखम गांव, जैंत के तौर पर हुई, जो कि पेशे से किसान थे। पुलिस ने मृतक के परिजनों को बुलाया। उन्होंने कहा कि बहू उनके साथ आए दिन विवाद करती थी। घर में रहने नहीं देती थी। कुछ दिन पूर्व अपने मायके वालों को बुलाकर स्वरूप सिंह की पिटाई भी करा दी थी। इससे वह काफी आए थे और सोमवार बिना बताए घर से निकल गए।

मुकदमे में समझौते का बना रहे थे दबाव

स्वरूप ने पिछले दिनों बहू व उसके मायके वालों पर जैंत थाने में मुकदमा भी दर्ज कराया था। इसी मुकदमे में समझौते का दबाव बनाते हुए स्वरूप को उसकी बहू अपने मायके वालों के साथ मिलकर परेशान कर रही थी।

## मिड-डे मील ‐ अधपकी रोटी, पतली दाल को लौटाया

मथुरा। उच्च प्राथमिक स्कूल जाबरा में मिड-डे-मील में सोमवार को अधपकी रोटी, पतली दाल पहुंची। यह देखकर विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों ने लौटा दिया। इसे वृंदावन की एक संस्था की ओर से पहुंचाया गया था। संस्था प्रतिदिन मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराती है। वृंदावन की एक संस्था की ओर से मिड-डे-मील के तहत रोटी और सब्जी लेकर सोमवार को गाड़ी आई। विद्यालय के प्रबंध समिति के अध्यक्ष गजेंद्र सिंह गावर ने मिड-डे मील की गुणवत्ता परखने के लिए उसे खोल कर देखा तो उसमें रोटियां कच्ची थीं। दाल भी पतली थी। भोजन लेकर आए कर्मचारियों ने अध्यक्ष से कहा कि जैसा भोजन मिलता है वहां से विद्यालयों में बांटने के लिए ले आते हैं। अध्यक्ष के कहने पर कर्मचारी भोजन लौटा ले गए। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ने बताया कि रोटियां कच्ची थीं। जिन्हें खाने से बच्चे बीमार हो सकते थे। इस कारण बंटने से रोक दिया और उसे वापस लौटा दिया इस दौरान गजेंद्र सिंह ,सुनीत कुमार,गरुण भान सिंह आदि मौजूद रहे। इस संबंध में बीएसए सुनील दत्त ने कहा कि मिड-डे-मील आपूर्ति करने वाली संस्था को नोटिस दिया जाएगा। पूरे मामले की जांच कराकर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## स्वामी प्रसाद मौर्य का विवादित बयान-हिंदू राष्ट्र की मांग करने वाले लोकतंत्र विरोधी, जानें और क्या कहा

कानपुर। मौर्य के निशाने पर हिंदू राष्ट्र के हिमायती व सवर्ण रहे। किसी का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि जिसको तुम हिंदू राष्ट्र बोलते हो वह भारत राष्ट्र शापित है। यह भारत कभी भी न हिंदू राष्ट्र था, न है और न रहेगा। इसीलिए हिंदू राष्ट्र की मांग करने वाले देशविरोधी हैं। हरदोई जिले में सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने सोमवार को दलित पिछड़ा अल्पसंख्यक के संविधान एवं सामाजिक न्याय महासम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। गांधी भवन में हुए महासम्मेलन में मौर्य ने कहा कि हिंदू राष्ट्र की मांग करने वाले देश, संविधान, लोकतंत्र, आदिवासी व दलित विरोधी हैं। इससे पूर्व कार्यक्रम में जाते समय हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं ने उन्हें काले झंडे दिखाए। मौर्य के निशाने पर हिंदू राष्ट्र के हिमायती व सवर्ण रहे। किसी का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि जिसको तुम हिंदू राष्ट्र बोलते हो वह भारत राष्ट्र शापित है।

यह भारत कभी भी न हिंदू राष्ट्र था, न है और न रहेगा। इसीलिए हिंदू राष्ट्र की मांग करने वाले देशविरोधी हैं।

खुद को सनातनी बताते हुए कहा कि जाति-पाति पहले भी थी और आगे भी रहेगी। कहा कि पृथ्वी सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाती है, ये सनातन है। हवा, जल व आग जीवन देते हैं यह सनातन है। पूर्व सांसद ऊषा वर्मा, पूर्व विधायक आसिफ खां बब्बू, राजेश्वरी देवी, सपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह बीरे यादव, पदमराग सिंह यादव, सर्वेश जनसेवा आदि ने भी विचार रखे।

राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा

संचालन डॉ. अरुण मौर्य ने किया। इसके बाद संविधान व आरक्षण संरक्षण सेना की ओर से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा गया। इससे पहले सिनेमा चौराहा पर हिंदू जागरण मंच के संतोष भारती, पुष्पराज, पिंटू सिंह, राजेश, प्रतीक मिश्रा, शिवेंद्र प्रताप, शशांक द्विवेदी, दीपांशू मिश्रा, अंकित गौतम आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने काले झंडे दिखाए।

# एसडीएम, बीडीओ व पशु चिकित्साधिकारी गौआश्रय स्थलों का नियमित रूप से करें निरीक्षण-डीएम

### प्रत्येक ब्लाक में कैटल कैचर की व्यवस्था कराएं बीडीओ

बहराइच संवाददाता



बहराइच। जनपद में निराश्रित गोवंशों के लिए संचालित अस्थायी गोआश्रय स्थलों पर संरक्षित गोवंशों के लिए की गई व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए सोमवार को देरशाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने समस्त एसडीएम, बीडीओ व पशु चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिया कि गौशालाओं का नियमित अन्तराल पर निरीक्षण करें तथा प्रत्येक माह किये निरीक्षणों की आख्या मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को उपलब्ध कराएं। खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि ब्लाकों पर कैटल कैचर की व्यवस्था की जाए तथा जिन गौशालयों में विद्युत की व्यवस्था नहीं है वहां पर प्रकाश के लिए वैकल्पिक प्रबन्ध के साथ-साथ सीसीटीवी का प्रबन्ध किया जाय ताकि बेहतर ढंग से मॉनीटरिंग की जा सके।

खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि गौआश्रय स्थलों की बाउण्ड्रीवाल का निर्माण आर.सी.सी. पिलर के साथ कराये जाने तथा गौआश्रय स्थल तक जाने वाले मार्गो पर खड़न्जा लगवाये जाने का निर्देश दिया गया। सम्बन्धित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया गया कि मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के लक्ष्य को समय से पूरा कराएं। मुख्यमंत्री प्रगतिशील प्रोत्साहन योजना के तहत गौशाला में उपलब्ध गोबर तथा गौमूत्र के व्यवसायीकरण हेतु कार्ययोजना तैयार की जाय।

बैठक के दौरान डीएम ने थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि दूसरे जनपदों के गोवंशों को जनपद में छोड़े जाने की शिकायतें प्राप्त हो रही है। सीमावर्ती क्षेत्रों के थानाध्यक्ष यह सुनिश्चित करें कि दूसरे जनपदों के निराश्रित गोवंशों को जिले में न छोड़ा जाय। आसन्न बारावफात त्यौहार के अवसर पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के सम्बन्ध में डीएम ने एसडीएम व पुलिस क्षेत्राधिकारियों को निर्देश दिया कि सम्बन्धित विभागों के साथ समन्वय साफ-सफाई, प्रकाश एवं पेयजल के माकूल बन्दोबस्त करा लिये जायें।

जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि तहसील अन्तर्गत भू-आवंटन के लक्ष्य को पूर्ण करें तथा वादों के निस्तारण किसी भी दशा में दायरा से कम नहीं होना चाहिए। डीएम ने निर्देश दिया कि अभियान संचालित पांच वर्ष से अधिक अवधि के लम्बित वादों का शत-प्रतिशत निस्तारण कराएं। डीएम ने आय, जाति, निवास व पेंशन से सम्बन्धित प्रकरणों का समयबद्धता के साथ निस्तारण करें तथा निर्विवाद वरासत के प्रकरणों को भी समय से इन्द्राज कराया जाय। सभी अधिकारियों को निर्देश दिया गया आईजीआरएस सहित अन्य स्तर से प्राप्त होने वाले प्रार्थना-पत्रों का समयबद्ध निस्तारण किया जाय। किसी भी दशा में कोई संदर्भ डिफाल्टर की श्रेणी में नहीं आना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी अवधेश कुमार मिश्र, उप जिलाधिकारी सदर डॉ. पूजा यादव, पयागपुर के दिनेश कुमार, मिहींपुरवा (मोतीपुर) के संजय कुमार व महसी के राकेश मौर्या, उपायुक्त एमआरएलएम रामेन्द्र कुशवाहा व मनरेगा के के.डी. गोस्वामी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेन्द्र प्रसाद व उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी तथा थानाध्यक्षगण मौजूद रहे।

## गुण्डा एक्ट के तहत 09 अपराधी हुए जिला बदर

बहराइच। जनपद में विधि व्यवस्था एवं लोक परिशान्ति सहित लोक व्यवस्था व जनसुरक्षा कायम रखने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट मोनिका रानी द्वारा 09 अपराधियों के विरूद्ध धारा 3(1) गुण्डा एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 06 माह के लिए जनपद से जिला बदर कर दिया गया है। इसके अलावा 11 व्यक्तियों को अपने सम्बन्धित थानें में प्रत्येक माह आगामी 06 माह तक उपस्थिति दर्ज कराये जाने के आदेश दिये गये हैं।

जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश के अनुसार थाना रामगावं अन्तर्गत ग्राम लौकना नि. मो. फुरकान पुत्र गोबरे व मतीन पुत्र बहदू उर्फ अकबर अली, थाना मोतीपुर के ग्राम मिश्रीपुरवा दा. सर्रामुन्दरी नि. संजय पुत्र ठाकुर, थाना बौण्डी के ग्राम बिसवा बगिया नि. गुड्डी पुत्र बाबादीन, थाना रिसिया के ग्राम सिखखनपुरवा दा. गोकुलपुर नि. राम सिंह पुत्र बच्चन सिंह व थाना फखरपुर अन्तर्गत ग्राम परशुरामपुर नि. मुईद बेग पुत्र बिल्लू बेग, तौसिब बेग पुत्र मुजीब बेग, गुड्डू उर्फ मोहसिन बेग पुत्र मोईन बेग व कादिर बेग पुत्र नाज़िर बेग को 06 माह के जिला बदर किया गया है। इसके अलावा थाना रामगांव अन्तर्गत ग्राम खैराधौकल नि. छब्बन खां पुत्र इब्राहीम, थाना फखरपुर के ग्राम केवलीपुरवा दा. टेण्डवामहन्त नि. मनोज पुत्र राम मिलन व श्यामू पुत्र कर्ताराम, थाना कोतवाली नानपारा के ग्राम मोतीपुरसिंहपुरवा नि. मनोज पुत्र मिहीलाल, थाना विशेश्वरगंज के ग्राम लक्खारामपुर नि. शिवप्रसाद दुबे पुत्र रामफेरे, रामकुमार उर्फ शिव कुमार पुत्र रामफेरे व रामानन्द पुत्र राम कुमार, ग्राम प्रतापपुर तरहर नि. शिव कुमार पाण्डेय पुत्र अयोध्या प्रसाद, थाना खैरीघाट के ग्राम एकघरा नि. भोलानाथ पुत्र रामहरख, थाना रिसिया के मो. राजेन्दनगर सिसई सलोन नि. सरीफुतद्दीन पुत्र बुद्धू पठान उर्फ सलीमुद्दीन, थाना मोतीपुर के ग्राम दौलतपुर नि. शकील पुत्र मोहम्मद शफी को जिला मजिस्ट्रेट द्वारा निर्देश दिया गया है कि अपने से सम्बन्धित थाने में आगामी छः माह तक प्रत्येक माह उपस्थिति दर्ज कराना सुनिश्चित करेंगे।

## उच्च शिक्षा मंत्री का आगमन 20 सितम्बर को

बहराइच। मा. प्रदेश की राज्य मंत्री, उच्च शिक्षा, श्रीमती रजनी तिवारी 20 सितम्बर 2023 को प्रस्तावित जनपद भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार अपरान्ह 01:30 बजे निरीक्षण भवन लो.नि.वि. बहराइच पहुंचकर अपरान्ह 02:00 बजे किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के सम्बंध में देवी पाटन मण्डल की विभागीय समीक्षा बैठक/प्रस्तुतीकरण/शिक्षा मंथन पर विचार-विमर्श करेंगी। इसके उपरान्त मा. मंत्री महिला पीजी कालेज की छात्राओं से संवाद कर सुविधानुसार लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगी।

## गोशाला में एक गाय मरी, तीन बीमार, ग्रामीणों ने किया हंगामा

मथुरा। बलदेव ब्लाक की ग्राम पंचायत ततरौठा के गांव नगला अर्जुन में तीन माह पहले बनी गोशाला में रविवार को एक गाय मर गई। वहीं, तीन अन्य बीमार हो गई। सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों ने हंगामा काट दिया।

भूख से मौत होने का आरोप लगाया। सीडीओ ने तहसीलदार महावन को मामले की जांच सौंपी है। विभिन्न आरोप सामने आने पर तहसीलदार ने लिखित में ग्रामीणों-प्रधान और केयरटेकर से बयान मांगे हैं। प्रशासन द्वारा तीन माह पहले ही गोशाला की यहां शुरुआत की थी। रविवार को संदिग्ध परिस्थिति में गोशाला का गेट खुला और सभी 20 गाय निकल गई। तहसीलदार मौके पर पहुंचे। गायों को ग्रामीणों की मदद से वापस गोशाला में लाया गया। यहां इनमें से एक गाय मर गई। वहीं, तीन अन्य बीमार हो गई।

तहसीलदार सुशील कुमार गुप्ता के अनुसार तत्काल डॉक्टरों की टीम पहुंची। मृत गाय के शव का पोस्टमार्टम कराया और शव जमींदोज किया गया। इसके अलावा बीमारों को दवा दी गई। बीमार गायों की तबीयत में सुधार है। इस गोशाला की देखरेख की जिम्मेदारी ग्राम प्रधान की है। ग्राम प्रधान का कहना है कि गोशाल का किसी ने ताला तोड़ गेट खोल दिया। वहीं, केयरटेकर की लापरवाही का भी आरोप लगाया गया है।

वहीं, ग्रामीणों की ओर से गोशाला में प्रधान द्वारा चारे-भूसे की व्यवस्था न करने का आरोप लगाया है। मामले में जांच की जा रही है। वहीं, ग्रामीणों ने हंगामा करना शुरू कर दिया तो तहसीलदार ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन देकर उन्हें शांत किया।

ग्रामीणों ने लगाई गोवंश को बचाने की गुहार

नगला अर्जुन निवासी भगवान सिंह सरपंच, मेंबर सिंह, सोहन सिंह, अवतार सिंह, सुन्दर सिंह, सुरेश चन्द, रामेश्वर, राजन सिंह, बच्चू सिंह आदि ने जिलाधिकारी से गोशाला में मौजूद गोवंश के लिए पर्याप्त भोजन की व्यवस्था करने की मांग की है।

# जनपद में 02 अक्टूबर तक संचालित होगा ''कचरा मुक्त भारत पखवाड़ा''

बहराइच। स्वच्छता ही सेवा-2023 कचरा मुक्त भारत पखवाड़ा अन्तर्गत 02 अक्टूबर के अवसर पर स्वच्छता के लिए जन आंदोलन के उत्सव के दृष्टिगत ''स्वच्छ भारत दिवस (एसबीडी)'' के रूप में मनाया जाना है, जो महात्मा को उनकी जयंती के दिन एक श्रद्धांजलि होगी। वार्षिक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण एवं शहरी) द्वारा संयुक्त रूप से 02 अक्टूबर तक जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान संचालित किया जायेगा। स्वच्छता पखवाड़ अन्तर्गत विशेषकर ऐसे सार्वजनिक स्थानों पर जहां लोगों का आवागमन बहुतायत में होता है जैसे-बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, पर्यटन स्थल, चिड़ियाघर राष्ट्रीय उद्यान और अभयारण्य ऐतिहासिक स्मारक नदियों के किनारे, घाट, नालियां और नाले आदि पर साफ-सफाई की गतिविधियां क्रियान्वित किया जाना है। यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि पखवाड़ा अन्तर्गत सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर विशेष सफाई अभियान चलाकर कचरा हटाया जायेगा। क्षेत्र में कूड़ेदान, सार्वजनिक शौचालय अपशिष्ट परिवहन वाहन एमआरएफएस आदि जैसी सभी स्वच्छता संपत्तियों की मरम्मत पेंटिंग साफ-सफाई और ब्रांडिंग के साथ-साथ नदी तटों विशेषकर गंगा नदी के किनारे स्थित शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों मे साफ-सफाई कराने और कचरे (प्लास्टिक सहित) को हटाने के अभियान में सहायता प्रदान की जायेगी। पखवाडत्रा के तहत पर्यावरण एवं वन विभाग अंतर्गत चिड़ियाघरों, राष्ट्रीय उद्यानों, वन्यजीव अभयारण्यों आदि संरक्षित क्षेत्रों में कूड़ा-कचरा की सफाई तथा प्लास्टिक/ पॉलीथीन फैलाने से रोकने के लिए नियमानुसार कार्यवाही तथा आमजन को जागरूक करने की कार्यवाही की जायेगी।

इसी प्रकार पर्यटन स्थलों, एएसआई द्वारा संरक्षित स्मारकों एवं छावनी परिषद क्षेत्रों में सफाई अभियान के साथ-साथ एकल उपयोग वाली प्लास्टिक (सिंगल यूज्ड प्लास्टिक) वस्तुओं के उपयोग को हतोत्साहित करने के लिए आईईसी गतिविधियां जैसे-सूखे और गीले कचरे के पृथक-पृथक पात्र रखने हेतु कैम्पेन चलाई जायेगी। पखवाड़े के दौरान स्कूलों में स्वच्छता अभियान और जागरूकता गतिविधियाँ संचालित की जायेगी आवश्यकतानुसार स्कूलों/ कॉलेजों में स्वच्छता क्लब का गठन किया जायेगा।

हर पटरी साफ-सुथरी अभियान के तहत रेल विभाग की सभी परिसंपत्तियों जैसे रेलवे ट्रैक, रेलवे स्टेशन, कॉलोनियों एवं अस्पताल आदि को भी सम्मिलित किया जायेगा। देश एवं राज्य की स्वच्छता सम्बन्धी उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिये विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। स्वैच्छिक स्तर पर संचालित होने वाले स्वच्छता अभियान नेहरू युवा केंद्र के स्वयं सेवकों, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वच्छता प्रहरियों स्वयं सहायता समूहों स्वच्छाग्रहियों आरडब्लूए एवं व्यापारी संगठनों आदि का सहयोग प्राप्त किया जायेगा। एसएचएस-2023 पखवाड़े के दौरान श्रमदान का प्रभावी अभिलेखीकरण करने के साथ विभिन्न गतिविधियों की उच्चक्षमता वाली उच्च फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी भी कराई जायेगी जिसमें ऑन-ग्राउंड गतिविधियों की चित्रों को संकलित कर एसएचएस 2023 पोर्टल पर अपलोड किया जायेगा।

जिलाधिकारी मोनिका रानी ने डीडीओ, पीडी डीआरडीए, सीएमओ, सीवीओ, डीआईओएस, बीएसए, डीसी एनआरएलएम, डीपीओ, डीओ पीआरडी, जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केन्द्र, सूचना अधिकारी तथा समस्त बीडीओ व एडीओ (पं.) को स्वच्छता ही सेवा 2023 ''कचरा मुक्त भारत'' पखवाडे का समय से क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

## राष्ट्रीय राजमार्ग और स्टेट हाईवे पर नहीं चलेंगे ई-रिक्शा, आरटीओ ने जारी किया आदेश, उल्लंघन पर कार्रवाई

मुरादाबाद। आरटीओ प्रवर्तन प्रणव झा ने बताया कि ई-रिक्शा से राष्ट्रीय और राज्य मार्गों पर दुर्घटना की संभावना अधिक रहती है। इसलिए नियम 178 के तहत इसके संचालन पर प्रतिबंध लगाया गया है। जहां प्रतिबंध लागू किया गया है वहां सूचना पट्टों पर आदेश प्रकाशित किए जाएंगे। राष्ट्रीय और राज्य मार्गों पर अब ई-रिक्शा नहीं चल सकेंगे। आरटीओ ने इस मामले में मंडल के सभी जिलों को निर्देश जारी कर दिए हैं। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी ई रिक्शा के खिलाफ कार्रवाई कर सकते हैं। आरटीओ प्रवर्तन प्रणव झा ने बताया कि नियम 178 के तहत ई रिक्शा के खिलाफ यह प्रतिबंध जारी किया गया है। इस मामले में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक के दौरान लोनिवि के अधिशासी अभियंता, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) और निजी बस के प्रतिनिधियों के बीच ई रिक्शा संचालन को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा हुई थी। परिवहन अधिकारी ने बताया कि मुरादाबाद जिले में 12513 ई रिक्शा पंजीकृत हैं। इनका संचालन राष्ट्रीय और राज्य मार्गों पर भी हो रहा है। समिति के सदस्यों ने कहा कि नगर पालिका और नगर पंचायत क्षेत्र की सीमा के बाहर ई-रिक्शा का संचालन बंद होना चाहिए। ई-रिक्शा से राष्ट्रीय और राज्य मार्गों पर दुर्घटना की संभावना अधिक रहती है। इसी कारण मुरादाबाद के सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी आंजनेय कुमार सिंह ने उत्तर प्रदेश मोटरयान नियमावली 1998 के अध्याय आठ के तहत नियम 178 के तहत ई रिक्शा को प्रतिबंधित कर दिया है। आदेश के तहत राष्ट्रीय राज मार्गों, राज्य मार्गों, नगर पालिका या नगर पंचायत की सीमा से बाहर के अंश पर ई-रिक्शा का संचालन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। इस मामले में जहां प्रतिबंध लागू किया गया है। वहां सूचना पट्टों पर आदेश प्रकाशित किए जाएंगे।

## विद्युत निगम के ट्रांसफार्मर से तेल चोरी के दोषी को दो साल की कैद

मथुरा। विद्युत उपकरणों में तोड़फोड़ व ट्रांसफार्मर से तेल चोरी के आरोपी को ईसी एक्ट कोर्ट ने सोमवार को दोषी करार देते हुए दो साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही 500 रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। थाना राया में वर्ष 2019 में राहुल पुत्र सत्य प्रकाश निवासी नानामऊ, कुरावली, मैनपुरी के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार गुणवत्तापूर्ण विवेचना एवं अभियोजन की संयुक्त प्रभावी पैरवी से आरोपी राहुल को विद्युत अधिनियम में दोषी करार देते हुए कोर्ट ने सजा सुनाई है।

## फर्जी मालिक बन कर जमीन का कर दिया बैनामा

मैनपुरी। गांव पैरार शाहपुर निवासी एक व्यक्ति से 25 लाख रुपये की ठगी कर ली गई। ठग ने खुद को एक जमीन का मालिक बताते हुए फर्जी बैनामा कर दिया। खरीदार जब कब्जा लेने गया तो पता चला कि उसके साथ धोखा हुआ है। पीड़ित ने करहल थाने में आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना क्षेत्र के गांव पैरार शाहपुर निवासी वीरेंद्र सिंह के पास 5 जून को एक व्यक्ति आया। उसने अपना नाम जैसीराम बताया। उसने ढकपुरा करहल में साढे पांच बीघा भूमि बेचने की बात कही। वीरेंद्र को साथ लेकर खेत दिखाया। अगले दिन आकर उसने खतौनी भी दिखाई। तब उन्हें पूरी तरह से विश्वास हो गया कि जैसीराम की है। जमीन का सौदा 25 लाख रुपये में तय हुआ। वीरेंद्र ने अपनी विधवा भांजी पूजा निवासी उदयपुर खुर्द आगरा के नाम 14 जून को जमीन का बैनामा करा दिया। पूजा के पति सेना में थे, उनके निधन के बाद भांजी को रुपया मिला था। रजिस्ट्री कार्यालय में सभी काम निपटाने के बाद रुपया भी दे दिया। जब वह कब्जा लेने के लिए ढकपुरा स्थित जमीन पर गया तो उसे जैसीराम ने रोक दिया। उसने बताया कि वह इस जमीन का मालिक है और उसका नाम जैसीराम है। जानकारी करने पर पता चला कि जिस व्यक्ति ने उन्हें बैनामा किया है वह फर्जी जैसीराम था। बैनामा पर लिखे नंबर पर संपर्क किया लेकिन वह बंद आ रहा था।

## चॉकलेट-चिप्स खिलाने का दिया झांसा-50 साल के अधेड़ ने आठ साल की मासूम से की दरिंदगी

कानपुर। जिस अधेड़ पर बच्ची से दरिंदगी के आरोप है उसे पूरा मोहल्ला मामा कहकर पुकारता था। मोहल्ले के लोगों के अनुसार वह ज्यादातर महिलाओं को बहनजी कहकर पुकारता था, इसलिए उसे मामा कहा जाने लगा। कानपुर के जूही थानाक्षेत्र में मामा के नाम से पुकारे जाने वाले एक 50 साल के अधेड़ ने महज आठ साल की मासूम को चॉकलेट-चिप्स खिलाने के नाम पर जंगल ले जाकर उसके साथ दरिंदगी की। मासूम दर्द से चिल्लाने लगी तो उसका गला घोंटकर मारने का प्रयास किया। जब उसने किसी से कुछ भी न कहने की बात कही तो आरोपी ने उसे छोड़ दिया। हालांकि किशोरी सीधे घर पहुंची और उसने अपने माता-पिता को पूरी घटना बताई। दरिंदे की कारस्तानी सुनकर लोगों ने आरोपी को दौड़ाकर पकड़ लिया और जमकर पीटा। इसके बाद पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मूल रूप से बिहार के पुर्निया जिला निवासी युवक पत्नी व बच्चों के साथ महीने भर पहले कानपुर आया था। मजदूरी कर वह परिवार का भरण पोषण किया करता था।

मोहल्ले के लोगों से पूछताछ शुरू की

परिवार के अनुसार सोमवार दोपहर करीब बारह बजे उसे बेटे ने बताया कि मोहल्ले में रहने वाले 50 साल के अधेड़ जिसे बच्चे मामा कहते थे, वह उनकी आठ साल की बेटी को चॉकलेट दिलाने के बहाने ले गया है। हालांकि जब काफी देर तक बेटी नहीं मिली, तो उन्होंने मोहल्ले के लोगों से पूछताछ शुरू की। बदहवास हालत में भागती हुई घर पहुंची इस बीच करीब बारह बजे बेटी बदहवास हालत में भागती हुई आई और बताया कि मामा उसे लेकर पास की मिल के जंगल में ले गए और उसके कपड़े जबरदस्ती उतारकर कुकर्म किया। जब उसने कहा कि वह किसी से शिकायत नहीं करेगी तो उसे छोड़ दिया। बिलखते बच्चे की आपबीती सुन परिजन भड़क उठे और उसे जमकर पीट दिया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने बच्ची को मेडिकल के लिए भेज दिया, जबकि आरोपी को गिरफ्तार कर उसका भी मेडिकल करा रही है। इंस्पेक्टर जूही जितेंद्र सिंह ने बताया कि मारपीट की वजह से आरोपी भी जख्मी हो गया था। इसलिए उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

मामा कहकर पुकारता है पूरा मोहल्ला

जिस अधेड़ पर बच्ची से दरिंदगी के आरोप है उसे पूरा मोहल्ला मामा कहकर पुकारता था। मोहल्ले के लोगों के अनुसार वह ज्यादातर महिलाओं को बहनजी कहकर पुकारता था, इसलिए उसे मामा कहा जाने लगा। हालांकि इस घटना के बाद लोगों में दहशत है। कहा जा रहा है कि वह अक्सर बच्चों को अपने साथ ऐसे ही कुछ खिलाने पिलाने के नाम पर ले जाता था। पुलिस अब आरोपी से विस्तार से पूछताछ में जुटी है ताकि यह पता किया जा सके कि कहीं किसी और के साथ ऐसी घटना न हुई हो।

## 7वीं की छात्रा से दुष्कर्म, बनाया वीडियो, दो गिरफ्तार

मथुरा। नौहझील थाना क्षेत्र के एक गांव की 7वीं की छात्रा से गांव के दो युवकों ने बलात्कार कर वीडियो बना लिया। उसे वायरल करने की धमकी देकर छात्रा से 20 हजार रुपये भी ऐंठ लिए। सोमवार को किशोरी के परिवार वालों को इस घटना की जानकारी हुई तो उनके होश उड़ गए। आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने देर रात दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। वाकया 28 अगस्त का है। किशोरी शाम के समय अपने खेत पर जा रही थी। तभी गांव के फुरकान और वीरेंद्र ने उसे दबोच लिया। खेत में ले जाकर उससे दुष्कर्म किया और घिनौनी वारदात की वीडियो अपने मोबाइल में कैद कर ली। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर किशोरी से रुपये मांगने लगे। किशोरी ने 20 हजार रुपये आरोपियों को दे भी दिए। इसके बाद फिर से किशोरी को पैसे देने और संबंध बनाने की मांग करने लगे। सोमवार को तंग आकर किशोरी ने इस संबंध में अपने परिवार वालों को जानकारी दी। परिवार वालों के होश उड़ गए। किशोरी के पिता ने थाना नौहझील पहुंचकर मामले में तहरीर दी। बताया कि उनकी बेटी ने लोकलाज के डर से घटना को छुपाए रखा। मगर, आरोपियों द्वारा लगातार नाजायज मांग की जाने लगी है। इंस्पेक्टर शैलेंद्र सिंह के अनुसार तहरीर के आधार पर आरोपी फुरकान और वीरेंद्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# सीडीओ की अध्यक्षता में हुई सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा

### *आईजीआरएस संदर्भो का नियमित मानीटरिंग के दिये गये निर्देश*



बहराइच। मुख्यमंत्री डैश बोर्ड के सम्बंध में सोमवार को देर शाम विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी अधिकारी प्रतिदिन अनिवार्य रूप से प्रातः एवं शाम को आईजीआरएस पोर्टल का अवलोकन करते हुए प्राप्त संदर्भो का समय से निस्तारण सुनिश्चित कराये। किसी भी दशा में संदर्भ डिफाल्टर की श्रेणी में न जाने पाये। संदर्भो के गुणवत्तापरक निस्तारण पर विशेष ध्यान दें ताकि सम्बन्धित फरियादी निस्तारण की कार्यवाही से पूरी तरह संतुष्ट हो सके।

उन्होंने कहा कि असंतुष्ट निस्तारण से विभाग की रैकिंग प्रभावित होती है इसलिए संदर्भो के निस्तारण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाय।

बैठक के दौरान उन्होनें सीएम डैश बोर्ड की विभागवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि जिन विभागों की रैकिंग संतोषजनक नहीं है वे अपने-अपने विभाग से समन्वय कर रैकिंग में अपेक्षित सुधार लाये। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी महेन्द्र पाण्डेय, पीडीडीआरडीए राज कुमार, डीएसटीओ अर्चना सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

त्रिगुट

गुरुवार 21 सितम्बर 2023

## 75 साल में बुढ़ा गई संसद

संसद का विशेष सत्र सोमवार से शुरू हो गया है। स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। संसद के गठन और कामकाज को लेकर चर्चाएं और समीक्षा होने लगी हैं। वर्तमान संसद में केवल 21 लोकसभा के युवा सांसद हैं। जब पहली संसद ग ?ठित हुई थी उस समय लोकसभा में 35 बरस से कम उम्र के युवा संसद सदस्यों की संख्या 82 थी। वर्तमान लोकसभा में 35 वर्ष से कम आयु के मात्र 21 सांसद रह गए हैं। जब पहली सांसद बनी थी उसे समय लोकसभा सदस्यों की संख्या 489 थी। अब लोकसभा सदस्यों की संख्या बढ़कर 545 हो गई है। इस संख्या को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि वर्तमान लोकसभा बूढ़े लोगों की लोकसभा बन गई है। पहली लोकसभा में सांसदों की औसत उम्र 46.5 वर्ष थी जो अब बढ़कर 55 साल हो गई है। पहले मतदान में महिलाओं ने कम मतदान किया था। 1962 में लोकसभा के चुनाव में महिलाओं का मतदान प्रतिशत 46.6 फ़ीसदी था, जो अब बढ़कर 67.4 फ़ीसदी पर पहुंच गया है। पहली लोकसभा में महिला सांसदों की संख्या 22 थी, जो अब बढ़कर 78 हो गई है।

बैठकों के मामले में लोकसभा निचले स्तर पर जा रही है। 1956 में लोकसभा की सबसे अधिक 151 दिन की बैठकें हुई थीं। 2020 में कोविड के दौरान मात्र 23 बैठकें हुई। पिछले 9 वर्षों में लोकसभा में बैठकों की संख्या लगातार घटती ही जा रही है। पहली लोकसभा के चुनाव में 53 राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा था। अब देश में राजनीतिक दलों की संख्या बढ़कर 673 हो गई है। देश में अभी तक 17 लोकसभा के चुनाव हुए हैं, जिसमें से 10 लोकसभा चुनाव में स्पष्ट बहुमत के साथ सरकार बनी है। सात लोकसभा चुनाव में किसी भी राजनीतिक दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला। 2004 के बाद से सत्ताधारी दल को लोकसभा चुनाव में सबसे ज्यादा मत प्राप्त होते हैं, यह ट्रेंड 2004 के बाद ही शुरू हुआ है। पहली लोकसभा में प्रश्नकाल के लिए 15 फ़ीसदी समय दिया गया था। चौथी लोकसभा में यह समय घटकर 11.42 फ़ीसदी रह गया था। इसके बाद के आंकड़े लोकसभा सचिवालय ने जारी नहीं किए हैं। 16वीं और 17वीं लोकसभा में हो हंगामा के बीच बैठकें हो रही हैं। बिल बिना चचा के ध्वनि मत से पास कराए जा रहे हैं। 17वीं लोकसभा का कार्यकाल सबसे ज्यादा चिंता जनक रहा है। इसमें संसद सदस्यों को पर्याप्त समय उनके प्रश्न उठाने के लिए नहीं मिला नाही उन्हें पर्याप्त समय किसी भी कानून के बारे में बोलने के लिए दिया गया। संसद सत्र की अवधि कम हो जाने के कारण सांसदों के अधिकारों में हनन भी हुआ है। 17वीं लोकसभा में परित बिलों पर विशेष चर्चा नहीं हुई, अधिकांश बिल बिना चर्चा के ध्वनिमत से बहुमत के आधार पर पास कर दिए गए, जिसके कारण जो कानून बनाए गए उनमें बार-बार संशोधन करना पड़ रहा है। सरकार ने मनी बिल के रूप में कई विधेयक पेश कर संसद के अधिकारों को सीमित कर दिया। विभागों द्वारा परिपत्र जारी कर नियमों को लगातार बदलाव किया, जिसके कारण अब कानून कम बन रहे हैं। संसद में कानून में कम संशोधन होते हुए दिख रहे हैं, जिसके कारण संसद और सांसदों के अधिकार पहले की तुलना में कम हुए हैं। संसद का विशेष सत्र नई संसद भवन में 18 तारीख से शुरू हुआ है। सारे देश एवं दुनिया में नये संसद भवन के चर्चा हो रही है। पक्ष और विपक्ष के बीच में नई संसद भवन में चर्चा के दौरान पहले ही दिन तलखी देखने को मिली है। 75 वर्ष के संसदीय इतिहास में युवाओं की संख्या और उनका प्रतिनिधित्व लोकसभा में लगातार घट रहा है, जबकि देश में युवाओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। उस हिसाब से इस असंतुलन को लेकर भी चर्चा होने लगी है। लोकसभा के अध्यक्ष निर्वाद रुप से सांसदों के अभिभावक और संसदीय प्रणाली लोकतंत्र के संरक्ष की भूमिका होती थी। सरकार के प्रति वह उत्तरदायी नहीं होते थे। पिछले कुछ वर्षों में लोकसभा के अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति की निष्ठा सत्ता पक्ष के प्रति बढ़ी है, जिसके कारण संविधान और संसदीय परम्पराओं और कार्यवाही को लेकर भी सत्ता पक्ष एवं विपक्ष में दूरियां बढ़ रही हैं।

## गणेश-वंदना

प्रो.शरद नारायण खरे

हे विघ्नविनाशक,बुद्धिप्रदायक, नीति-ज्ञान बरसाओ ।
गहन तिमिर अज्ञान का फैला,नव किरणें बिखराओ।।
कदम-कदम पर अनाचार है,
झूठों की है महफिल
आज चरम पर पापकर्म है,
बढ़े निराशा प्रतिफल
एकदंत हे ! कपिल-गजानन,अग्नि-ज्वाल बरसाओ ।
गहन तिमिर अज्ञान का फैला,नव किरणें बिखराओ ।।
मोह,लोभ में मानव भटका,
भ्रम के गड्ढे गहरे
लोभी,कपटी,दम्भी हंसते
हैं विवेक पर पहरे
रिद्धि-सिद्दि तुम संग में लेकर,नवल सृजन सरसाओ।
गहन तिमिर अज्ञान का फैला,नव किरणें बिखराओ ।।
जीवन तो अब बोझ हो गया,
तुम वरदान बनाओ
नारी की होती उपेक्षा,
आकर मान बढ़ाओ
मंगलदायी, हे ! शुभकारी,अमिय आज बरसाओ ।
गहन तिमिर अज्ञान का फैला,नव किरणें बिखराओ ।।

# वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में बढ़ती भारत की भागीदारी

प्रहलाद सबनानी

भारत, पूरे विश्व में, पहिला देश है जिसने चन्द्रयान-3 को चन्द्रमा के दक्षिणी पोल पर सलतापूर्वक उतार लिया है। अन्यथा, विश्व का कोई भी देश, अमेरिका, रूस एवं चीन सहित, अभी तक चन्द्रमा के दक्षिणी पोल पर अपना यान उतारने में सफल नहीं हो सका है। निश्चित ही भारत की यह सफलता न केवल भारत के लिए बल्कि विश्व के समस्त देशों के लिए गर्व का विश्व होना चाहिए। यदि चन्द्रयान-3 अपने उद्देश्यों में सफल हो जाता है जैसे चन्द्रमा पर पानी उपलब्ध है अथवा नहीं, चन्द्रमा पर किस प्रकार के खनिज पदार्थ ( सोना, प्लेटिनम, टाइटेनियम, यूरेनियम, आदि ) रासायनिक पदार्थ, प्राकृतिक तत्व, मिट्टी एवं अन्य तत्व पाए जाते हैं, आदि का पता लगने पर इस जानकारी का लाभ भारत के साथ ही पूरे विश्व को भी होने जा रहा है। परंतु, पश्चिमी देशों में कुछ तत्व भारत की इस महान उपलब्धि को सकारात्मक दृष्टि से न देखते हुए इस संदर्भ में अपनी नकारात्मक सोच को आगे बढ़ाते हुए दिखाई दे रहे हैं।

दरअसल, वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था आज बहुत बड़ी अर्थव्यवस्था का रूप ले चुकी है एवं इस अर्थव्यवस्था पर अभी तक केवल कुछ विकसित देशों, अमेरिका, रूस, चीन, कनाडा, ब्रिटेन आदि का वर्चस्व रहा है। परंतु, अब चूंकि भारत इस क्षेत्र में अपनी गहरी पैठ बनाता हुआ दिखाई दे रहा है अतः विकसित देश भारत की इस महान उपलब्धि को पचा नहीं पा रहे हैं। अंतरिक्ष के क्षेत्र में हाल ही के समय में भारत का एक तरह से वर्चस्व स्थापित होता दिखाई दे रहा है। आज पूरी दुनिया ही अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत का लोहा मानने लगी है। भारत ने इस क्षेत्र में अमेरिका, रूस एवं चीन जैसे देशों के एकाधिकार को तोड़ा है। भारत आज समूचे विश्व में सैटेलाइट के माध्यम से टेलीविजन प्रसारण, मौसम के सम्बंध में भविष्यवाणी और दूरसंचार जैसे क्षेत्रों में बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है और चूंकि ये सभी सुविधाएं उपग्रहों के माध्यम से ही संचालित होती हैं, अतः संचार उपग्रहों को अंतरिक्ष में स्थापित करने की मांग आज समस्त देशों के बीच बढ़ रही है। चूंकि भारतीय तकनीक तुलनात्मक रूप से बहुत सस्ती है अतः कई देश अब इस सम्बंध में भारत की ओर आकर्षित हो रहे हैं। इन परिस्थितियों के बीच चंद्रयान-3 की कम लागत में सफल लैंडिंग के बाद वैश्विक स्तर पर व्यवसायिक तौर पर भारत के लिए संभावनाएं पहले से अधिक बढ़ गयी है। आज भारतीय इसरो की, कम लागत और सफलता की गारंटी, सबसे बड़ी ताकत बन गयी है। अंतरिक्ष बाजार में भारत की धमक का यह स्पष्ट संकेत दिखाई दे रहा है और इस क्षेत्र में भारत एक धूमकेतु की तरह बनकर उभरा है। भारतीय इसरो अपने 100 से अधिक अंतरिक्ष अभियान ( चन्द्रमा मिशन, मंगल मिशन, स्वदेशी अंतरिक्ष शटल, एवं चन्द्रयान-3 सहित ) सफलतापूर्वक सम्पन्न कर चुका है। इसलिए कई विकसित देश भारत की इस असाधारण सफलता को पचा नहीं पा रहे हैं। पूर्व में भी कुछ विकसित देश भारत के अंतरिक्ष अनुसंधान कार्यक्रम को सफल होने से रोकने हेतु कुछ बाधाएं खड़ी करने के प्रयास कर चुके हैं। कई बार तो कुछ भारतीय वैज्ञानिकों को ही निशाना बनाने के प्रयास भी किए गए हैं। भारत में अंतरिक्ष अनुसंधान कार्य 60 के दशक में प्रारम्भ हुआ था एवं वर्ष 1969 में देश में इस कार्य को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से इसरो ( भारतीय अंतरिक्ष एवं अनुसंधान संस्थान ) की स्थापना की गई थी। इसरो ने पिछले 54 वर्षों के अपने कार्यकाल में अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं। वर्तमान में वैश्विक स्तर पर कुछ देश तथा निजी कम्पनियां अंतरिक्ष अनुसंधान का वाणिज्यिक उपयोग करने हेतु प्रयासरत हैं। वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था का आकार 45,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का था जो आगे आने वाले समय में 1 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो जाएगा। वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में अमेरिका की भागीदारी 56.4 प्रतिशत, यूनाइटेड किंगडम की 6.5 प्रतिशत, कनाडा की 5.3 प्रतिशत, चीन की 4.7 प्रतिशत एवं जर्मनी की 4.1 प्रतिशत है। अब भारत भी अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में अपनी भागीदारी, जो वर्तमान में 2 प्रतिशत से कुछ अधिक ( 960 करोड़ अमेरिकी डॉलर ) है, को तेजी से आगे बढ़ाना चाहता है। एक अनुसंधान रिपोर्ट ( आर्थर डी लिटिल ) में यह दावा किया गया है कि भारत की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था का आकार वर्ष 2040 तक 10,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो जाएगा। भारत ने इस उद्देश्य की प्राप्ति हेतु 6 मार्च 2019 को न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड ( एनएसआईएल ) को 100 करोड़ रुपए की अधिकृत शेयर पूंजी के साथ बैंगलोर में इसरो की वाणिज्यिक शाखा के रूप में स्थापित किया है।

इसरो की स्थापना के बाद से ही भारत के लिये इसरो ने कई कार्यक्रमों एवं अनुसंधानों को सफल बनाया है। देश में दूरसंचार, प्रसारण और ब्रॉड्बैंड अवसंरचना के क्षेत्र में विकास के लिए इसरो ने उपग्रह संचार के माध्यम से कार्यक्रमों को चलाया है। इन उपग्रहों के माध्यम से भारत में दूरसंचार, टेलीमेडिसिन, टेलीविजन, ब्रॉडबैंड, रेडियो, आपदा प्रबंधन, खोज और बचाव अभियान जैसी सेवाएं प्रदान कर पाना एवं मौसम पूर्वानुमान, संसाधनों की मैपिंग आदि करना संभव हुआ है। वर्ष 2020 में ही केंद्र सरकार ने उपग्रहों की स्थापना और संचालन के क्षेत्र में 100 प्रतिशत एफडीआइ की अनुमति निजी क्षेत्र को दी थी, जिसके परिणामस्वरूप विगत तीन वर्षों में देश में लगभग 150 नए स्टार्टअप्स प्रारम्भ हुए हैं। अप्रैल 2023 में, भारत सरकार ने भारतीय अंतरिक्ष नीति 2023 की घोषणा की है। यह नीति भारत के अंतरिक्ष विभाग की भूमिका को बढ़ाएगी और अनुसंधान, शिक्षा, स्टार्ट-अप और उद्योग को बढ़ावा देगी। भारत की अंतरिक्ष नीति अंतरिक्ष गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में निजी भागीदारी की परिकल्पना करती है और उसे प्रोत्साहित करती है। यह नीति भारतीय अंतरिक्ष क्षेत्र को खोलती है, जिससे निजी क्षेत्र को भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाने का मौका मिलता है। इसका उद्देश्य भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में शामिल विभिन्न संस्थानों की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को स्पष्ट रूप से रेखांकित करना भी है।

कुछ दशक पहिले वैश्विक अंतरिक्ष क्षेत्र में कुछ ही देशों का वर्चस्व था। भारतीय विज्ञानियों की मेहनत एवं दूरदर्शिता का ही परिणाम है कि इस मोर्चे पर भारत अब विकसित देशों के साथ खड़ा है। अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर भारत की साख बढ़ाने का प्रमुख कारण यह है कि पिछले एक दशक में इस क्षेत्र में विकास के अनेक नए आयाम स्थापित किए गए हैं। आज वैश्विक स्तर पर इसरो छठी सबसे बड़ी अंतरिक्ष एजेंसी के रूप में स्थापित हो चुका है। वर्ष 2014 में भारत विश्व में पहिली बार में ही सफलतापूर्वक मंगल ग्रह पर पहुंचने वाला देश बन चुका है। हाल ही में इसरो ने रीयूजेबल लांच व्हिकल ( आरएलवी ) के प्रक्षेपण में बड़ी सफलता हासिल की है। यह उपग्रह को अंतरिक्ष में स्थापित कर वापस लौट आएगा, जिससे न केवल इसकी लागत में कमी आएगी, बल्कि मानव को अंतरिक्ष में घुमाने में भी इसका प्रयोग किया जा सकेगा। वर्ष 2024 तक अंतरिक्ष में मानव एवं रोबोट को भेजने की योजना है।

एक अनुमान के अनुसार वर्ष 2030 तक वैश्विक स्तर पर 17,000 छोटे उपग्रहों को प्रक्षेपित किया जाना है। इसके लिये इसरो ने **SSLV (Small Satellite Launch Vehicle)** का निर्माण किया है। अब **PSLV** तथा **SSLV** मिलकर भविष्य में उपलब्ध होने वाले बाजार के लिये कम लागत पर लोजिस्टिक उपलब्ध करा सकते हैं। भारत में पहले से ही डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, स्किल इंडिया जैसे कार्यक्रम तथा स्मार्ट सिटी जैसे मिशन चलाए जा रहे हैं। यह कार्यक्रम भारत में न्यू स्पेस स्टार्टअप को सहयोग प्रदान कर कर रहे हैं। ऐसे स्टार्टअप विभिन्न तकनीकों और सेवाओं का निर्माण करते हुए इसरो के वैश्विक उपभोक्ता वर्ग ( देश तथा निजी संस्थान ) को आकर्षित करने का प्रयास कर रहे हैं। इस प्रकार इसरो और स्टार्टअप तथा विभिन्न निजी कम्पनियां आपस में मिलकर वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में भारत की भागीदारी बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। अमेरिका और पश्चिमी देशों के बेहद महंगे स्पेस मिशनों के मुकाबले भारत की अंतरिक्ष यात्रा चूंकि काफी मितव्ययी है, ऐसे में दुनिया के आर्थिक रूप से पिछड़े देश इसरो के माध्यम से अपने उपग्रह लांच कर पाएंगे। स्वदेशी उपग्रह के निर्माण और उपग्रह प्रक्षेपण की कम तुलनात्मक लागत के कारण वैश्विक स्तर पर भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। 2017 में इसरो ने कीर्तिमान स्थापित करते हुए 104 उपग्रहों को एक साथ अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित किया था, जिसमें 101 स्वदेशी उपग्रह थे। इस उपलब्धि के कारण भारत उपग्रहों के प्रक्षेपण करने वाले पसंदीदा देश के रूप में उभरा है।

# विद्वेषपूर्ण कार्यक्रमों में इण्डिया का कोई नुमाइंदा शामिल नहीं होगा

तनवीर जाफ़री

विपक्षी गठबंधन **INDIA** ने आख़िरकार सत्ता के साम्प्रदायिक एजेंडे को हर समय अपने चैनल्स पर चलाने वाले उन 14 टीवी एंकरों की एक सूची जारी कर ही डाली। अब इनके विद्वेषपूर्ण कार्यक्रमों में इण्डिया का कोई नुमाइंदा शामिल नहीं होगा। कई चैनल्स का बहिष्कार करने की बात भी कहीं गयी है। देश में यह पहली बार हुआ है जबकि 28 दलों के विपक्षी गठबंधन ने पत्रकारिता की आड़ में देश में साम्प्रदायिकता फैलाने वालों से तंग आ कर इतने राजनैतिक दलों ने एक साथ अनेक चैनल्स व ऐंकर्स के साम्प्रदायिकता फैलाने के उनके रवैय्ये के प्रति अपनी नाराज़गी जताते हुये टी वी एंकर्स व चैनल्स के बहिष्कार की घोषणा की है। गठबंधन की तरफ़ से साफ़ शब्दों में यह कहा गया है कि उसने 'नफ़रत भरे' न्यूज़ डिबेट चलाने वाले इन टीवी ऐंकर्स के कार्यक्रमों का बहिष्कार करने का फ़ैसला किया है। **INDIA** गठबंधन का आरोप है कि पिछल नौ साल से रोज़ शाम पाँच बचे कई चैनल्स पर नफ़रत का बाज़ार सज जाता है।और हम सब वहां उस नफ़रत के बाज़ार में ग्राहक के तौर पर जाते हैं. परन्तु नफ़रत भरे नैरेटिव को मंज़ूरी नहीं दी जा सकती। क्योंकि यह नैरेटिव देश व समाज को कमज़ोर कर रहा है।

जिन 14 कथित पत्रकारों की सूची जारी की गयी है उनमें दो पत्रकार तो ऐसे भी हैं जो गंभीर अपराधों के आरोप में जेल भी जा चुके हैं। हालांकि **INDIA** गठबंधन ने अभी केवल 14 टीवी ऐंकर्स की सूची ही जारी की है परन्तु दरअसल सत्ता की दलाली करने वाले चाटुकार ऐंकर्स व सम्पादकों की संख्या इससे ज़्यादा है। यह चाटुकार पत्रकार झूठी ख़बरें फैला कर,निराधार विमर्श गढ़कर केवल देश का साम्प्रदायिक सौहार्द ही नहीं बिगाड़ रहे बल्कि यह पत्रकारिता जैसे ज़िम्मेदाराना व नैतिकतपूर्ण पेशे को भी कलंकित कर रहे हैं। इनमें तिहाड़ी के नाम से प्रसिद्ध हो चुका एक पत्रकार पिछले ही दिनों केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी द्वारा एक लाईव शो में सिर्फ़ इसलिये ज़लील किया गया क्योंकि उसने दस वर्षों में शायद पहली बार मंत्री महोदया से टमाटर की बढ़ती क़ीमतों के बारे में एक मामूली सा सवाल कर लिया था। मंत्री महोदया ने उसे उसकी तिहाड़ यात्रा याद दिला दी। गोया दस साल तक चरणों में पड़े रहने व दलाली करने का भी यही सिला मिला तिहाड़ी को ? बहरहाल,यह वही ऐंकर्स व मीडिया है जो गत दस वर्षों से देश में ढूंढ ढूंढ कर ऐसे विषय छेड़ता है या उकसाता है जिससे देश का सामाजिक सौहार्द बिगड़े। याद कीजिये कोरोना काल में दिल्ली के निज़ामुद्दीन स्थित मरकज़ में मिले जमाअत के लोगों को इन्होंने कोरोना जिहाद फैलाने वालों के नाम से प्रचारित किया था। मुंबई में कोरोना के समय जब भीड़ रेलवे स्टेशन पर इकठ्ठा हुई तो इन्हीं में से एक ऐंकर की नज़र उस वीज़ुअल पर पड़ी जिसमें भीड़ के पीछे एक मस्जिद नज़र आई। बस ,फिर क्या था। ऐंकर गला फाड़ कर चीख़ने लगा कि इस भीड़ का मस्जिद से क्या कनेक्शन है ? अभी गत 2 जून को उड़ीसा में बालासोर जिले में बहनगा बाजार रेलवे स्टेशन के निकट तीन ट्रेन्स एक साथ हादसे का शिकार हो गई। वहां भी इन्हीं दलाल व नफ़रतबाज़ टी वी ऐंकर्स ने बोलना शुरू किया कि दुर्घटनास्थल के पास एक मस्जिद है। परन्तु बाद में पता चला की वह मस्जिद नहीं बल्कि मंदिर था। इसी तरह अभी कर्नाटक में तिहाड़ी ने साम्प्रदायिक नफ़रत के एजेंडे से लबरेज़ एक भ्रामक ख़बर चला दी। परन्तु इसबार उसे अपना यह साम्प्रदायिक पूर्वाग्रह भारी पड़ा। उसके विरुद्ध कर्नाटक में प्राथमिकी दर्ज हो गयी है। मामला इस समय कर्नाटक उच्च न्यायलय पहुँच चूका है। उसे जल्द ही गिरफ़्तार भी किया जा सकता है।

न्यूज़ ब्रॉडकास्टर्स एंड डिजिटल एसोसिएशन ( एनबीडीए ) जिसमें अधिकांश गोदी मीडिया से जुड़े संपादक स्तर के लोग ही शामिल हैं,कुछ टी वी न्यूज़ ऐंकर्स तथा भारतीय जनता पार्टी ने 14 टी वी ऐंकर्स के बहिष्कार के इंडिया गठबंधन के फ़ैसले की आलोचना की है। एनबीडीए के अध्यक्ष अविनाश पांडेय ने तो इस फ़ैसले को मीडिया का गला घोंटने जैसा बताया है। उन्होंने कहा कि जो गठबंधन ( **INDIA** ) लोकतांत्रिक मूल्यों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की बात करता है वो इसे ख़त्म करता नज़र आ रहा है। एनबीडीए ने कहा है कि संगठन को इंडिया गठबंधन के इस फ़ैसले से काफ़ी पीड़ा हुई है और वो इसे लेकर चिंतित है। उसने कहा है कि इस फ़ैसले ने एक ख़तरनाक मिसाल पेश की है। हालांकि चुनिंदा पत्रकारों का बहिष्कार ख़ुद भारतीय जनता पार्टी भी करती रही है। कई वर्षों तक भाजपा ने रवीश कुमार के रहते एन डी टी वी में अपना प्रवक्ता नहीं भेजा। अब ख़बर है कि ए बी पी न्यूज़ में संदीप चौधरी के तीखे सवालों से घबराकर भाजपा ने उनके शो में भी अपना प्रवक्ता भेजना बंद कर दिया है। स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गाठ दस वर्षों में एक भी संवाददाता सम्मलेन नहीं बुलाया। जहां तक विपक्षी गठबंधन **INDIA** द्वारा सत्ता के चाटुकार ऐंकर्स व चैनल्स के बहिष्कार का सवाल है तो यह पूरा देश व दुनिया के सामने है कि किस तरह मुख्यधारा के तमाम मीडिया चैनल 2013 से ही अपना पत्रकारिता धर्म भूलकर भारतीय जनता पार्टी के सहयोगी की भूमिका अदा कर रहे हैं। वे भाजपा के गुप्त सांप्रदायिक एजेंडे को बेरोकटोक प्रचारित प्रसारित करते हैं। 2014 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद तो इन गोदी मीडिया चैनल्स ने बेशर्मी व बेहयाई की सभी हदें पार कर दी हैं। यह गत दस सालों से सरकार से मंहगाई,बेरोज़गारी,तेल गैस के बढ़ते मूल्य,डॉलर के मुक़ाबले भारतीय मुद्रा का लगातार गिरते जाना,मणिपुर,मानवाधिकार,चीनी घुसपैठ,भ्रष्टाचार जैसे अनेक सवाल सत्ता व सरकार से पूछने के बजाए कभी कांग्रेस कभी राहुल गाँधी तो कभी विपक्ष से ही सवाल पूछते रहते हैं। पूरा विश्व सत्ता की की जा रही इनकी दलाली व चाटुकारिता को देख कर सतब्ध है।

भारतीय मीडिया का इतना अपमान देश के इतिहास में इसके पहले कभी नहीं हुआ। ऐसे ही ज़मीर फ़रोश स्वयंभू पत्रकारों की वजह से मुख्य धारा के भारतीय मीडिया को गोदी मीडिया,दलाल मीडिया,चाटुकार मीडिया,चरण चुम्बक,बिकाऊ मीडिया,भांड मीडिया और न जाने कैसे कैसे नामों से नवाज़ा जा चुका है। आज हालत यह है कि यह सत्ता परस्त व समाज विभाजक बदनाम शुदा टी वी ऐंकर्स जनता के मध्य रिपोर्टिंग करने के लिये नहीं जा सकते। अगर कहीं गये भी हैं तो इन्हें जनता के आक्रोश का सामना करना पड़ा है। इनमें से कई तो सरकारी सुरक्षा के कवच में रहा करते हैं। विषवमन कर देश में दंगाई पैदा करने वाले ज़मीरफ़रोशों का बहिष्कार निश्चित रूप से ज़रूरी तो था ही परन्तु इनके साथ ही उनके विरुद्ध भी सख़्त कार्रवाई की ज़रुरत है जो पर्दे के पीछे से इन ऐंकर्स को संचालित करते हैं यानी इनके आक़ाओं व उनके समस्त चैनल्स को भी प्रतिबंधित किया जाना चाहिये। क्योंकि ऐसे अवसरवादी व शुद्ध व्यवसायिक मानसिकता रखने वाले मीडिया घरानों की वजह से ही आज भारतीय मीडिया घोर संक्रमणकाल के दौर से गुज़र रहा है।

# प्रैक्टिस एक्टिस छोड़ो ग्रहदशाएं ठीक करवाओ ....

चैतन्य भट्ट

अब किसी भी खेल के खिलाड़ी को प्रैक्टिस एकटिस करने की बिलकुल जरुरत नहीं है जरूरत है तो अपनी कुंडली दिखाने की और अगर कोई ग्रह उल्टा सीधा हो तो उसका उपाय करवाने की, क्योंकि एक खबर अब सामने आई है कि पिछले साल एशिया कप क्वालीफाइंग में कोलकाता में अफगानिस्तान के खिलाफ खिलाड़ियों का जो चुनाव हुआ था उसमें उनकी प्रैक्टिस नहीं देखी गई बल्कि उनका चुनाव एक ज्योतिषी जी की सलाह पर हुआ और उस ज्योतिषी की सलाह पर दो खिलाड़ियों को बाहर भी कर दिया गया क्योंकि ज्योतिषी का कहना था कि उनकी ग्रह दशा ठीक नहीं चल रही है इसलिए हो सकता है टीम हार जाए, इस ज्योतिषी को दस लख रुपए का पेमेंट भी किया गया । जबसे ये खबर सामने आई है तब से सब खिलाड़ी मैदान छोड़कर ज्योतिषियों के दरवाजे पर दस्तक दे रहे हैं, अपनी अपनी कुंडली लेकर उनसे ये पूछ रहे हैं कि उनकी ग्रह दशा कैसी चल रही है, राहु की महा दशा है या केतु की, शनि का साया है, या मंगल क्रोध में है साडेसाती है या कोई ग्रह वक्री हो गया है और उसके लिए उसे क्या उपाय करना होगा क्योंकि जब खिलाड़ियों का चुनाव ग्रह दशाओं के माध्यम से हो रहा हो तो फालतू की प्रेक्टिस करके काहे को अपना समय और शरीर बर्बाद किया जाए, वैसे एक हिसाब से ये भी ठीक बात है क्योंकि हर इंसान के कार्यकलापों पर ग्रह दशा का असर पड़ता है अगर टाइम ठीक नहीं चल रहा है तो सारे करे कराए पर पानी फिर जाता है और अगर टाइम ठीक हो तो फिर तो बल्ले बल्ले है ही । अपना मानना तो ये है कि अब खिलाड़ियों के चुनाव के लिए खेल के एक्सपर्ट की बजाय ज्योतिषियों की ही नियुक्ति की जाना चाहिए क्योंकि जब खिलाड़ियों का चुनाव ग्रह दशाओं पर ही निर्भर है तो फिर उन एक्सपर्ट्स की जरूरत ही क्या है? वे बेचारे जो दो खिलाड़ी बाहर कर दिए गए थे अपनी ग्रह दशा ठीक करवाने के लिए ज्योतिषियों के पास जाकर लाल किताब के उपाय पूछ रहे हैं कि कैसे उनकी ग्रह दशा ठीक हो पाए और अगली बार उनका चुनाव हो जाए । यह भी पता लगा है कि कई खिलाड़ी तो ज्योतिषियों से सेटिंग भी कर रहे हैं कि भैया मालमत्ता ले लेना लेकिन यही बताना कि हमारी ग्रह दशा एकदम टनाटन हैऔर अगर हमें टीम में ले लिया तो जीत पक्की है, वैसे भी भारतीयों को ज्योतिषियों पर बड़ा विश्वास है । बड़े-बड़े ज्योतिषी इस देश में है जो दुनिया भर की भविष्यवाणी करते हैं लेकिन ये नहीं बता पाते कि आज उनके पास कितने क्लाइंट आने वाले हैं । जोधपुर के एक बड़े भारी ज्योतिषी थे जिनकी कई किताबें भी ज्योतिष पर निकली थी बड़े नेता, अभिनेता,व्यापारी उद्योगपति उनके घर के सामने लाइन लगाए रहते थे , उनसे सलाह लेते थे लेकिन भाई साहब को ये नहीं मालूम था कि उनकी कुंडली में इनकम टैक्स के अफसर बैठ गए हैं, ऐसा छापा मारा कि सारा माल जो ज्योतिषी जी ने कमाया था इनकम टैक्स वाले ले गए लेकिन क्या किया जाए विश्वास तो किसी पर भी हो जाता है, और आजकल तो ज्योतिष का धंधा सबसे बढ़िया है हर लगे ना फिटकरी रंग चोखा हो ।

कौन नहीं सुंदर दिखना चाहता

हाल ही में एक सर्वे में ये जानकारी निकल कर सामने आई है कि ब्यूटी प्रोडक्ट खरीदने में अपना भारतवर्ष सबसे आगे है दुनिया के तमाम देश अपने देश से ब्यूटी प्रोडक्ट खरीदने में पीछे रह गए हैं।अपनी चमड़ी को लेकर भी लोग बाग भारी चिंतित रहते है और क्यों न हों, हर व्यक्ति खूबसूरत और सुंदर दिखना चाहता लड़के वाले जब लड़की देखने जाते हैं तो सबसे पहले यही देखते हैं कि लड़की गोरी है कि नहीं ,अगर गोरी है तो शादी पक्की है और अगर लड़की सांवली या काली है तो फिर बताते हैं कहकर निकल आते हैं । दुनिया खूबसूरती के पीछे भाग रही है कौन-कौन से प्रोडक्ट नहीं बाजार में है कोई आपको गोरा कर रहा है, तो कोई झाइयां दूर करने की बात करता है, कोई कील मुंहासे को जड़ से उखाड़ करने का दावा कर रहा है तो कोई चेहरे पर ग्लो लाने का लाने का दम भर रहा है। पहले तो महिलाओं के लिए ही ब्यूटी प्रोडक्ट बाजार में थे लेकिन आजकल तो मर्दों के ब्यूटी प्रोडक्ट भी धड़ल्ले से बिक रहे हैं स्किन वाले डॉक्टरों की तो चांदी है एक तो उसमें इमरजेंसी नहीं होती,दूसरा इलाज में लंबा वक्त लगता है और अगर ठीक नहीं हुए तो डॉक्टर कह देता है आपने खान-पान में परहेज नहीं किया इसलिए आपकी चमड़ी लटक गई है, वैसे एक बात तो है कि खूबसूरती भगवान की देन है लेकिन ये कंपनी वाले भगवान के दिए हुए चेहरे और चमड़ी को चैलेंज करने में जुटे हैं यही कारण है कि ड्यूटी प्रोडक्ट खरीदने में भारत नंबर वन पर पहुंच चुका है। अभी और पता नहीं कितनी कंपनी आएंगी जो आपकी खूबसूरती पर चार चांद लगाने की बात करेगी। लोग बाग भी सोचते हैं भले ही पैसा लग जाए लेकिन हसीन तो दिखने लगे बस इसी का फायदा तो कंपनी वाले उठा रहे हैं ।

सपने में भी टिकट दिख रही

आगामी दो-तीन महीने के भीतर विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं हर छोटा बड़ा नेता इस वक्त अर्जुन का रूप धारण किए हुए हैं और पार्टी की टिकट हो गई है चिड़िया की आंख, पूरा ध्यान सिर्फ टिकट पर ही केंद्रित है कि येन केन प्रकारेन टिकट मिल जाए हर नेता की एक ही चाहत है उसे ही टिकट मिले लेकिन टिकट मिलेगी कैसे और किसको लेकर इसको लेकर भी वे बेचारे भारी परेशान हैं किस-किस के दरवाजे पर नहीं जा रहे, किस-किस से जुगाड़ नहीं लगवा रहे लेकिन अभी तक टिकट डार्लिंग का दूर-दूर तक पता नहीं है बीजेपी ने तो एक लिस्ट जारी कर दी लेकिन कांग्रेस अभी सोच विचार में जुटी है कि टिकट दें तो किसे दें। एक हसीना कई दीवाने वाली स्थिति है इस हसीना को पाने के लिए हर नेता सपने में भी उसी को देख रहा है ,रात हो ,दिन हो ,शाम हो ,सुबह हो बस एक ही चिंता कि टिकट मिल जाए ऊपर तक नाम चला गया है यानी टिकट मिलना पक्का है ऐसा सोच हर नेता का है उधर हाई कमान भी खूब मजे ले रहा है ,टिकट के उम्मीदवार भोपाल से लेकर दिल्ली तक अप डाउन कर रहे हैं उनको आश्वासन पर आश्वासन मिल रहे हैं कि चिंता मत करो टिकट तो तुमको ही मिलेगी पर मिलना किसको है ये बात तो हाई कमान के अलावा भगवान भी नहीं जानता फिर भी कोशिश करने में कोई पीछे नहीं है

# संक्षिप्त समाचार

## गन्ना समितियों में आयोजित हुआ सट्टा प्रदर्शन मेला

प्रयागराज। नए पेराई सत्र के मद्देनजर सोमवार से जिले में गन्ना समितियों पर सट्टा प्रदर्शन मेले की शुरुआत हुई। 25 सितंबर तक चलने वाले मेले के पहले दिन प्री कैलेंडर से संबंधित किसानों की शिकायतों का निस्तारण किया गया। बहेड़ी में ब्लॉक प्रमुख अमरिंदर सिंह गोल्डी ने मेले का शुभारंभ किया। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक संजय कुमार राव नेगन्ना विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ज्यादातर किसानों को प्राथमिक कैलेंडर वितरण का कार्य पूरा किया जा चुका है। किसानों को ग्राम सर्वे और ग्राम स्तरीय सट्टा प्रदर्शन के दौरान कमियां सुधरवाने का मौका दिया गया था। जिन किसानों के प्राथमिक कैलेंडर में कोई कमी रह गई तो किसान मेले में पहुंचकर इसे सही करा सकते हैं। भूल सुधार का यह आखिरी मौका है। इसके बाद किसी तरह का संशोधन संभव नहीं होगा। नवाबगंज की सहकारी गन्ना समिति के किसान सभागार में विधायक डॉ. एमपी आर्य और गन्ना विकास परिषद के अधिकारियों ने शुभारंभ किया। कल्याणपुर के किसान जमुना प्रसाद फौजी और पिपरा निगाही के इंद्रपाल ने पेड़ी का सर्वे शून्य करने की शिकायत की। विधायक ने जांच कराकर दिक्कत दूर कराने को कहा। यहां ओसवाल चीनी मिल के गन्ना महाप्रबंधक गजेंद्र सिंह, मंजीत सिंह अरोरा, प्रदीप सिंह आदि मौजूद रहे। मीरगंज गन्ना समिति पर विधायक डॉ. डीसी वर्मा ने मेले का शुभारंभ किया। यहां पहले दिन कुल 86 शिकायतें आईं। इनमें से 22 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। कार्यक्रम में जिला गन्ना अधिकारी यशपाल सिंह, सचिव गीतेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## एमआर शेरवानी लीग के सेमीफाइनल मुकाबले 23 को

प्रयागराज। इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित कर्नल एमआर शेरवानी लीग 2022-23 के सेमीफाइनल मुकाबले 23 सितंबर को खेले जाएंगे और फाइनल 24 सितंबर को होगा। इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के संयुक्त संयोजक ( लीग एवं मंडल ) एलबी काला के अनुसार 23 सितंबर को सेमीफाइनल मुकाबला डीपीएस मैदान पर भानु प्रताप सिंह क्रिकेट क्लब व चौधरी नौनिहाल सिंह क्रिकेट क्लब के बीच एवं खेलगांव पब्लिक स्कूल मैदान पर ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज व फाफामऊ क्रिकेट क्लब के बीच होगा। फाइनल मुकाबला खेलगांव मैदान पर होगा।

## गुड्डू राजा बने जन आक्रोश यात्रा बुंदेलखंड प्रभाग के सह प्रभारी

ललितपुर। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव चंद्रभूषण सिंह उर्फ गुड्डू राजा बुंदेला को पार्टी ने बड़ी जिम्मेदारी दी है। पार्टी हाईकमान मंगलवार से जन आक्रोश यात्रा का शुभारंभ कर रही है। इसमें बुंदेलखंड प्रभाग का प्रभारी पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव को और सह प्रभारी गुड्डू राजा को बनाया गया है। जन आक्रोश यात्रा आठ जनपदों के 34 विधानसभा क्षेत्रों में करीब 1400 किमी दूरी तय कर दो अक्तूबर को भोपाल में संपन्न होगी। मध्य प्रदेश विधान सभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने जनता के बीच जाकर भाजपा सरकार का पर्दाफाश करने का निर्णय लिया है, इसी के तहत कांग्रेस पार्टी मंगलवार से 14 दिवसीय जन आक्रोश यात्राएं निकाल रही है। सात जन आक्रोश यात्राओं में बुंदेलखंड प्रभाग की जिम्मेदारी पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव व प्रदेश महासचिव गुड्डू राजा को सौंपी गई है।

## विपक्षी तूल न दें... पीड़ितों किया दूर

कौशांबी। तिहरे हत्याकांड को लेकर सोमवार को मोहीउद्दीनपुर गांव में सियासियों का जमावड़ा लगना था। पुलिस ने रणनीति के तहत मुकदमे के वादी को कोतवाली में बैठाने के साथ ही परिवार के अन्य सदस्यों को अन्यत्र भेज दिया। कुछ रिश्तेदार व मृतक होरीलाल की पत्नी रामसंवारी ही मौके पर मौजूद थी। सपा का प्रतिनिधि मंडल पूर्व मंत्री आरके चौधरी, कांग्रेस का राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नारवाल, भाजपा के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण का कार्यक्रम मोहीउद्दीनपुर में लगा था। विपक्षी मामले को तूल न दे पाएं। इसलिए पुलिस अफसरों ने रणनीति तैयार की। मृतक होरीलाल के दामाद रामचंद्र को समझाया गया कि फालतू की बयानबाजी न की जाए। होरीलाल की बेटियों को उनके मायके छबिलवा भेज दिया गया। पासी बिरादरी के एक नेता महौल को गर्म कर रहे थे। उनके कान में एएसपी ने न जाने क्या समझाया, वह खामोश हो गए।

आरोप- पुलिस शव न देखने दिया

कांग्रेस नेताओं के साथ होरीलाल के बड़े भाई बांकेलाल ने बताया कि पुलिस पहले रात में ही अंतिम संस्कार कराना चाहती थी। उन्होंने हिंदू धर्म का हवाला देकर सुबह अंतिम संस्कार को कहा तो लाश सीधे घाट में पहुंचा दी गई। घरवाले शवों को देख तक नहीं पाए। बाद में वह हर्रायपुर से कफन लाए तब जाकर पहले से खोदे गए गड्ढे ( पुलिस द्वारा ) में शव दफन करवा दिया। मृतक की बेटी सूरजकली ने भी आरोप लगाया कि पुलिस हमलावरों को गिरफ्तार करने के बजाय उनके घरों की रखवाली कर रही है।

## मुठभेड़ में 25 हजार के इनामी पशु तस्कर को लगी गोली, गिरफ्तार

कुशीनगर। तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के सपही टड़वा नहर के पास रविवार की देर रात पुलिस और पशु तस्कर में मुठभेड़ हो गई। इसमें गोली लगने से पशु तस्कर घायल हो गया। उसके पैर में गोली लगी है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से तमंचा-कारतूस बरामद हुआ है। गिरफ्तार बदमाश पडरौना कोतवाली क्षेत्र के बसहिया बनवीरपुर निवासी आलमगीर के खिलाफ पडरौना कोतवाली, विशुनपुरा और तुर्कपट्टी थाने में पशु तस्करी के मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। बताया जा रहा है कि तुर्कपट्टी के थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह और विशुनपुरा के एसएचओ रामसहाय चौहान के नेतृत्व में दोनों थानों की फोर्स सीताराम चौराहे पर वाहनों की जांच कर रही थी। उसी दौरान पुलिस ने बिहार की तरफ से आ रहे एक बाइकसवार को रुकने का इशारा किया तो वह बाइक घुमाकर गांव के रास्ते भागने लगा। दोनों टीमों ने अलग-अलग दिशा से उसे सपही टड़वा नहर के पास घेर लिया। अपने को घिरा देखकर उसने फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई की। पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। उसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसका नाम आलमगीर बताया गया है, जो पडरौना कोतवाली क्षेत्र के बसहिया बनवीरपुर का निवासी है। पुलिस ने जिला अस्पताल में उसका इलाज कराया और विधिक कार्रवाई में जुट गई। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## मितौली में मानक विहीन चार अस्पतालों में जड़ा ताला

मितौली। सीएचसी अधीक्षक ने सोमवार को कस्बे में चल रहे चार अस्पतालों का निरीक्षण किया। इस दौरान बिना पंजीकरण के मानक विहीन चार अस्पतालों में ताला डलवा दिया। इससे कस्बा एवं आसपास के क्षेत्र में अवैध रूप से चल रहे अस्पताल संचालकों में खलबली मची है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. देवेंद्र सिंह ने बताया कि डीएम एवं सीएमओ के निर्देश पर अवैध अस्पताल, क्लीनिक, अल्ट्रासाउंड एवं पैथोलॉजी सेंटर के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को कस्बा स्थित सोनम हॉस्पिटल के निरीक्षण में कई मरीज भर्ती मिले। न तो अस्पताल का रजिस्ट्रेशन मिला है और न ही बायोवेस्ट के इंतजाम। अधीक्षक ने बताया कि अस्पताल के पर्चे पर डॉ. पूनम की डिग्री एमबीबीएस लिखी मिली, जबकि डॉ. पूनम डिग्री के बारे में कोई जानकारी नहीं दे सकीं। अस्पताल संचालक प्रसव संबंधी आंकड़े तक नहीं दे सके। इसलिए अस्पताल सील कर दिया गया। पिपरझला के मंदीप एवं नाजरीन हॉस्पिटल का भी पंजीकरण नहीं मिला। यहां डिग्री धारक डॉक्टर और प्रशिक्षित स्टाफ नहीं था। इन दोनों अस्पतालों को भी सील कर दिया गया। उधर, दतेली गांव स्थित अशोक हॉस्पिटल का भी रजिस्ट्रेशन नहीं मिला और न ही डॉक्टर मिले। इसे भी सील किया गया है।

## शिविर लगाकर की बुखार के मरीजों की जांच, बांटी दवाएं

मैनपुरी। नगर पंचायत ज्योंती में बुखार के मरीज लगातार बढ़ रहे हैं। इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने नगर पंचायत कार्यालय परिसर में स्वास्थ्य शिविर लगाया। इसमें बुखार के मरीजों की जांच कर उन्हें दवाओं का वितरण भी किया गया। साथ ही मच्छरों से बचने के लिए सावधानी बरतने के निर्देश भी दिए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. जेपी वर्मा के नेतृत्व में पांच सदस्यीय टीम सोमवर को ज्योंती पहुंची। टीम ने नगर पंचायत ज्योंती खुड़िया कार्यालय में शिविर लगया। यहां बुखार से पीड़ित मरीजों की जांच कर उन्हें दवाओं का वितरण किया गया। कुल 30 मरीजों को चिकित्सकों ने दवाओं का वितरण किया गया। इसमें सात मरीजों की कंपलीट ब्लड काउंट के लिए स्लाइड बनाई गई। वहीं पांच मरीजों की मलेरिया जांच भी की गई, जो निगेटिव आई। सीबीसी की रिपोर्ट मंगलवार को मरीजों को उपलब्ध कराई जाएगी। डॉ. जेपी वर्मा ने लोगों को बुखार से बचाव के लिए फुल आस्तीन के कपड़े पहनने और पानी जमा न होने देने के लिए कहा। उन्होंने अपील की कि मच्छरों से बचाव रखने के साथ ही बुखार आने पर तत्काल नजदीकी अस्पताल में जाएं।

# इरफान सोलंकी को बड़ा झटका- कोर्ट ने खारिज कीं चारों अर्जियां, शरीफ ने दी गवाही...खुद को बताया बेगुनाह

कानपुर। एडीजीसी भास्कर मिश्रा ने बताया कि शरीफ से उसकी विधानसभा व उसकी विधानसभा के विधायक के बारे में प्रश्न पूछा गया। समय खत्म होने के कारण शेष जिरह आज होगी।

कानपुर के जाजमऊ आगजनी मामले में इरफान के अधिवक्ता की ओर से लगभग एक माह पहले एमपीएमएलए सेशन कोर्ट में दी गई चारों अर्जियां विशेष न्यायाधीश सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी ने खारिज कर दी हैं। इरफान व रिजवान की ओर से बचाव पक्ष को गवाही पेश करनी है। पहली व दूसरी अर्जी में कहा गया था कि दस्तावेजों को देखकर लगता है कि कनीज ने ही तहरीर में नजीर के फर्जी हस्ताक्षर बनाए हैं इसलिए हस्तलेख विशेषज्ञ से नजीर फातिमा और कनीज जेहरा के लेख व कथित हस्ताक्षर की जांच व मिलान न्यायालय की फाइल व तहरीर से कराई जाए। तीसरी अर्जी में घटना के दिन सात नवंबर 2022 को डायल 112 पर दी गई। घटना की सूचना के संबंध में लखनऊ स्थित डायल 112 के मुख्यालय से रिपोर्ट मंगाए जाने की मांग की गई थी।

चौथी अर्जी में मुकदमे की वादिनी नजीर फातिमा की बेटी कनीज जेहरा, मुकदमे के गवाह अकील अहमद व मो.नसीम और आरोपी इरफान व रिजवान सोलंकी के मोबाइल नंबरों की सात और आठ नवंबर 2022 की कॉल डिटेल रिपोर्ट और लोकेशन हिस्ट्री मोबाइल कंपनी व सर्विलांस विभाग के पूर्वी जोन के पुलिस उपायुक्त से मंगाने की मांग की गई थी।

आधार न पाते हुए अर्जियां खारिज कीं

एडीजीसी भास्कर मिश्रा ने बताया कि अभियोजन की ओर से सभी अर्जियों पर आपत्ति जताई गई थी। मुकदमें को लंबित रखने के लिए अर्जियां देने की बात कही गई थी। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने पर्याप्त आधार न पाते हुए चारों अर्जियां खारिज कर दी हैं।

शरीफ ने दी गवाही, खुद को बेगुनाह बताया

जाजमऊ आगजनी मामले में अभियुक्त मो.शरीफ ने सोमवार को एमपीएमएलए सेशन कोर्ट में अपने बयान दर्ज कराए। अभियोजन ने शरीफ से जिरह भी शुरू कर दी थी लेकिन समय पूरा होने के कारण जिरह पूरी नहीं हो सकी। शेष जिरह मंगलवार को होगी। गवाही के दौरान शरीफ ने कोर्ट में बताया कि घटना के दिन 7 नवंबर को उसकी बेटी का जन्मदिन था और वह परिवार के साथ जन्मदिन समारोह मना रहा था। शेष जिरह मंगलवार यानि आज होगी

एक दिन पहले छह नवंबर को उसे पुताई और फॉलसीलिंग का एक ठेका मिला था जिसके काम में वह व्यस्त था। वह घटना के दिन घटनास्थल पर मौजूद नहीं था।

घटना के बाद सादी वर्दी में पहुंचे पुलिसवाले उसे घर से पकडक़र ले गए और गिरफ्तारी दिखाई थी। एडीजीसी भास्कर मिश्रा ने बताया कि शरीफ से उसकी विधानसभा व उसकी विधानसभा के विधायक के बारे में प्रश्न पूछा गया। समय खत्म होने के कारण शेष जिरह मंगलवार को होगी।

# सोनौली बॉर्डर-चंडीथान तक ट्रकों की कतार, चालक परेशान

महराजगंज। गोरखपुर-सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगभग एक माह से ट्रकों की लंबी कतार चंडीथान तक लगी है।

चालकों को परेशानी हो रही है। ट्रक चालक चार-चार दिन से भोजन सड़क पर बनाने के लिए विवश हैं। सामान समय से नहीं पहुंचने से नेपाल के व्यापारी परेशान हैं। जानकारी के मुताबिक, लगभग एक माह से गोरखपुर-सोनौली मार्ग पर ट्रकों का जाम लगा है। प्रत्येक दिन जाम कम होने के बजाय बढ़ता जा रहा है। सोमवार सुबह नौतनवां के पेट्रोल पंप के पास कुछ ट्रक चालक भोजन बनाते दिखे। ट्रक चालक मुकेश कुमार ने बताया कि कोलकाता से मशीन पार्ट्स लेकर सिद्धिविनायक जाना है। चार दिन से नौतनवां में ही अटके हुए हैं। बिलकुल आगे नहीं बढ़ सके हैं। जाम कम नहीं हो रहा है। पता नहीं कब तक यह स्थिति रहेगी। बंगाल से आए ट्रक चालक कारु, मिथिलेश और सागर ने बताया कि कोलकाता से मशीन पार्ट्स लेकर भैरहवा जाना है। जाम होने के कारण समस्या हो रही है। ट्रक चालकों ने कहा कि रास्ते में रुकने पर समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। गाड़ी देर से होने से खर्चा व्यापारियों को वहन कहना पड़ेगा। नेपाल से व्यापारियों के फोन लगातार आ रहे हैं, लेकिन क्या किया जाए। कुछ व्यापारी तक नौतनवा तक आकर स्थिति के बारे में जानकारी ले रहे हैं। स्थिति देखकर लग रहा है कि आने वाले 15 दिनों तक जाम कम होने वाला नहीं है।

## पूजा करने से रोका, नमाज पढ़ने के लिए बनाया दबाव; लव मैरिज से पहले अजीम ने खुशी से किया था ये वादा

मुरादाबाद। मुरादाबाद में एक विवाहिता ने पति और ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि ससुराल वालों ने पूजा करने से रोका और नमाज पढ़ने के लिए दबाव बनाया। छह माह पहले खुशी ने अजीम से प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद दहेज के लिए परेशान किया। मामले में पति समेत चार आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। मुरादाबाद के बिलारी थाना इलाके में दूसरे समुदाय के युवक से प्रेम विवाह करने वाली एक युवती ने पति और ससुराल वालों पर नमाज पढ़ने के लिए दबाव बनाने और पूजा करने से रोकने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पति समेत पांच ससुरालियों पर केस दर्ज किया है। रविवार को पुलिस ने पति समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। बिलारी नगर के मोहल्ला महाजनान निवासी खुशी ने केस दर्ज कराया है। इसमें उसने बताया कि छह माह पहले नगर के मोहल्ला अंसारियान निवासी अजीम ने उसे प्रेम जाल में फंसा कर शादी कर ली थी। तब अजीम ने कहा था कि उसे अपने धर्म छोड़ने की कोई जरूरत नहीं है। उसका परिवार भी किसी तरह का कोई दबाव नहीं बनाएगा। लेकिन अब पति साथ रखने से इनकार कर रहा है। साथ ही ससुराल वाले मारपीट करते हैं और धर्म परिवर्तन का दबाव बनाते हैं। उसे पूजा पाठ करने से रोका जाता है। इसके अलावा पति और ससुराल वाले दबाव बनाते हैं कि वह नमाज पढ़े। युवती ने इसका विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की गई। वह चार माह की गर्भवती है।

विरोध करने पर पति उसे तलाक देने की धमकी देता है। कोतवाली प्रभारी रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपी पति अजीम, ससुर मुराद अली, सास नसीमा जहां, जेठ वसीम और ननद सायबा के खिलाफ आईपीसी की धारा 498ए, 323, 504 और उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3 और 5 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस मामले में पति समेत चार आरोपी गिरफ्तार कर लिए हैं।

## छप्पर के नीचे सो रही महिला पर गिरी कच्ची दीवार, मौत

मैनपुरी । गांव ऊंचा इस्लामाबाद में सोमवार की सुबह एक मकान की कच्ची दीवार छप्पर के नीचे सो रही महिला पर गिर गई। चीख पुकार सुनकर पहुंचे परिजन ग्रामीणों के सहयोग से मलबा हटा कर महिला को बाहर निकाला। तब तक महिला की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। किशनी की कुसमरा चौकी क्षेत्र के गांव ऊंचा इस्लामाबाद निवासी गीता देवी ( 40 ) का आधा मकान कच्चा और आधा पक्का बना हुआ है। पति बलवंत बाहर मेला आदि आयोजन में दुकान लगा कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। रविवार की रात को गीता कच्चे मकान वाले हिस्से में छप्पर के नीचे चारपाई डाल कर सो रही थी। सोमवार की सुबह करीब चार बजे अचानक कच्ची दीवार उन पर ढह गई। गीता की चीख पुकार सुनकर परिजन व आसपास रहने वाले ग्रामीण जाग गए। महिला को मलबा के नीचे दबा देख अफरा-तफरी मच गई। कुछ ही देर में ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। सभी ने मलबा को हटाने के बाद गीता देवी को बाहर निकाला।

# हाई ग्रेड फीवर से तीन और मौतें- हैलट का फीवर वार्ड फुल हुआ, तीन रेजीडेंट डॉक्टर भी इमरजेंसी में भर्ती

कानपुर। डॉ. कुशवाहा और डॉ. प्रियदर्शी ने बताया कि हाई ग्रेड फीवर के बाद रोगियों के सांस तंत्र में दिक्कत होती है। लिवर के इंजाइम बढ़ जा रहे हैं। इसके साथ ही रोगियों के जोड़ों में बहुत दर्द होता है।

हैलट के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डा आरके सिंह ने बताया कि रोगी अधिक होने से न्यूरो के वार्ड में शिफ्ट किए गए। कानपुर में हाई ग्रेड फीवर तेजी से लोगों को दबोच रहा है। हालत यह है कि हैलट का फीवर वार्ड फुल हो गया है और मेडिसिन विभाग के तीन जूनियर डॉक्टर हाई ग्रेड फीवर की चपेट में आ गए हैं। इन्हें इमरजेंसी में भर्ती किया गया है। इस बीच सोमवार को इसके 148 रोगी अस्पतालों में आए। हैलट आए रोगियों में से इमरजेंसी की मेडिसिन यूनिट में 60 रोगी भर्ती किए गए, जबकि रोगियों की मौत हो गई। मेडिसिन यूनिट में जगह कम पड़ने पर कुछ रोगियों को न्यूरो विभाग में भी भर्ती किया गया। डॉक्टरों का कहना है कि बुखार के बाद वायरल संक्रमण का सबसे बुरा असर रोगियों के लिवर, फेफड़ों और शरीर के जोड़ों पर आ रहा है। हाई ग्रेड फीवर के बाद रोगियों की तबियत अचानक बिगड़ रही है। हैलट में तीन रोगी जब अस्पताल पहुंचे तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। एक रोगी मंधना से तड़के हैलट आया।

तेज बुखार के बाद रोगियों की हालत बिगड़ी

डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इसी तरह दोपहर में दो रोगी आए। मेडिसिन के प्रोफेसर डॉ. जेएस कुशवाहा ने बताया कि दोनों ब्रॉट डेड थे। वहीं रोगियों के परिजनों का कहना था कि तेज बुखार के बाद रोगियों की हालत बिगड़ गई। अस्पताल लेकर भागे, लेकिन रास्ते में ही मौत हो गई। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के संचारी रोग प्रभारी डॉ. बीपी प्रियदर्शी ने बताया कि फीवर वार्ड फुल है।

बढ़ जा रहे हैं लिवर के इंजाइम

वहीं उर्सला में हाई ग्रेड फीवर के नौ रोगी भर्ती किए गए। इसके अलावा चार रोगी डेंगू के भर्ती हुए। इसके साथ ही यूडीएसपी पोर्टल में बुखार के 19 रोगियों की सूची जारी की गई। सोमवार को हैलट की मेडिसिन की ओपीडी में चार सौ रोगी आए। इनमें 120 रोगी बुखार के थे। डॉ. कुशवाहा और डॉ. प्रियदर्शी ने बताया कि हाई ग्रेड फीवर के बाद रोगियों के सांस तंत्र में दिक्कत होती है। लिवर के इंजाइम बढ़ जा रहे हैं।

डेंगू-मलेरिया का एक-एक, चिकुनगुनिया के तीन रोगी मिले

सोमवार को यूएसडीपी पोर्टल पर एक डेंगू, एक मलेरिया और तीन चिकुनगुनिया के रोगियों की सूची जारी की गई। डेंगू संक्रमित लखनपुर, मलेरिया संक्रमित जूही लाल कालोनी का रहने वाला है। इसके अलावा स्वरूपनगर, हर्षनगर और विकासनगर में चिकुनगुनिया संक्रमित मिले हैं। डेंगू संदिग्ध 51 रोगियों के सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं। 145 रोगियों के सैंपल मलेरिया की जांच के लिए भेजे गए।

# रेलवे अस्पताल के डॉक्टर समेत पांच के खिलाफ केस, दहेज में 50 लाख रुपये मांगने का आरोप

मुरादाबाद। चिकित्सक की पत्नी ने तहरीर देते हुए कहा है कि उसे दहेज न लाने के कारण घर से निकाल दिया गया। आरोप लगाया कि चिकित्सक ने प्रेमजाल में फंसाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए व वीडियो बनाकर ब्लेकमेल भी किया। मुरादाबाद के सिविल लाइंस थाने में जिला अस्पताल के डॉक्टर समेत पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। महिला का आरोप है कि डॉक्टर ने नशा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया। महिला ने पुलिस से शिकायत की तो आरोपी ने उसके साथ कोर्ट मैरिज कर ली। अब आरोपी और उसके परिवार के लोग दहेज में पचास लाख रुपये की मांग कर रहे हैं। मझोला थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला ने दर्ज केस में कहा है कि उसकी मुलाकात बुलंदशहर के जहांगीराबाद नई बस्ती निवासी डॉ. वीरेंद्र कुमार से हुई थी। डॉ. वीरेंद्र ने उसे प्रेमजाल में फंसा कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। तब आरोपी ने मोबाइल से वीडियो बना ली और पीड़िता को ब्लैकमेल किया। पीड़िता का आरोप है कि गर्भवती होने पर आरोपी ने दवा खिलाकर उसका गर्भपात करा दिया था। महिला ने इसकी शिकायत पुलिस से की तो आरोपी ने 25 जनवरी 2022 को शादी कर 27 जनवरी को विवाह का रजिस्ट्रेशन भी करा दिया। इसके बाद आरोपी उसे अपने घर ले गया था।

घर ले जाकर आरोपी पति और उसके माता-पिता व भाई ने उसे दहेज के लिए परेशान करना शुरू कर दिया। आरोप है कि पीड़िता से दहेज में 50 लाख रुपये की मांग की गई। महिला ने विरोध किया तो पति डॉ. वीरेंद्र, सास हरनंदी, ससुर विजयपाल और जेठ सतेंद्र ने मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। इसी बीच बीच डॉ. वीरेंद्र ने अपनी ड्यूटी बाहर लगवा ली। 17 अगस्त को पति सिविल लाइंस स्थित अपने घर आए थे। महिला घर पहुंची तो उसे दोबारा मारपीट कर घर से निकाल दिया। सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर ने बताया कि महिला की तहरीर पर डॉ. वीरेंद्र कुमार, उनकी मां हरनंदी, पिता विजयपाल और भाई सतेंद्र के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएंगे। उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## नेपाल में हरितालिका तीज धूमधाम से मनाई गई

महराजगंज। नेपाल के महेशपुर, नवलपरासी, भैरहवा समेत अन्य शहरों में हरितालिका तीज धूमधाम से मनाई गई। भाद्र शुक्ल पक्ष तृतीया के दिन मनाई जाने वाली हरतालिका ( तीज ) पर्व देवादिदेव महादेव की पूजा के साथ मनाई गई। धार्मिक मान्यता है कि जो भी भाद्र शुक्ल पक्ष तृतीया का व्रत के साथ शिव-पार्वती की पूजा करता है, उसे पारिवारिक सुख, शांति और समृद्धि मिलती है। व्रत की शुरुआत सतयुग में हिमालय की पुत्री पार्वती को गौरीघाट पर तपस्या कर महादेव को पति के रूप में पाने का वरदान हासिल हुआ था।

## नागफनी में फंदे पर लटक कर युवक ने की आत्महत्या, मिठाई की दुकान पर काम करता था गौरव

मुरादाबाद। सीओ देश दीपक ने बताया कि लटकने से मौत होने की पुष्टि हुई है। आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है। युवक के परिजनों से पूछताछ की जा रही है। नागफनी थाना क्षेत्र के बंगला गांव में युवक ने फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। वह अपने नाना के घर रहता था। शुक्रवार सुबह उसका शव फंदे पर लटका मिला। आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। संभल के बहजोई निवासी गौरव ( 25 ) नागफनी थाना क्षेत्र के बंगला गांव में अपने नाना रामभरोसे के घर रहता था। वह मिठाई की दुकान पर काम करता था। राम भरोसे ने बताया कि गौरव बचपन से ही उनके घर पर रहता था। गौरव के पिता की मृत्यु हो गई थी। इसके बाद उसकी मां की दूसरी शादी करा दी थी। गौरव को राम भरोसे ने अपने अपने ही रोक लिया था। रविवार रात खाना खाने के बाद वह कमरे में सोने चला गया था। सोमवार सुबह देर तक वह सोकर नहीं उठा। तब उसके कमरे में जाकर देखा तो दुपट्टे के सहारे उसका शव फंदे से लटका हुआ था।

इसकी जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और फोरेंसिक टीम भी मौके पर बुला ली गई। टीम ने जांच पड़ताल की। सीओ देश दीपक ने बताया कि लटकने से मौत होने की पुष्टि हुई है। आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## कौशांबी में कैश वैन लूट का प्रयास करने के लिए मिर्जापुर के आरोपियों से पूछताछ

मिर्जापुर। कैश वैन लूट हत्याकांड का खुलासा करने के लिए पुलिस कौशांबी में कैश वैन लूट की घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों से पूछताछ कर रही है। कौशांबी में दिसंबर 2019 में कैश वैन पर बम फेंक कर लूट की घटना को अंजाम देने का प्रयास किया गया था। जिसमें कैश वैन चालक की सूझबूझ से लूट होने से बची थी।

जिसके बाद पुलिस ने घेरेबंदी कर मुठभेड़ में पुलिस ने एक बदमाश को पकड़ लिया था। कौशांबी घटना में पकड़े गए आरोपी से पूछताछ करने पर मिर्जापुर के रहने वाले भी घटना में लिप्त पाए गए। कौशांबी लूट घटना का प्रयास करने वाले आरोपियों से मिर्जापुर पुलिस पूछताछ कर रही है। कौशांबी लूट प्रयास मामले में कैश वैन कंपनी में पूर्व में काम करने वाला कर्मचारी भी शामिल था। इस हिसाब से यह हो सकता है कि मिर्जापुर की घटना में भी कहीं कैश वैन कंपनी का कोई पुराना कर्मचारी तो नहीं शामिल है। वैसे पुलिस कैश वैन कंपनी में काम कर चुके हर व्यक्ति से पूछताछ कर रही है। जिससे अपराधियों का पता चल सके। बता दें कि कौशांबी लूट कांड प्रयास मामले में पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ही कौशांबी में तत्कालीन एसपी थे। उनके निर्देशन में ही लूट का प्रयास करने वाले आरोपी पकड़े गए थे। पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने बताया कि कौशांबी लूट कांड का प्रयास करने वाले आरोपी जो मिर्जापुर के रहने वाले थे। उनसे भी पूछताछ किया गया है।

## मलेरिया विभाग परिसर में ही पनप रहे मच्छर

मिर्जापुर। जो स्वास्थ्य महकमा संचारी अभियान चलाकर लोगों को मच्छर से बचाव के लिए पानी न जमा होने देने के लिए जागरुक करता है। वहीं मलेरिया विभाग कार्यालय के परिसर में ही रास्ते में गंदा पानी काफी समय से जमा है। मच्छर तो पनत ही रहे है। रास्ते में गंगा पानी होने और काई लग जाने से आने जाने में समस्या हो रही है। लोग गिरकर चोटिल भी हो रहे है। सड़ांध के चलते जो समस्या हो रही है वो अलग है। इस समय डेंगू, मरेलिया, डायरिया आदि वायरल बीमारियों का प्रकोप फैला है। अस्पताल में मरीजों की भीड़ है। यह सब रोग मच्छर और गंदगी के चलते फैलता है। स्वास्थ्य विभाग संचारी रोग अभियन चलाकर लोगों को जागरुक करता है कि घर में या कही भी पानी इकट्ठा न होने दे, पर यहां जो चिराग तले अंधेरा वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। महिला अस्पताल परिसर में पुरानी सीएमओ कार्यालय में बने मलेरिया विभाग परिसर में ही गंदा पानी इकट्ठा है। जिसमें मच्छर तो पनप ही रहे है। मलेरिया विभाग में आने जाने वाले रास्ते पर ही गंगा पानी जमा है।

## गैंगस्टर सुनील फौजी ने युवक पर तानी पिस्टल

टीपीनगर-रोहटा थाना क्षेत्र के बड़ौदा गांव निवासी मुस्लिम परिवार के एक युवक ने गांव निवासी गैंगस्टर सुशील फौजी के चचेरे भाई पर सरे बाजार में पिस्टल तानकर और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए एसएसपी से शिकायत की है। एसएसपी ने सीओ सरधना को जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

पुलिस के अनुसार भड़ौदा गांव निवासी इरफान पुत्र सईद सोमवार को एसएसपी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने कहा कि कुख्यात बदमाश सुशील फौजी ने बीते दिनों उनके घर में घुसकर जानलेवा हमला किया था। पीड़ित ने थाने में शिकायत की थी और पुलिस ने इस पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। बदमाश पीड़ित परिवार पर पूर्व में दर्ज मुकदमे को वापस करने का दबाव बना रहा है।

उनका यह भी कहना है कि दो दिन पूर्व वह पास के गांव में बाजार से सामान खरीदने के लिए गया था। जहां सुशील फौजी के चचेरे भाई ने बाजार में उन पर पिस्टल तान दिया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित सोमवार को एसएसपी कार्यालय पहुंचा। एसएसपी रोहित सिंह सजवाण का कहना है कि सीओ सरधना को जांच कर कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं।

क्लीनिक में मरीज व स्टाफ में मारपीट, तोड़फोड़, एक घायल

टीपीनगर थाने से चंद कदम दूर डॉ. अमित जैन के क्लीनिक में सोमवार को स्टाफ व मरीज के बीच मारपीट हो गई। मरीज के परिजनों ने क्लीनिक में जमकर तोड़फोड़ की। मारपीट में एक युवक घायल हो गया है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है।

पुलिस के अनुसार बागपत रोड पर डॉ. अमित जैन क्लीनिक चलाते हैं। सोमवार को उनके क्लीनिक पर कंकरखेड़ा शोभापुर निवासी दर्शन स्वयं का चेकअप कराने आए थे। चिकित्सक ने उनसे रिपोर्ट मांगी तो युवक ने व्हाट्सएप पर रिपोर्ट मंगाने की बात कही। जिस पर डॉक्टर ने उसे बाहर बैठने के लिए कहा और अन्य मरीजों को देखने लगे। व्हाट्सएप पर रिपोर्ट आने के बाद जब युवक चिकित्सक के पास जाने लगा तो स्टाफ ने उन्हें रोक दिया। इस बात को लेकर उनके बीच कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। युवक ने फोन कर अपने पांच-छह दोस्तों को क्लीनिक पर बुला लिया। जिसके बाद स्टाफ और युवकों के बीच जमकर मारपीट हुई। आरोप है कि युवकों ने क्लीनिक में भी तोड़फोड़ की है। थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार का कहना है कि दोनों पक्षों की ओर से तहरीर मिली है। मामले की जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

दूसरे समुदाय के युवक ने नाम बदलकर किशोरी से की दोस्ती

कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र की एक किशोरी से दूसरे समुदाय के युवक ने नाम बदलकर इंस्टाग्राम पर पहले दोस्ती की। इसके बाद किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। सोमवार को पीड़ित परिजनों ने आरोपी युवक को किशोरी के साथ बाइक पर घूमते पकड़ लिया और जमकर हंगामा किया।

परिजन आरोपी युवक को पकड़कर थाने ले आए। थाना प्रभारी अजय कुमार का कहना है की तहरीर मिल गई है। जांच के बाद आई कार्रवाई की जाएगी।

# प्रदेश भर के शोरूम से बाइकों की लिस्ट निकलवा कर की जा रही छानबीन

मिर्जापुर। कैश वैन लूट व हत्या मामले की जांच में जुटी पुलिस और एसटीएफ की टीम अपराधियों की सुरागकसी में लगी है पर अभी भी उनके हाथ कुछ नहीं लग सका है। टीमें घटना में प्रयुक्त बाइकों की तलाश कर रही है। इसके लिए पूरे प्रदेश से इस तरह बाइकों की खरीद करने वालों की सूची निकालकर उनकी जांच की जा रही है। जिससे की पता चल सके कि घटना में प्रयुक्त बाइक किसकी है। अब तक एक हजार बाइक की जांच भी की जा चुकी है। कैश वैन लूट हत्याकांड की जांच में जुटी पुलिस टीम ने पहले सीसी टीवी और सर्विलांस के जरिए मोबाइल नंबर के प्रयोग आदि की छानबीन की। पुलिस ने कई संदिग्धों को उठाया, पर पुलिस को अभी अपराधियों के बारे में कोई पुख्ता सुबूत हाथ नहीं लग सका है। पुलिस अपराधियों तक पहुंचने के लिए हर पहलू को खंगाल रही है। जिससे कि पुलिस को अपराधियों के बारे में कोई जानकारी मिल सके। घटना में काली व लाल रंग की अपाचे आरटीआर 160 सीसी और डार्क आरेंज रंग राइडर कंपनी की बाइक का प्रयोग हुआ था। मामले में पुलिस प्रदेश में स्थित कंपनी के शोरुम से घटना में प्रयोग बाइक की लिस्ट निकलवा रही है। अपाचे बाइक पर आगे और पीछे अलग नंबर प्लेट लगा था। नंबर प्लेट फर्जी पाया गया। बाइक के माडल और रंग के आधार पर उसकी छंटनी की जा रही है। उसके बाद जिन लोगों ने इस तरह की बाइक को खरीदा है। उनकी सूची निकलवाकर छानबीन की जा रही है। प्रदेश भर में हजारों बाइक की सूची मिली है। इसमें अब तक एक हजार बाइक की जांच भी की जा चुकी है। सत्यापन किया जा रहा है कि बाइक किसकी है। अभी बाइक कहां है। जिसकी बाइक है, उसके बैकग्राउंड का भी पता किया जा रहा है। बिहार और मध्य प्रदेश की पुलिस से भी शोरुम से इस तरह के बाइक की जानकारी कराई जा रही है।

*मुठभेड़ में पकड़े गए बिहार के अपराधी के कनेक्शन की भी जांच*

मिर्जापुर। कुछ दिन पहले कछवां थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने बिहार के एक इनामी अपराधी को मुठभेड़ में पकड़ा था। पुलिस लूट मामले में इस अपराधी के कनेक्शन और गैंग की भी जांच कर रही है। कछवां पुलिस ने 10 सितंबर की रात को 25 हजार के इनामी बदमाश को मुठभेड़ में पकड़ा था। बदमाश ने पुलिस पर फायर किया था तो पुलिस की आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में उसके बाएं पैर में गोली लगी थी। अमित सिंह चौधरी निवासी कुराइच थाना सासाराम टाउन जिला रोहतास बिहार को पुलिस ने पकड़ा था। पुलिस लूट मामले में इस आरोपी की भी जांच कर रही है। यह भी आशंका है कि कहीं उसके साथियों ने तो बदला लेने के लिए लूट की घटना को अंजाम देकर पुलिस को चुनौती नहीं दी है।

## खराब गुणवत्ता के चलते पुलिया धंसी

मैनपुरी। इटावा-बरेली हाईवे की चौड़ीकरण में नाला निर्माण में प्रयोग की जा रही घटिया सामग्री को लेकर स्थानीय लोगों ने सोमवार सुबह प्रदर्शन किया। लोगों का कहना था कि निर्माण कंपनी द्वारा घटिया काम किया जा रहा है। इसके चलते निर्माण के कुछ ही समय में नाला की पुलिया धंस गई है। लोगों का कहना है कि निर्माण कंपनी ने गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा है। इटावा से होकर बरेली जाने वाला हाईवे बेवर से होकर गुजरता है। कस्बे के बस स्टैंड चौराहे से मोहम्मदाबाद की ओर हरियाणा की सूर्या कंस्ट्रक्शन कंपनी निर्माण कार्य कर रही है। फर्रुखाबाद रोड पर ब्रह्मदेव आश्रम के पास लगने वाली सब्जी मंडी में नाले की पटिया खराब गुणवत्ता के चलते टूट गई है। सब्जी व्यापारी राजू बाथम, राघवेंद्र दीक्षित, मंजू शाक्य, बंटू शाक्य, आकाश राठौर, सर्वेश शाक्य, बंटू राठौर, जिलेदार शाक्य, राजेंद्र शाक्य ने डीएम से गुणवत्ता सुनिश्चित कराकर निर्माण कराने की मांग की है।

## जानलेवा बीमारी

# मुरादाबाद में बुखार से युवती की जान गई, ठाकुरद्वारा में लगातार बढ़ रहा मौत का आंकड़ा

मुरादाबाद। मुरादाबाद जिले में बुखार और डेंगू से लगातार लोगों की जान जा रही है। ग्रामीण इलाकों की स्थिति सबसे खराब है। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव ने बताया कि किसी को डेंगू व बुखार के लक्षण होने पर वह 0591-2411224 कॉल करके जानकारी दे सकते हैं। स्वास्थ्य विभाग मरीजों के घर में व आसपास फॉगिंग करा रहा है। ठाकुरद्वारा में बुखार से वार्ड दो निवासी रेनू ( 20 ) की मौत हो गई। उसे चार दिन पहले बुखार आया था। ठाकुरद्वारा के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। प्लेटलेट्स लगातार कम हो रही थीं। अस्पताल ने हाथ खड़े किए तो परिजन रेनू को लेकर मुरादाबाद के लिए रवाना हुए लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। क्षेत्र में स्थिति यह है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर 470 नए मरीज मंगलवार को देखे गए। इनमें से 90 को बुखार था। भायपुर और रामपुर घोघर में लगे कैंप में 128 मरीजों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। इनमें 34 बुखार के मरीज पाए गए। जिनकी जांच के लिए उनके खून के सैंपल लिए गए हैं। जिले में डेंगू के दो नए मरीज मिले हैं। इनमें शाहपुर तिगरी निवासी 30 वर्षीय युवक व बुद्धि विहार निवासी 26 वर्षीय युवक शामिल हैं। इनमें से एक जिला अस्पताल में भर्ती है। जबकि दूसरा मरीज घर पर उपचार ले रहा है। जिले में अब डेंगू के मरीजों की संख्या 249 हो गई है। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव का कहना है कि यदि किसी को डेंगू व बुखार के लक्षण हैं तो वह 0591-2411224 पर कॉल करके जानकारी दे सकते हैं। स्वास्थ्य विभाग मरीजों के घर में व आसपास फॉगिंग करा रहा है। साथ ही क्षेत्र में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाए जा रहे हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## नोटिस देने के बाद भी जर्जर क्वार्टरों को नहीं कराया गया ध्वस्त

रामपुर। बारिश के बीच जर्जर भवनों के चलते लोगों की जिंदगी खतरे में हैं। मोहल्ला चिरान में स्थित कई जगह सरकारी क्वार्टरों की हालत जर्जर हो चुकी है। तेज आंधी ओर फिर बारिश के साथ यह मकान कभी भी भरभराकर गिर सकते हैं। नोटिस दिए जाने के बाद भी ये क्वार्टर ध्वस्त नहीं कराए गए हैं। चिरान मोहल्ले में स्थित प्रांतीय लोक निर्माण विभाग की बिल्डिंग बनी हुई है। यहां पर कार्यालय से ही कुछ दूरी पर आवासीय मकान बने हुए हैं जो काफी सालों से जर्जर पड़े हुए हैं। जब यहां पर बारिश होती है तो यहां पर पूरी गलियां लबालब हो जाती है और घरों में पानी भर जाता है। घर के अंदर की दीवारों में दरारें पड़ चुकी हैं। हाल ही में जर्जर भवनों को ध्वस्त कराने के निर्देश जारी हुए थे, लेकिन अभी तक कार्रवाई नहीं हुई। यहां रहने वाले लोगों का भी कहना है कि यहां छत के ऊपर दीवारें चटक चुकी हैं, कभी भी भरभराकर गिर सकती हैं, लेकिन कोई और प्रबंध न होने के चलते यही पर बसर करने को मजबूर हैं। पीडब्ल्यूडी ने 13 क्वार्टर चिह्नित किए थे, लेकिन इन्हें ध्वस्त नहीं कराया।

## रेलवे फाटक पर मिले शव की हुई शिनाख्त

प्रतापगढ़ । थाना क्षेत्र के चौरही रेलवे फाटक के पास रविवार की सुबह मिले अज्ञात व्यक्ति के शव की पहचान हो गई है। सूचना पाकर मृतक के बेटे सत्यम मौर्य ने अपने परिजनों के साथ थाने पहुंचकर बताया कि मेरे पिता बृजेश मौर्य ( 45 ) निवासी रामपुर गडौली की मानसिक स्थिति ठीक नही थी। शनिवार की रात लगभग दो बजे वह घर से बिना बताए कहीं चले गए। सोमवार की सुबह अखबार मे अज्ञात शव की खबर छपी तो मानिकपुर थाने जाकर पता किया, वह पिता बृजेश कुमार ही थे। मृतक की पत्नी सरला देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के चार बच्चे सत्यम, शिवम, सचिन, नितिन हैं। अब तक किसी बच्चे की शादी नहीं हुई है।

## लापरवाही पर एसओ समेत चार लाइन हाजिर

प्रतापगढ़ । पीड़ितों की शिकायतों को गुणवत्ता के साथ निस्तारित न करना महेशगंज थानाध्यक्ष, निरीक्षक, दरोगा व एक मुख्य आरक्षी को भारी पड़ गया है। लापरवाही सामने आने पर पुलिस अधीक्षक ने सभी को लाइन हाजिर कर दिया है। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने सभी थानाध्यक्षों को जनसुनवाई के साथ ही आईजीआरएस( इंटीग्रेटेड ग्रीवेंसेस रिडर्सल सिस्टम ) से संबंधित शिकायतों का हर पहलू पर जांच कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही थानेदारों से फरियादियों की शिकायतों को तत्काल निस्तारित करने को कहा है। शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न होने पर एसपी ने महेशगंज एसओ प्रमोद सिंह, कुंडा कोतवाली के निरीक्षक श्याम प्रकाश पांडेय कुंडा में तैनात दरोगा विनय सिंह व संग्रामगढ़ थाने के मुख्य आरक्षी सुदामा प्रसाद को लाइन हाजिर कर दिया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शिकायतों का निस्तारण करने पर जांच करने वाले पुलिसकर्मी को हर पहलू देखकर रिपोर्ट देनी होगी। अन्यथा बीट सिपाही से लेकर थानेदार जिम्मेदार होंगे।

## फर्जी संविदाकर्मियों के भुगतान की जांच शुरू

प्रतापगढ़ । अंतू नगर पंचायत में फर्जी संविदाकर्मियों के नाम पर मानदेय भुगतान की जांच शुरू हो गई है। बिराहिमपुर वार्ड की सभासद रत्ना सिंह ने डीएम और नगर विकास मंत्री को पत्र भेजकर मामले की शिकायत दर्ज कराई थी। उनका आरोप है कि नगर पंचायत में प्रयागराज की सेवा प्रदाता कंपनी ने 47 आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को तैनात किया था, जबकि नगर पंचायत से 67 संविदा कर्मचारियों को मानदेय जारी किया जा रहा है। शिकायत पर डीएम ने प्रशासनिक अधिकारी को जांच सौंपी है। जांच अधिकारी ने संबंधित लोगों से अभिलेख प्रस्तुत करने को कहा है।

## सड़कों की खोदाई पर रोक, बिजली विभाग को छह लाख का नोटिस

प्रतापगढ़ । नगर पालिका ने शहर में सड़कों की खोदाई पर रोक लगा दी है। इस वजह से भुपियामऊ से मेडिकल कॉलेज तक भूमिगत केबल बिछाने का काम ठप हो गया है। पालिक ने बिजली विभाग को काम से पहले रखरखाव खर्च के रूप में 6,14,580 रुपये जमा करने का नोटिस जारी किया है। इस रकम से खोदी गई सड़कों की मरम्मत कराई जाएगी। भुपियामऊ से मेडिकल कॉलेज तक करोड़ों की लागत से भूमिगत केबल डालने का काम किया जा रहा है। इससे मेडिकल कॉलेज को बिजली कटौती से मुक्ति मिल जाएगी। करीब छह किलोमीटर दूरी तक केबल बिछाने का काम ग्रामीण क्षेत्रों में पूरा हो चुका है। अब शहरी क्षेत्र में सड़कों की खोदाई कर केबल डाली जा रही है। केबल डालने के लिए होने वाली खोदाई से शहर की सड़क व पटरियों को नुकसान हो रहा था। सोमवार को शहर में कृषि भवन के निकट सड़क खोदाई के कार्य को नगर पालिका कर्मियों ने रोक दिया। ईओ नगर पालिका राम अचल कुरील ने बताया कि बिजली विभाग को 6,14,580 रुपये पालिका के कोष में जमा करना होगा। ताकि खोदाई के दौरान खराब सड़कों को दुरुस्त कराया जा सके। कार्य रुकने के बाद बिजली विभाग के जिम्मेदारों ने पालिका के कोष में धनराशि जमा कराने की तैयारी शुरू कर दी है।

## बुझा परिवार का चिराग, दोनों मासूम एक ही कब्र में दफन

प्रतापगढ़ । कोवताली के धधुआ गाजन निवासी बबलू यादव के पुत्र अगम( 9 ) व अर्नव ( 7 ) की शनिवार की रात सर्पदंश से मौत हो गई। इससे परिवार का चिराग बुझ गया। पिता परदेश से रविवार की रात घर पहुंचे। दोनों बेटों का शव देख वह बदहवास हो गए। सोमवार को दोनों को एक ही कब्र में दफनाया गया। पुलिस प्रशासन ने दोनों बच्चों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने का प्रयास किया, लेकिन परिजनों ने यह कहते हुए इनकार कर दिया कि जब घर का चिराग ही बुझ गया तो जांच करवाकर क्या करेंगे। इसके बाद दोनों भाइयों का शव एक ही चारपाई पर रखकर अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया। दोनों की अर्थी उठते ही परिजन बिलखने लगे। ग्रामीण भी अपने आंसू नहीं रोक पाए। एक साथ ही दोनों सगे भाइयों के शव का अंतिम संस्कार किया गया। कोतवाल अवन दीक्षित ने बताया कि परिजनों के इन्कार के बाद शव उनको सुपुर्द कर दिया गया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, साथी गंभीर

प्रतापगढ़ । कोतवाली के रायपुर तियाई के पास सोमवार की रात अज्ञात वाहन की टक्कर से सांगीपुर के टिकनिया निवासी नंदलाल ( 42 ) की मौत हो गई। उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक सवार हेलमेट नहीं लगाए था। खबर पाकर परिजन रोते बिलखते ट्रॉमा सेंटर पहुंचे। नंदलाल सोमवार को बाइक से रिश्तेदारी रानीगंज कैथौला के करीब राजापुर गया था। वहां से शाम सवा सात बजे वह बाइक से अपने साथी गिरीश ( 37 ) के साथ घर लौट रहा था। तभी रायपुर तियाई पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। दोनों सड़क पर गिर पड़े। वहां पहुंची पुलिस घायलों को उपचार के लिए ट्रामा सेंटर ले गई। यहां डॉक्टरों ने नंदलाल को मृत घोषित कर दिया। मृतक नंदलाल दो भाइयों में बड़ा था। वह उड़ीसा में रहकर एक कंपनी में नौकरी करता था। कुछ दिन पहले ही घर आया था।

## संसद में उठा फीस वृद्धि, छात्रसंघ बहाली का मुद्दा

प्रयागराज। सपा सांसद प्रो. रामगोपाल यादव ने संसद के विशेष सत्र के दौरान सोमवार को राज्यसभा में इलाहाबाद विश्वविद्यालय ( इविवि ) में फीस वृद्धि और छात्रसंघ बहाली का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि छात्रसंघ बहाली के लिए छात्र 300 दिन से अधिक समय से अनशन पर बैठे हैं, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू ने प्रधानमंत्री रहते हुए छात्रों की मांग पर तत्कालीन कुलपति को निर्देश देते हुए उस समय बढ़ाई गई फीस वापस कराई थी। इसके साथ ही उन्होंने जनेश्वर मिश्र को कॉलेज से निकाले जाने पर तत्कालीन शिक्षा मंत्री कलापति त्रिपाठी द्वारा उठाए गए कदम का भी उदाहरण दिया और बढ़ी फीस वापस लेने व छात्रसंघ बहाली की मांग की।

## बास्केटबॉल प्रतियोगिता में डीपीपीएस और रानी रेवती की जीत

द्वारिका प्रसाद पब्लिक स्कूल और रानी रेवती देव स्कूल ने लव श्रीवास्तव मेमोरियल इंटर स्कूल बास्केटबॉल प्रतियोगिता के बालक वर्ग में अपने मुकाबले जीते। बालिका वर्ग में पतंजलि ऋषिकुल और संस्कार पब्लिक स्कूल ने जीत दर्ज की। मेयोहाल में सोमवार को खेले गए बालक वर्ग के मुकाबले में डीपीपीएस ने संस्कार इंटरनेशनल स्कूल को और रानी रेवती देवी स्कूल ने एचटीएस को हराया। गुरुकुल मॉन्टेसरी ने बीएचएस बी को वॉकओवर दिया। बालिका वर्ग में पतंजलि ऋषिकुल ने इलाहाबाद पब्लिक स्कूल को और संस्कार इंटरनेशनल स्कूल ने डीपीपीएस को हराया। एमपीवीएम ने सेंट अंथोनी को और गुरुकुल मॉन्टेसरी ने रानी रेवती देवी स्कूल को वॉकओवर दिया।

# गैरहाजिर मिले दो हेडमास्टर व 15 शिक्षकों का वेतन रोका

### *पोर्टल पर हुए निरीक्षण की समीक्षा के बाद कार्रवाई*

रायबरेली। बेसिक शिक्षा विभाग में एक साथ 27 लोगों के खिलाफ कार्रवाई हुई है, जिसमें दो हेडमास्टरों और 15 शिक्षकों का वेतन रोक दिया गया। बाकी शिक्षामित्र और अनुदेशक हैं, जिनका मानदेय रोकने की कार्रवाई की गई। सभी लोग निरीक्षण में अनुपस्थित मिले थे। यह कार्रवाई प्रेरणा पोर्टल पर हुए निरीक्षण की समीक्षा के बाद की गई। यह निरीक्षण 6 से 15 सितंबर तक हुए थे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा है कि सभी लोगों को नोटिस जारी कर तीन दिन में स्पष्टीकरण भी मांगा गया है। बीएसए ने बताया कि तमनपुर की हेडमास्टर अर्चना वर्मा और बघौला के हेडमास्टर राकेश कुमार सिंह गैरहाजिर मिले तो दोनों का एक दिन का वेतन रोका गया। सहायक अध्यापकों में पस्तौर की पूजा श्रीवास्तव, सेहगों-प्रथम की अर्चना यादव, कसरावां की स्मिता यादव, गौरा खसपरी के नीरज कुमार, हरदी टीकर के पुष्पेंद्र कुमार, पूरे फूल सिंह के सुनील कुमार सिंह, अलीपुर के आशीष कुमार वाजपेयी, बघौला की मंजू, सुनीता, नीलम भगत, तबस्सुम नाज, प्रीति सिंह, स्वास्तिका सिंह, बैंती-प्रथम की सरिता अवस्थी, सूची की प्रभा सिंह गैरहाजिर मिली, जिनका एक दिन ( अनुपस्थित दिवस ) का वेतन रोक दिया गया है। बीएसए ने बताया कि शिक्षामित्रों में सरौरा की रचना शुक्ला, कसरावां की पुष्पा देवी, कुसुढ़ी सागरपुर के बृजपाल सिंह, बैंती-द्वितीय की शालिनी और अनुदेशकों में सेहगों के अरविंद कुमार वर्मा, तौली के पवन कुमार, भुएमऊ के अनिल कुमार साहू, पूरे लाल साहब की लक्ष्मी, बैंती के लाल बाबू व पूनम कुमारी भी अनुपस्थित पाई गई। इन सभी का एक दिन ( अनुपस्थित दिवस ) का मानदेय रोक दिया गया है। बीएसए ने कहा है कि अनुपस्थित मिले सभी लोगों से बीईओ के माध्यम से तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण मांगा गया है। संतोषजनक उत्तर न मिलने पर प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

## वॉलीबाल स्पर्धा में किन्नू स्कूल का दबदबा

रामपुर। रामपुर उपमंडल की 15/20 वैली के युवक मंडल गानवी की ओर से रैई मेले के उपलक्ष्य पर छात्रा वर्ग की वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ओपन स्तरीय स्पर्धा में भी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला किन्नू स्कूल की छात्राओं ने खिताब अपने नाम किया। 45वीं खेलकूद प्रतियोगिता में क्षेत्रभर की सर्वश्रेष्ठ 10 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का खिताबी मुकाबला किन्नू स्कूल की छात्राओं और गानवी के बीच खेला गया। इसमें किन्नू स्कूल की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वॉलीबाल के खिताब पर कब्जा किया। प्रतियोगिता में सिमरन को बेस्ट बूस्टर और दिव्यंका को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के खिताब से नवाजा गया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में जिला परिषद अध्यक्ष चंद्रप्रभा नेगी बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहीं। उन्होंने विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया और उन्हें जीवन में बागे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर मुख्यातिथि ने युवक मंडल की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण स्तर पर ऐसे आयोजनों से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने का मौका मिलता है। स्कूल के शारीरिक शिक्षक दुर्गा प्रसाद ने छात्राओं की उपलब्धि पर खुशी जाहिर की करते हुए उन्हें बधाई दी।

# अवशेष फीडबैक से गिरी जनपद की रैकिंग

सहारनपुर। कई विभागों के फीडबैक अवशेष होने के चलते जनपद की आईजीआरएस की मासिक रेंकिग में गिरावट आई है। इसके चलते जनपद को बॉटम 10 में शामिल किया गया है। इसको लेकर जिला प्रशासन ने सभी अधिकारियों को शिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश देते हुए चेतावनी दी कि इसमें कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनसुनवाई के दौरान,ऑनलाईन और मुख्यमंत्री के पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को भेजा जाता है। संबंधित अधिकारी इन शिकायतों का निस्तारण कर उसका डाटा भेजते हैं। जिसे जिलाधिकारी के पोर्टल के माध्यम से मुख्यमंत्री पोर्टल पर भेजा जाता है। इस निस्तारण को मुख्यमंत्री कार्यालय से क्रॉस चैक किया जाता है। जिससे यह पता लगाया जा सके कि शिकायतकर्ता संतुष्ट है या नहीं। इस बार अवशेष फीड बैक के चलते जनपद की रेंकिंग में गिरावट आई है। इनके अवशेष फीडबैक से गिरी रैंकिंग इस विभागों के अवशेष फीडबैक से जनपद में आईजीआरएस निस्तारण की रेंकिंग में गिरावट आई है। इनमें अधिशासी अभियंता विद्युत निगम सहारनपुर, अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड सहारनपुर, तहसीलदार नकुड़, तहसीलदार सदर, तहसीलदार देवबंद, पूर्ति निरीक्षक सहारनपुर, बेहट, नकुड़, देवबंद, रामपुर मनिहारान, सहायक विकास अधिकारी मुजफ्फराबाद, नागल, पुवारंका, बलियाखेड़ी, गंगोह, साढ़ौली कदीम, उपनिदेशक कृषि, खंड विकास अधिकारी सरसावा, गंगोह, मुजफ्फराबाद, अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण सेवा विभाग, अधिशासी अभियंता उत्तर प्रदेश जल निगम ग्रामीण, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता, प्रभागीय वन अधिकारी, अधिशासी अभियंता अपर खंड पूर्वी यमुना नहर, जिला विद्यालय निरीक्षक, उप जिलाधिकारी नकुड़, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक सहारनपुर आदि शामिल हैं।

जिन अधिकारियों की लापरवाही के चलते जनपद की रेंकिग गिरी है, उन्हें इसमें सुधार लाने के निर्देश दिए गए हैं।

## दो झोलाछापों के क्लीनिक सील

रामपुर। सीएमओ और एसडीएम के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सोमवार को शाहबाद में छापेमारी कर दो झोलाछापों के क्लीनिक सील कर दिए। दोनों के पास न तो क्लीनिकों के रजिस्ट्रेशन थे और न ही चिकित्सा की कोई डिग्री थी। सोमवार को सीएमओ एसपी सिंह और एसडीएम सुनील कुमार ने स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ शाहबाद में बिना पंजीकरण के संचालित हो रहे अस्पतालों पर छापेमारी की। स्वास्थ्य विभाग की टीम के नोडल अधिकारी डॉ. केके चहल ने नगर के मोहल्ला कानून गोयन में झोलाछाप के क्लीनिक पर छापेमारी की गई। पंजीकरण न होने पर क्लीनिक को सील कर दिया। वह प्राइमरी स्कूल में शिक्षक थे, निर्लंबित होने के बाद उन्होंने क्लीनिक खोल लिया था। इनकी शिकायत डीएम रामपुर से की गई थी। डीएम के निर्देशों पर यह कार्रवाई की गई है। दूसरी ओर कस्बे के मोहल्ला सादात में बिलाल मस्जिद के नीचे संचालित अपंजीकृत क्लीनिक को भी सील किया गया है। इनके पास भी कोई डिग्री और पंजीकरण नही था। स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई के दौरान अधिकतर अस्पताल संचालक अपने-अपने अस्पतालों को बंद करके फरार हो गए थे।

# मुस्लिम बाहुल्य सीट भाजपा के लिए चुनौती, समीकरण बैठा रहे राजनीतिक दल, इमरान बना रहे रणनीति

सहारनपुर। राजनीतिक दलों ने अपने समीकरण बैठाने शुरू कर दिए हैं। कद्दावर नेता इमरान मसूद को बसपा से निष्कासित किए जाने के बाद सियासी दलों की निगाहें उन पर टिकी हैं। वहीं इमरान भी अब नई रणनीति पर काम कर रहे हैं। हालांकि अभी इमरान अपने पत्ते नहीं खोल रहे हैं। लोकसभा चुनाव में भले ही अभी काफी समय बचा हो, लेकिन सभी राजनीतिक दलों ने अपने समीकरण बैठाने शुरू कर दिए हैं। सहारनपुर लोकसभा को मुस्लिम बाहुल्य सीट माना जाता है। इसका कारण है कि यहां पर मुस्लिम वोटरों की संख्या करीब सवा छह लाख से भी अधिक है। किस प्रत्याशी को लोकसभा तक पहुंचाना है इसमें मुस्लिम वोटरों की अहम भूमिका रहती है। 2019 में यह सीट हाथ से खिसकना भाजपा के लिए एक सीख थी, लेकिन इस बार भाजपा हर हाल में यह सीट पाना चाहती है।

पहली चुनौती मुस्लिम बाहुल्य सीट और दूसरा डर यह कि नोएडा के श्रीकांत त्यागी प्रकरण के बाद कहीं त्यागी समाज हाथ से छिटक न जाए। इसे देखते हुए संगठन ने पुनीत त्यागी को महानगर अध्यक्ष बनाकर दांव खेला है। यहां लोकसभा में त्यागी वोटरों की संख्या भी करीब 35 हजार से ज्यादा है। पुनीत त्यागी की संगठन में अच्छी पकड़ है और काफी पदों पर वह रह चुके हैं। लोकसभा में करीब 50 हजार से अधिक सैनी वोटर है। ऐसे में सैनी वोटर को साधने के लिए डॉ. महेंद्र सैनी को दोबारा जिलाध्यक्ष की कुर्सी पर बैठाया गया है।

**मुस्लिम-दलित पिच पर बैटिंग करना चाह रहे इमरान**

दूसरी तरफ, बसपा से निष्कासित होने के बाद पूर्व विधायक इमरान मसूद अपने पत्ते नहीं खोल रहे हैं, लेकिन अंदर ही अंदर दलित समाज को साधने के लिए द्वारे-द्वारे अभियान की रणनीति तैयार कर ली गई है। इमरान मसूद मुस्लिम समाज के कद्दावर नेता माने जाते हैं। बसपा से निष्कासन के बाद वह मुस्लिम और दलितों की पिच पर बैटिंग करना चाहते हैं।

अधिकतर मुस्लिम समाज उनके साथ रहता है, अगर दलित समाज भी जुड़ जाए तो सोने पर सुहागा हो जाएगा। इसी उद्देश्य के साथ इमरान दो अक्तूबर से गांधी जयंती पर गंगोह विधानसभा सीट से अभियान शुरू करने जा रहे हैं। जिसमें वोटरों की नब्ज टटोली जाएगी। हर विधानसभा में शनिवार और रविवार को घर-घर जाकर लोगों से ( खासकर दलित समाज ) मुलाकात करेंगे। हालांकि इमरान मसूद का कहना है कि यह अभियान संविधान बचाने के लिए होगा। जिसका समापन सहारनपुर नगर विधानसभा पर किया जाएगा।

सहारनपुर लोकसभा की जातिगत वोटरों पर नजर डालें तो करीब सवा छह लाख मुस्लिम, एक लाख गुर्जर, 40 हजार ठाकुर, एक लाख 15 हजार पंजाबी, 45 हजार वैश्य, ब्राह्मण और त्यागी 35 हजार वोट, सैनी 50 हजार, जाट 25 हजार और दलित वोटरों की संख्या करीब पौने चार लाख है।

## नेपाली समाज की महिलाओं ने मनाया तीज पर्व

प्रयागराज। तीज पर्व को लेकर सोमवार को पूरे दिन मंदिरों और घरों में महिलाएं पूजन में जुटी रहीं। इस मौके पर अखिल भारत नेपाली एकता समाज की तरफ से समाज की महिलाओं ने तीज पर्व मनाया। समाज की तरफ से सिविल लाइंस के प्रयाग महिला विद्यापीठ सभागार में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं ने नेपाली समाज के परंपरागत गीत और नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की शुरूआत देविका राना और खुशी थापा के स्वागत गीत की प्रस्तुति से हुई। इसके बाद सपना थापा, संस्कृति और पिडकी सेर्वा ने पर्यावरण संरक्षण पर केंद्रित नेपाली लोकगीत की प्रस्तुति दी। इस मौके पर मुख्य अतिथि केंद्रीय समिति के सदस्य राम प्रसाद वस्थाल मौजूद रहे। अध्यक्षता महिला नगर विभाग की संयोजक गोमा थाम और संचालन सचिव सविता शर्मा ने किया।

# केमरी राइस मिल पर 28वें दिन भी जारी रहा किसानों का धरना

रामपुर। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक का धरना केमरी राइस मिल पर 28वें भी दिन भी जारी रहा। जिसमें किसानों ने बैंक अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। साथ ही मांग पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। जिलाध्यक्ष अजय बाबू गंगवार ने कहा कि मिल के जनरल मैनेजर की मिलीभगत से कुछ भूमाफिया ने 1.35 करोड़ में नीलाम करा दिया। जबकि केमरी निवासी एक व्यक्ति ने मिल खरीदने के लिए 2.10 करोड़ का एफिडेविट दिया है। इससे साफ हो चुका है कि मिल की नीलामी में पहले बड़ी धांधली हुई है। उन्होंने चेतावनी दी है कि आज बैंक के जनरल मैनेजर के पुतले की अर्थी निकालकर रामपुर तिराहे पर दहन किया जाएगा। इस बीच बरेली मंडल अध्यक्ष मिल प्रकरण में संज्ञान लेने पहुंचे। मंडल अध्यक्ष अरुण राठी ने कहा कि 20 सितंबर को बरेली मंडल के सभी जिले के जिलाध्यक्ष मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन राइस मिल प्रकरण के संबंध में अपने जिले के जिलाधिकारी को देंगे। कहा कि अब प्रशासन को जल्द से जल्द मिल की नीलामी दोबारा करा देनी चाहिए। साथ ही उन्होंने 25 सितंबर को लखनऊ में होने वाली महापंचायत में शामिल होकर सफल बनाने का आह्वान किया। इस दौरान सुरेंद्र खन्ना, प्रेमपाल सिंह, ठाकुर लक्ष्मी चौहान, वीरेंद्र गंगवार, सरदार शमशेर सिंह, मनजिंदर सिंह गिल, सर्वजीत सिंह, किरण, वीरेंद्र गंगवार, भोपराम, अनोखेलाल, नवी शेर, हरपाल सिंह, ठाकुर, शेखर सिंह, लालाराम, हरिशंकर, जमुना, नाथूलाल, महेंद्र पाल, कपिल चौधरी, अफजाल, विवेक राठी, मुनीश चंद्र, कल्लू पांडे, ओमकार पांडे, महेश बाबू गंगवार, सरिता आदि किसान मौजूद रहे।

## युवक-युवती की मौत से हर कोई हैरान, बेसुध हालत में मिली थी लड़की, डेथ का कारण आया सामने

सहारनपुर। युवक और युवती की मौत से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।बताया गया कि लड़की बेसुध हालत में मिली थी। दोनों की डेथ का ये कारण सामने आया है। सहारनपुर में बिहारीगढ़ थाना क्षेत्र के गांव टांडा मिश्री में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक और युवती की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। दोनों की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिए।

वहीं, प्राथमिक जांच में आया है कि दोनों की मौत जहरीले पदार्थ के कारण हुई है। किसी के भी परिजनों ने थाने में तहरीर नहीं दी है।

सोमवार की शाम टांडा मिश्री का रक्षित ( 19 ) पुत्र विनोद कुमार लड़खड़ाते हुए घर पहुंचा। परिजन जब तक कुछ समझ पाते वह बेसुध होकर जमीन पर गिर पड़ा। परिजन आनन फानन उसे बिहारीगढ़ निजी चिकित्सक के यहां लाए, जहां से गंभीर होने पर उसे सहारनपुर भेज दिया। इसी बीच रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। इसके बाद परिजन शव को घर ले आए।

उधर, इसी गांव की रहने वाली सुजाता ( 18 ) पुत्री पूरण सिंह प्राथमिक स्कूल के पीछे बेसुध हालत में पड़ी मिली। परिजन उसे लेकर पहले बिहारीगढ़ आए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे सहारनपुर नर्सिंग होम में ले गए। वहां देर रात उसने भी दम तोड़ दिया। इसके बाद दोनों के परिजनों ने पुलिस को खबर कर हादसे की सूचना दी। पुलिस ने युवक और युवती के शवों को कब्जे में लेकर उनका पोस्टमार्टम कराया। थानाध्यक्ष बीनू सिंह ने बताया कि दोनों के परिजनों ने तहरीर देने से मना करते हुए किसी भी कानूनी कार्रवाई से इंकार किया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही मौत की वजह पता चल सकेगी। यदि रिपोर्ट में कुछ भी संदिग्ध आता है तो जांच की जाएगी।

**दो मौतों से गांव में पसरा है मातम**

रक्षित जहां चार भाई बहनों में सबसे छोटा था, वहीं सुजाता भी चार भाई बहनों में दूसरे नंबर की थी। उसके पिता की मौत हो चुकी है। गांव में एक साथ हुई दो मौत से मातम पसरा है। पोस्टमार्टम के बाद पहले रक्षित का अंतिम संस्कार किया था। इसके एक घंटा बाद सुजाता के शव का अंतिम संस्कार किया गया।

## कर्ज से परेशान ट्रांसपोर्टर ने फंदे पर लटककर की आत्महत्या

सहारनपुर। थाना कुतुबशेर क्षेत्र में शुगर मिल की खाली पड़ी जगह पर बैंक के कर्ज से परेशान ट्रांसपोर्टर ने पेड़ पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पता लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। कोतवाली सदर बाजार क्षेत्र मोहल्ला अंकित विहार निवासी अमरीश शर्मा ( 41 ) पुत्र ऋषिपाल शर्मा ट्रांसपोर्टर था। पुलिस के मुताबिक अमरीश पर बैंक का कर्ज हो गया था, जिसकी वजह से परेशान चल रहा था। सोमवार की सुबह ट्रांसपोर्टर घर से बाइक पर निकला। दोपहर को कुछ लोगों ने सर्किट हाऊस के बराबर में शुगर मिल के खाली पड़ी जगह पर पेड़ से लटका उसका शव देखा। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। अमरीश ने गमछे से फंदा लगाया था और उसकी बाइक वहीं खड़ी थी और मोबाइल फोन जमीन पर पड़ा था। पुलिस ने शव को पेड़ से उतरवाया। पता लगने पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल भिजवाया। पूर्व सांसद ने राघव लखनपाल शर्मा ने जिला अस्पताल पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी। वहां पूर्व महापौर संजीव वालिया भी पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाई। परिजनों का कहना था कि कर्ज की वजह अमरीश परेशान था, ऐसी कोई जानकारी नहीं।

# भगवान गजानन के जयकारों से गूंज उठी नगरी, रथ यात्रा में शामिल हुए सवा लाख श्रद्धालु

संभल। रथ यात्रा के दौरान चंदौसी ढोल और हंसते-हंसाते गुड्डा-गुडिया और भगवान शिव की साईं पालकी की झांकी निकाली गई। यात्रा में भगवान शिव का अघोरी रूप आकर्षण का केंद्र रहा। पूना बैंड पर बज रहे भक्ति संगीत ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया है चंदौसी में मंगलवार को गणेश चौथ पर उत्तर भारत की सबसे बड़ी और भव्य रथयात्रा निकाली गई। माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी ने फीता काटकर रथयात्रा की शुरुआत की। यात्रा में शामिल 17 झांकियां और 36 कलाकृतियों को देखने के लिए करीब सवा लाख श्रद्धालु उमड़े। सुरक्षा व्यवस्था के लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। अंत में गणेश की मुख्य प्रतिमा की डीएम मनीष बंसल व एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने आरती की। मुंबई के बाद चंदौसी में गणेश चतुर्थी पर भगवान गणपति की विशाल रथयात्रा निकाली जाती है। नगर में निकाली गई रथयात्रा में सबसे आगे इस्लामनगर से आए तड़वड़िया निकाले गए। इसके पीछे चंदौसी ढोल और सभी को हंसते-हंसाते गुड्डा-गुडिया की झांकी और भगवान शिव की साईं पालकी निकाली गई। यात्रा में भगवान शिव का अघोरी रूप आकर्षण का केंद्र रहा।

**शिव-पार्वती की झांकी ने लुभाया**

शाहबाद, बिलारी के ढोल पर श्रद्धालु जमकर थिरके। भगवान शिव-पार्वती की झांकी ने सभी को लुभाया। धरती का उद्धार करते वराह भगवान व मां सरस्वती की झांकी और सफेद हंस पर सवार गणेशजी की छटा देखते ही बन रही थी। पूना बैंड पर बज रहे भक्ति संगीत ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया है। विजय बैंड के पीछे चल रही बाबा खाटूश्याम की झांकी सभी का ध्यान अपनी ओर खींच रही थी। गणेश चूहा की झांकी ने सभी को आकर्षित कर दिया है। हाथ पैर चलाता विशालकाय चूहा और उसके आगे रस्सी में नथ कर अपने साथ ले जाते गणेशजी महाराज मनमोहक लग रहे थे।

**मेरठ के ढोल पर झूम श्रद्धालु**

बिलारी शाहबाद की झांकी के पीछे मेरठ के ढोल पर श्रद्धालु खूब झूमे। मां दुर्गा और घरेलू सामान से सजी बाहुबली हनुमान की झांकी बहुत सुंदर लग रही थी। इसमें साबुन, शैम्पू से लेकर तेल की शीशी और बर्तन साफ के जूना शामिल थे।

हवा में खेलते हनुमान और उनके ऊपर बैठे गणेशजी की स्वचालित झांकी से नजर नहीं हट रही थी। राफेल लडाकू विमान, तोप, सैनिक और भारत मात की झांकी में देशभक्ति की झलक दिखाई दी। इसके बाद झांकी में मक्खन मथते हुए गणेश जी को दिखाई गया। स्वचालित झांकी ने उसे जीवंत कर दिया।

**आर्टिफिशियल कौड़ी से बनी थी गणेशजी की झांकी**

माता महाकाली पांच मुखों का विशाल रूप उनकी शक्ति को प्रदर्शित कर रहा था। भगवान शिव के नृत्य करती झांकी ने सभी को अपनी ओर आकर्षित किया। महाकाल की पाल सजाई गई। कारसेवक कंधे पर लेकर चले। इसके बाद महाप्रभु गणेश की झांकी रही। यह झांकी आर्टिफिशियल कौड़ी से सजाई गई। चूहे पर सवार गणेश मनमोहक लग रहे थे। इसके बाद स्मृति रथ पर डॉ. गिरिराज किशोर गुप्ता का चित्र था। संकीर्तन हरे रामा हरे कृष्णा के पीछे महारथ महाप्रभु गणेश जी थे और सबसे पीछे प्रसाद वाहन चल रहा था।

**इन मार्गों से होकर निकली रथयात्रा**

गणेश चतुर्थी पर सीता रोड स्थित गणेश मंदिर से भगवान गणेश की रथयात्रा निकाली गई। यह गणेश मंदिर से शुरू होकर मनिहार चौक, मोहल्ला सुंदर, बिसौली गेट, पुरानी पैंट, बड़ा बाजार, घंटाघर, फड़वाई बाजार, ब्रह्म बाजा, कैथल गेट, मेला ग्राउंड के पास से गुजरती हुई पुनः गणेश मंदिर पर जाकर समाप्त हुई।

# बुखार से तीन और मौत, डेंगू के तीन मरीज मिले, दो हुए भर्ती

सहारनपुर। जिले में जानलेवा बुखार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। साढ़ौली कदीम, देवबंद और तीतरो क्षेत्र में दो युवकों और एक किशोरी की बुखार से मौत हो गई। मौत से परिवार में कोहराम मच गया। वहीं, डेंगू के तीन नए मामले मिले है, जबकि दो पीड़ितों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया। साढ़ौली कदीम के गांव फैजाबाद निवासी दिलशाद ( 25 ) पुत्र लियाकत राज मिस्त्री का कार्य करता था। दो दिन पूर्व शनिवार को बुखार आया। उसके बाद परिजनों ने पहले गांव में ही निजी चिकित्सक के यहां इलाज कराया। लेकिन जब कोई आराम नहीं मिला तो वह अगले दिन खिदराबाद एक निजी हॉस्पिटल में ले गए। वहां से यमुनानगर स्थित एक निजी हॉस्पिटल लेकर गए। सोमवार सुबह करीब चार बजे उसकी मौत हो गई।दिलशाद की एक बेटी और एक बेटा है। पत्नी शमीना का भी रो-रोकर बुरा हाल है। माता-पिता बेटे के जाने के गम में बेहाल है।

देवबंद क्षेत्र के गांव इस्माईलपुर गुर्जर में कंवरपाल का 32 वर्षीय पुत्र पिंका कई दिनों से बुखार से पीड़ित था। जिसका गांव में ही उपचार चल रहा था। ग्रामीणों के मुताबिक रविवार को हालत बिगड़ने पर परिजन उसे यमुनानगर लेकर जा रहे थे। लेकिन देर रात की उसकी मौत हो गई। मृतक पिंका का सोमवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया। तीतरों थाना क्षेत्र के गांव माधोपुर में सोमवार को शिवकुमार की बेटी सिमरन की बुखार से मौत हो गई। वह 15 दिनों से बीमार थी। परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया था। वहीं, गंगोह सीएचसी प्रभारी डॉ. रोहित वालिया ने बताया कि किशोरी की मौत कैसे हुई, इसकी जांच कराई जाएगी। उधर, सोमवार को डेंगू के तीन मरीज और मिले हैं, जिनमें दो सरसावा और एक नकुड़ का रहने वाला है। जबकि राजकीय मेडिकल कॉलेज में सात डेंगू पीड़ित भर्ती हैं। चार मरीज डिस्चार्ज हुए। उनकी जगह पर दो नए मरीज भर्ती किए गए। अब जिले में डेंगू के 129 मामले सामने आ चुके हैं।

**गांवों में तेजी से फैला बुखार**

साढ़ौली कदीम क्षेत्र के गांव फैजाबाद में असगर, शाहिद, अब्दुर्रहमान, नौशाद, राजेंद्र, सुभाष, रफीकन, जाहिदा, लियाकत, इस्लाम, तासीन, दिलशाद, साजिद सहित काफी संख्या में ग्रामीण बुखार से पीड़ित है। जबकि गांव फतेहपुर के पूर्व प्रधान नौशाद चौधरी, इसी गांव के निवासी राजकुमार, नीलम, लियाकत, गालिब, वहीद,रोहताश, संजू, रमेश कश्यप, मेग्घा, चंद्रभान, राजपाल, पवन, साजिद सहित अन्य कई ग्रामीणों को कई दिनों से बुखार है।

**35 से अधिक लोग बीमार**

देवबंद के गांव इस्माईलपुर में बुखार से संदीप, सोनी, गीता, मानू, महक सिंह, गुरमीत, विपिन और तीरथ समेत बड़ी संख्या में लोग बीमार हैं। जिनका देवबंद समेत अन्य प्राइवेट अस्पतालों में उपचार चल रहा है। कुछ ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में फॉगिंग नहीं कराई जा रही है। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य शिविर लगाए जाने की मांग की है।

**प्लेटलेट्स देकर भाईचारे की मिसाल पेश की**

पार्षद मंसूर बदर के बेटे शायान बदर को कई दिनों से बुखार आ रहा। उसकी प्लेटलेट्स 22 हजार रह गई थी। डॉक्टर ने प्लेटलेट्स का जंबो पैक चढ़वाने की सलाह दी। इसके बाद मंसूर बदर ने शानू और आनंद भाटिया से संपर्क किया। इसके बाद तमाम लोग खून देने के लिए पहुंच गए। गौरव शर्मा ने प्लेटलेट्स देकर साबित किया कि भाईचारे से बढ़कर कुछ नहीं है।

## युवती के साथ गैंगरेप में दो पर केस, अश्लील फोटो वायरल

प्रतापगढ़ । युवती से गैंगरेप के आरोप में दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों ने सोशल मीडिया पर युवती की अश्लील फोटो भी वायरल कर दी है। पुलिस ने केस दर्ज कर युवती को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

सांगीपुर के एक गांव निवासी बीस वर्षीय युवती का आरोप है कि राजमतीपुर पूरे बक्सी निवासी सौरभ उर्फ लल्लू व रामजाने वर्मा ने उसके साथ घर में घुसकर गैंगरेप किया। उसका अश्लील वीडियो भी बनाया, जिसे वायरल करने की धमकी देकर कई बार दुष्कर्म किया। शिकायत करने पर उसके दिव्यांग पिता के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों ने उसकी अश्लील फोटो भी सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म, मारपीट व धमकी का केस दर्ज कर लिया। पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। सांगीपुर एसओ मनोज कुमार यादव ने बताया कि शिकायत पर केस दर्ज कर पीड़िता का मेडिकल कराया जा रहा है। आरोपियों की तलाश जारी है।

# घर-घर विराजे गणपति बप्पा, ढोल नगाड़ों संग निकाली शोभायात्रा, गणेश उत्सव में रंगे लोग

संभल। जिले में गणेश चतुर्थी पर सुबह से ही श्रद्धालुओं में अलग उत्साह देखने को मिला। नगर के हल्लूसराय स्थित श्री चामुंडा मंदिर से श्रद्धालुओं ने गणपति स्थापना से पहले धूमधाम से शोभायात्रा निकाली। डीजे साउंड पर नाचते गाते श्रद्धालुओं ने जमकर गुलाल उड़ाया। संभल में गणेश चतुर्थी के अवसर पर शहर का माहौल गणपति की भक्ति में रंगा नजर आया। शहर के गली, मोहल्लों और मंदिरों से लेकर घर-घर में विधि-विधान से पूजा अर्चना करके गणपति की प्रतिमाएं स्थापित की गईं। इससे पहले श्रद्धालुओं ने धूमधाम से शोभायात्रा निकाली। डीजे-साउंड पर थिरकते हुए जमकर गुलाल उड़ाया। भोग लगाकर श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान शहर में गणपति बप्पा मोरिया, मंगल मूर्ति मोरिया जैसे जयकारे भी लगे। मंगलवार गणेश चतुर्थी पर सुबह से ही श्रद्धालुओं में अलग ही उत्साह देखने को मिला। नगर के हल्लूसराय स्थित श्री चामुंडा मंदिर से श्रद्धालुओं ने गणपति स्थापना से पहले धूमधाम से शोभायात्रा निकाली।

डीजे साउंड पर नाचते गाते श्रद्धालुओं ने जमकर गुलाल उड़ाया। शोभायात्रा के आगे महिलाएं कलश लिए चल रही थीं। शोभायात्रा चामुंडा मंदिर से प्रारंभ होकर बरेली सराय, सूर्यकुंड मंदिर, कोटपूर्वी, सरथल चौकी से होते हुए वापस चामुंडा मंदिर पर पहुंचकर संपन्न हुई।

इसके बाद गणपति की प्रतिमाओं का पूजा अर्चना कर श्रद्धालुओं ने अपने घरों में गणपति की प्रतिमाओं को विराजमान किया। विधि विधान से पूजा अर्चना कर श्रद्धालुओं ने भोग लगाया। इसके अलावा मोहल्ला बरेली सराय, कोटपूर्वी, आलम सराय, शहजादी सराय और कस्बा सिरसी स्थित चामुंडा मंदिर पर भी गणपति की विधि विधान से पूजा अर्चसा कर स्थापना की गई। दूसरी ओर, श्री वार्ष्णेय युवा गणेश समिति सरायतरीन के तत्वाधान में गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में सेठों गली में विघ्नहर्ता गणेश जी की स्थापना विधि विधान से की गई। गाजे बाजे के साथ नगर के विभिन्न मार्गों से शोभायात्रा निकाली गई। जिसका शुभारंभ क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल ने किया।

**भगवान गणेश को कराया नगर भ्रमण**

बहजोई में गणेश चतुर्थी पर भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं ने प्रतिमाओं का नगर भ्रमण कराया। मोहल्ला नारायन टोला और इस्लानगर चौराहा से भगवान गणेश की प्रतिमाओं को नगर भ्रमण कराया गया। नगर भ्रमण यात्रा विभिन्न गली-मोहल्लों समेत मुख्य मार्गों से होते हुए गंतव्य पर पहुंचकर पूरी हुई। इस बीच कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने गणेश प्रतिमा की आरती कर प्रसाद बांटा।

